3 राजधानी
किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में कराएं संपत्ति पंजीकरण

6 अभिमत
पुरानी पेंशन योजना की विभीषिका

11 विदेश
चीन में भूकंप पीड़ितों के लिए ठंड बनी चुनौती

12 स्पोर्ट्स
दक्षिण अफ्रीका को भारत ने हराया

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 48
नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



जाति जनगणना का उपयोग समाज के समग्र विकास के लिए हो
राष्ट्रीय-10

# अभूतपूर्व रहा संसद का शीतकालीन सत्र

## 146 निलंबित सांसदों की अनुपस्थिति में महत्वपूर्ण विधेयक हुए पारित

दीपक कुमार झा। नई दिल्ली

**लोकसभा** और राज्यसभा द्वारा लंबित महत्वपूर्ण विधेयकों को दोनों सदनों में विपक्षी दलों की पूर्ण अनुपस्थिति में पारित किए जाने के बाद, इसे अभूतपूर्व बनाते हुए, निर्धारित समय से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को संसद को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और प्रेस पंजीकरण प्रक्रिया सहित महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के बाद स्थगित कर दी गई, राज्यसभा ने तीन आपराधिक विधेयकों और दूरसंचार विधेयक जैसे महत्वपूर्ण कानूनों को पारित कर दिया।

आखिरी बार जब इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को 15 मार्च 1989 को लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ द्वारा दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में निलंबित किया गया था। बजट सत्र के दौरान विपक्षी बेंच के कुल 63 सांसदों को शेष सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया, जो तीन दिन का था। सूत्रों ने बताया कि आठवीं लोकसभा के दौरान निलंबित सांसदों में वीपी सिंह, सोमनाथ चटर्जी, वीसी शुक्ला, इंद्रजीत गुप्ता, एस जयपाल रेड्डी शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के शीतकालीन सत्र के अनिश्चित



नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा में चर्चा में भाग लेते गृह मंत्री अमित शाह।

काल के लिए स्थगित होने के बाद बृहस्पतिवार को एक पारंपरिक बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात की, जिसके दौरान सरकार का विधायी एजेंडा पारित किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोदी ने सभी को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता आम तौर पर प्रत्येक संसद सत्र की समाप्ति के बाद स्पीकर से मिलने जाते हैं।

विपक्षी नेता जिनमें से अधिकांश को संसद में सुरक्षा उल्लंघन की एक घटना पर लगातार विरोध प्रदर्शन के लिए दोनों सदनों से निलंबित कर दिया गया था, बैठक से दूर रहे। बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और प्रल्हाद जोशी के अलावा बीजू जनता दल (बीजद) के भर्तृहरि महताब और शिवसेना के राहुल शेवाले समेत अन्य नेता मौजूद थे। लोकसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने से पहले, विपक्ष के तीन और सांसदों को 'शेष' शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया, जिससे निचले सदन में अनियंत्रित व्यवहार और कदाचार के लिए निलंबित सांसदों की कुल संख्या 100 हो गई। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को डी के सुरेश, दीपक बैज और नकुल नाथ के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तीनों सांसदों को सदन में विरोध करने की चेतावनी दी थी।

इसके साथ, 14 दिसंबर से अब तक लोकसभा और राज्यसभा से अनियंत्रित व्यवहार के लिए निलंबित किए गए सांसदों की कुल संख्या अभूतपूर्व रूप से 146 हो गई है। दोनों सदनों में विपक्ष 13 दिसंबर को सुरक्षा उल्लंघन को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था।

लोकसभा ने बुधवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए तीन प्रमुख विधेयक पारित किए, जिसके बाद बृहस्पतिवार को राज्यसभा में भी इसे पारित किया गया। विधेयक पेश किए जाने के बाद उच्च सदन में अपने जवाब के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण आतंकवाद के कारण 70,000 से अधिक लोग मारे गए। गृह मंत्री ने कहा, हम अगस्त 2019 से इस पर विचार-विमर्श और चर्चा कर रहे थे। मुझे आज इसे प्रस्तुत करते हुए खुशी हो रही है। सिर्फ कानूनों के नाम ही नहीं बदले गए हैं, बल्कि उनके उद्देश्यों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश शासन की रक्षा के लिए ( शेष पेज 9 )

### सीआईएसएफ करेगी संसद की सुरक्षा




**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद भवन परिसर में सुरक्षा में हुई चूक की हालिया घटना के मद्देनजर इसकी व्यापक सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपने का फैसला किया है। सीआईएसएफ एक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) है जो वर्तमान में परमाणु और एयरोस्पेस डोमेन (उड़ान उद्योग संबंधी) के अंतर्गत प्रतिष्ठानों, असैन्य ( शेष पेज 9 )



पुंछ में सेना के इन्हीं वाहनों को आतंकियों ने बनाया निशाना

## आतंकवादी हमले में चार सैनिक शहीद

**पुंछ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर बृहस्पतिवार को घात लगाकर हमला कर दिया, जिसमें चार सैनिक शहीद हो गए और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शहीद होने वाले सैनिकों में बिरेंद्र कुमार, करण कुमार, चंदन कुमार और गौतम कुमार हैं। घायल जवानों में संदीप कुमार, श्याम सुंदर दास और टोडमल ध्यानेश्वर हैं। अधिकारियों ने बताया कि सैन्यकर्मियों को एक घेराबंदी और तलाशी अभियान स्थल पर ले जा रहे वाहनों पर सुरनकोट थाना के अंतर्गत आने वाले ढेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार ( शेष पेज 9 )

## डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष बने बृजभूषण के करीबी संजय सिंह, साक्षी ने कुश्ती से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के कई बार लंबित हुए चुनावों में बृहस्पतिवार को यहां अध्यक्ष पद पर आसान जीत दर्ज करने में सफल रहे। उनके पैनल ने 15 में से 13 पद पर जीत दर्ज की। चुनावों के नतीजों ने प्रदर्शनकारी पहलवानों को काफी निराश किया और ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने खेल से संन्यास लेने का फैसला किया। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय को 40 जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी और राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण को सिर्फ सात ( शेष पेज 9 )

## मोदी पर राहुल की टिप्पणी पर आठ हफ्ते में फैसला ले आयोग: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए की गई कथित जेबकतरे वाली टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जारी किए गए नोटिस पर आठ सप्ताह के भीतर निर्णय ले। कांग्रेस नेता ने पिछले महीने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए जेबकतरे और अन्य टिप्पणियां की थी। अदालत उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें गांधी के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ राजनीतिक नेताओं द्वारा इस तरह के कदाचार को रोकने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य ( शेष पेज 9 )

## पत्रकारों के हितों के बारे में बोले अनुराग ठाकुर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्र** ने बृहस्पतिवार को प्रेस की स्वतंत्रता के समर्थन में एक ऐतिहासिक विधेयक पारित किया और इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में पत्रकारों पर हो रहे लगातार हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य से मीडियाकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। लोकसभा के एक ऐतिहासिक निर्णय में, प्रेस और पुस्तकों के पंजीकरण अधिनियम, 1867 के औपनिवेशिक युग के कानून को निरस्त करते हुए प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण विधेयक, 2023 को पारित किया गया। यह विधेयक पत्रिकाओं के शीर्षक आवंटन और पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ बिना किसी भौतिक सत्यापन किया जा सकेगा। इस बिल को मानसून सत्र में राज्यसभा द्वारा पहले ही पारित किया जा चुका है।

इससे पहले दिन में राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कानून एवं व्यवस्था राज्य का विषय है और राज्य सरकार को मीडियाकर्मियों को स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए माहौल उपलब्ध कराना चाहिए। ठाकुर टीएमसी सदस्य डोला सेन द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जो उस समय सदन में मौजूद नहीं थीं। ज्ञात रहे कि डोला सेन को कुछ अन्य सांसदों के साथ शेष शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया



गया है। पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्य प्रश्न पश्चिम बंगाल के एक सांसद ने पूछा था जो सदन में नहीं है।

ठाकुर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में एक के बाद एक कई घटनाएं हुई हैं और पत्रकारों पर जानलेवा हमलों की खबरें आ रही हैं। वे असुरक्षित महसूस करते हैं और यह चिंता का विषय है। मंत्री ने बताया कि अक्टूबर 2015 में निकाय चुनाव के दिन लगभग 20 पत्रकारों को पीटा गया और उनके माइक और कैमरे तोड़ दिए गए। फरवरी 2022 में दमदम और मिदनापुर में चार पत्रकारों को पीटा गया। 2023 के पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान ( शेष पेज 9 )

## समय से पहले कमजोर पड़ने लगा इंडिया गठबंधन

### ● सीट बंटवारे पर बढ़ी तल्खी, बंगाल कांग्रेस नेता चाहते हैं 6-8 सीटें, टीएमसी दे सकती है सिर्फ दो सीटें

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बीच बढ़ती तल्खी के कारण चुनाव से




पहले होने वाले गठबंधन की संभावना कमजोर पड़ने लगी है।

कांग्रेस ने टीएमसी से राज्य में 6 से 8 सीट मांगी है। जबकि 2019 के आम चुनावों में टीएमसी ने 42 में से 22 सीटों पर जीत दर्ज की थी, वहीं भाजपा ने जबरदस्त बढ़त हासिल करते हुए 18 सीटों पर विजयी हुई थी। जबकि कांग्रेस को केवल 2 सीटें मिली थीं। राज्य में आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ जब वामपंथियों को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली।

बंगाल के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं अधीर चौधरी, दीपा दासमुंशी, एएच खान चौधरी और शंकर मालाकार ने इससे संबंध में पहले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उसके बाद राहुल गांधी से मुलाकात कर राज्य में 6 से 8 सीटों की अपनी मांग से अवगत कराया।

प्रदेश कांग्रेस के सूत्रों ने कहा, राज्य में गठबंधन सम्मानजनक स्तर पर होना चाहिए। पीसीसी सूत्रों ने बताया कि पार्टी की बंगाल इकाई ने दार्जिलिंग, रायगंज, मालदा दक्षिण, मुर्शिदाबाद, पुरुलिया और यदि संभव हो तो ( शेष पेज 9 )

## सुरक्षा में चूक: पूर्व डीएसपी के बेटे समेत दो हिरासत में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/बेंगलुरु

**दिल्ली** पुलिस ने संसद भवन की सुरक्षा में चूक के मामले में एक सेवानिवृत्त डीएसपी के बेटे को कर्नाटक के बागलकोट से हिरासत में लिया, जबकि मैसुरु में एक सैलून मालिक से पूछताछ की गई। वहीं दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए एक अन्य व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के जालौन के अतुल कुलश्रेष्ठ के रूप में की गई है।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अतुल, जिसे 'बच्चा' के नाम से भी जाना जाता है, का

### ● पकड़े गए चारों आरोपियों की हिरासत 15 दिनों के बढ़ी, सभी का मनोविश्लेषण परीक्षण भी होगा

कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और न ही कोई राजनीतिक संबद्धता है, लेकिन वह छात्र जीवन से ही शहीद भगत सिंह की विचारधारा के प्रति भावुक था। वह फेसबुक पर संसद में घुसपैठियों के साथ चैट करते हुए रिकॉर्ड में पकड़ा गया था। जिसके बाद पूछताछ के लिए दिल्ली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अतुल भगत सिंह फैंस क्लब से जुड़ी बैठकें आयोजित करता था और उसने किसान आंदोलन में भी हिस्सा लिया था। अतुल के दो बेटे और एक बेटी है।

बेंगलुरु में पेशे से इंजीनियर और सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के बेटे साईकृष्ण जगली को बुधवार रात जिला मुख्यालय बागलकोट के विद्यागिरी स्थित उसके घर से पकड़ा गया। जगली बेंगलुरु में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करता है और ( शेष पेज 9 )

## दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील रहें राजनीतिक पार्टियां: निर्वाचन आयोग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने राजनीतिक दलों के नेताओं और उम्मीदवारों से अपने सार्वजनिक भाषणों में दिव्यांग व्यक्तियों के बारे में अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं करने को कहा है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि किसी भी राजनीतिक दल के सदस्यों और उनके उम्मीदवारों को अपने भाषण में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल को उनके अपमान के रूप में समझा जा सकता है।

बुधवार को राजनीतिक दलों को जारी एक परामर्श में निर्वाचन आयोग ने कहा कि लोकतंत्र की नींव चुनावी प्रक्रिया में सभी समुदायों के प्रतिनिधित्व में निहित है। हाल में आयोग को दिव्यांग लोगों (पीडब्ल्यूडी) के बारे में राजनीतिक चर्चा में अपमानजनक या आक्रामक भाषा के उपयोग के बारे में अवगत कराया गया है। परामर्श में कहा गया है कि किसी भी राजनीतिक दल के सदस्यों या उनके उम्मीदवारों द्वारा भाषण/चुनाव प्रचार

### ● दलों से दिव्यांगों के बारे में अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं करने को कहा

अभियान में इस तरह के शब्दों का उपयोग, दिव्यांग व्यक्तियों के अपमान के रूप में समझा जा सकता है। परामर्श में कहा गया है कि इस तरह की भाषा के सामान्य उदाहरण जैसे कि गूंगा, मंदबुद्धि (पागल, सिरफिरा), अंधा (काना), बहरा, लंगड़ा (लूला, अपाहिज) हैं। आयोग ने कहा, ऐसी अपमानजनक भाषा के प्रयोग से बचना जरूरी है। राजनीतिक विमर्शाअभियान में दिव्यांगजनों को न्याय और सम्मान देना होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार विभिन्न मंचों पर इस बात पर जोर दे चुके हैं कि दिव्यांगजन वास्तव में हमसे अधिक सक्षम हैं। उनके पास हमसे भी बेहतर क्षमताएं हैं, इसलिए उन्हें हर स्तर पर समानता और पहुंच की जरूरत है न कि केवल सहानुभूति की।




परामर्श में कहा गया है कि राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को अपने लेखन या राजनीतिक अभियान में किसी भी सार्वजनिक भाषण के दौरान मानवीय अक्षमता के संदर्भ में दिव्यांगता, दिव्यांगता से संबंधित शब्दों का उपयोग नहीं करना चाहिए।

परामर्श में यह भी कहा गया है कि राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को दिव्यांगता से संबंधित टिप्पणियों से सख्ती से बचना चाहिए जो आक्रामक या रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रहों को कायम रखने वाली हो सकती हैं। परामर्श में चेतावनी दी गई है, ऐसी भाषा, शब्द, संदर्भ, उपहास, अपमानजनक संदर्भ या दिव्यांगजनों के लिए अपमानजनक शब्द... का कोई भी उपयोग दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 92 के प्रावधानों का उल्लंघन हो सकता है। परामर्श के अनुसार, राजनीतिक दल पार्टी और जनता के व्यवहार संबंधी अवरोध को दूर करने और समान अवसर प्रदान करने के लिए सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं जैसे स्तरों पर अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को शामिल करने का प्रयास कर सकते हैं।

परामर्श में कहा गया है कि भाषणों, सोशल मीडिया पोस्ट, विज्ञापन और प्रेस विज्ञप्तियों सहित सभी अभियान सामग्रियों में इस तरह की भाषा के प्रयोग की पहचान और उसे सुधारने के लिए राजनीतिक दल के भीतर एक आंतरिक समीक्षा प्रक्रिया होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग ने सलाह दी, सभी राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए और अपनी वेबसाइट पर घोषित करना चाहिए कि वे दिव्यांगता और लैंगिक रूप से संवेदनशील भाषा और शिष्टाचार का उपयोग करेंगे और साथ ही अंतर्निहित मानवीय समानता, गरिमा और स्वायत्तता का सम्मान करेंगे। इसने राजनीतिक दलों से दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर सम्मेलन में उल्लिखित मानवाधिकार-आधारित शब्दावली का उपयोग करने और किसी अन्य शब्दावली की ओर झुकाव नहीं रखने को भी कहा। दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र की एक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संधि है जिसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करना है।

सभी राजनीतिक दलों को अपने सार्वजनिक भाषणों/ अभियानों/ गतिविधियों/ कार्यक्रमों को सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनाना चाहिए। इसमें दिव्यांग व्यक्तियों के साथ सहज बातचीत की अनुमति देने के लिए अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया सामग्री को डिजिटल रूप से सुलभ बनाने के लिए कहा गया है। निर्वाचन आयोग ने पार्टियों को राजनीतिक प्रक्रिया के सभी स्तरों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए दिव्यांगता पर एक प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करने और दिव्यांग भाषा के उपयोग से संबंधित दिव्यांगों की शिकायतों को सुनने के लिए नोडल प्राधिकारी नियुक्त करने का भी सुझाव दिया। इसने ( शेष पेज 9 )

# नोएडा में कोविड का केस नहीं पर स्वास्थ्य विभाग सतर्क

## जिला अस्पताल सहित सभी निजी और स्वास्थ्य केन्द्रों को विशेष निर्देश जारी

● मरीज मिलने पर कराई जाएंगी जिनोम सिक्वेंसिंग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


फाइल फोटो

दिल्ली और गाजियाबाद में कोविड के मरीज मिलने लगे हैं। नोएडा की सीमा दिल्ली और गाजियाबाद से लगी हुई है। इसी कारण नोएडा का स्वास्थ्य विभाग कोविड के प्रति सतर्क हो गया है। कोविड जैसा एक भी लक्षण मिलने पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को कोविड का टेस्ट करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

नोएडा के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसीएमओ डॉ टीकम सिंह ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कोविड का कोई मरीज नहीं है। नोएडा की सीमा से लगने वाले गाजियाबाद और दिल्ली में कोविड के मरीज मिले हैं। इसी कारण नोएडा के स्वास्थ्य विभाग ने ऐहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जिला अस्पताल सहित जिले के सभी निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों को कोविड के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। कोविड के खतरे को देखते हुए अस्पतालों में खास उपाय करने के निर्देश नोएडा के स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए हैं। नोएडा में स्थित जिला अस्पताल पूरे जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के प्राइवेट अस्पतालों में कोविड का एक भी लक्षण मिलने पर जांच की जा रही है। पहले एंटीजन जांच की जा रही है। एंटीजन जांच में पॉजिटिव पाए जाने पर आरटीपीसीआर की जा रही है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सभी अस्पतालों को कोविड के प्रति सतर्क रहने को कहा गया है।

नोएडा के स्वास्थ्य विभाग ने जिले में कोविड के इलाज के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं के विषय में उत्तर प्रदेश सरकार को भी पूरा विवरण भेज दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी तक कोविड से डरने जैसी कोई स्थिति नहीं है। नोएडा का स्वास्थ्य विभाग किसी भी संभावित खतरे के लिए सतर्क है।

यदि आसपास के क्षेत्र में कोविड के नए मरीज मिलते हैं तो और भी अधिक एहतियाती कदम उठाए जाएंगे। इस बीच प्राइवेट अस्पतालों ने भी लक्षण पाए जाने पर कोविड के

## भाजपा पार्षद की ट्रैवल हिस्ट्री नहीं मिली, दुबई से घूमकर लौटा था बेटा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में आठ महीने बाद कोरोना की वापसी हुई है। जिस मरीज को कोरोना की पुष्टि हुई है, उनके परिवार के तीन सदस्यों के सैंपल ले लिए गए हैं। वहीं मरीज का सैंपल जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा जा रहा है, ताकि नए वेरिएंट के बारे में स्थिति स्पष्ट हो सके। लंबे वक्त बाद उत्तर प्रदेश में कोरोना का केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ चुका है। गाजियाबाद के शास्त्रीनगर में रहने वाले भाजपा पार्षद अमित त्यागी को 20 दिसंबर को कोरोना की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग को उनकी अब तक कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं मिली है। अमित त्यागी के अनुसार, उन्हें 17 दिसंबर से खांसी-जुकाम की दिक्कत थी। जिसके बाद 19 दिसंबर को एक लैब के जरिये रैपिड और आरटीपीसीआर जांच कराई गई, जिसमें कोरोना पॉजिटिव आया है। इस बीच वे शहर से बाहर भी नहीं गए। अमित त्यागी का बेटा 19 दिसंबर को ही दुबई से घूमकर लौटा है। हालांकि बेटे से कोविड का मतलब इसलिए नहीं है, क्योंकि पिता की तबियत इससे दो दिन पहले ही खराब हो गई थी। फिर भी स्वास्थ्य विभाग ने अमित त्यागी की पत्नी, बेटे और मां का सैंपल जांच के लिए लिया है। स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने कहा, फिलहाल कोविड जांच चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार


शिविर में डॉक्टरों का दल श्रमिकों की जांच करता हुआ।

### हेल्थ कैंप का सैकड़ों कामगार महिलाओं ने उठाया लाभ

**गाजियाबाद।** निर्माण साइट पर काम करने वाली महिला श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच के लिए क्रासिंग रिपब्लिक और आदित्य वर्ल्ड सिटी में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। क्रेडाई एनसीआर की महिला विंग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं की जांच की गई। कैलाश अस्पताल के डाक्टरों के दल में शामिल डॉ. मेघा तिवारी और डॉ. आशु श्रीवास्तव महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की। क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष मनोज गौड़ ने बताया कि शिविर में महिलाओं की जांच के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। क्रेडाई नॉर्थ जोन के महिला विंग की समन्वयक शिवानी प्रियम पटेल ने कहा कि महिला विंग दिल्ली एनसीआर में विभिन्न स्थानों पर 10 से अधिक ऐसे शिविर आयोजित करेगी।

### हिंडन एयरबेस से सटे महमूदपुर गांव में चला बुलडोजर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील हिंडन एयरबेस की दीवार के पास मिले गड्ढे के बाद पुलिस और एयरफोर्स कर्मियों की जांच पड़ताल लगातार जारी है। इसी को लेकर एयरफोर्स की शिकायत के बाद हिंडन एयरबेस से सटे गांव महमूदपुर में प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर चलाया। एयरफोर्स अधिकारियों की शिकायत के बाद यह अतिक्रमण हटाया गया। गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर में प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। एयरफोर्स की तरफ से प्रार्थना पत्र दिया गया था कि महमूदपुर में छोटे और बड़े तालाब, सरकारी जमीन और कुएं की सार्वजनिक जमीन पर कब्जा कर लिया है। हिंडन एयरबेस बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इसी एयरबेस पर 11 दिसंबर को दीवार के पास 4 फीट का गड्ढा मिला था। हालांकि उसको भर दिया गया है। लेकिन उसके बाद से लगातार जांच पड़ताल चल रही है। इसी को लेकर गाजियाबाद के लोनी के उप जिला मजिस्ट्रेट अरुण दीक्षित ने एयरफोर्स कर्मियों के प्रार्थना पत्र पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों पर अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया था।

### लेनेदेन को लेकर दोस्त ने की थी हत्या, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के रईसपुर में 19 दिसंबर को मिले युवक के शव मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक युवक की हत्या उसके ही दोस्त और पार्टनर ने की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दोस्त ने रुपयों के लिए वारदात को अंजाम दिया। पहले उसने शराब पिलाई, इसके बाद ईंट से वार कर हत्या कर दी। गाजियाबाद के थाना मधुबन बापू धाम क्षेत्र में रईसपुर में 19 दिसंबर की सुबह शाहरुख नाम के युवक का शव मिला था। शव के सिर पर चोट के निशान थे और आसपास शराब की बोतल और अन्य सामान पड़ा हुआ था। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव के मुताबिक पुलिस ने शाहरुख के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला था की किसी भारी चीज से शाहरुख के सिर पर वार करके उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने गुरुवार को सरफराज नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक सरफराज ने ही शाहरुख के सिर पर ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस पूछताछ में पता चला कि शाहरुख और सरफराज दोनों ही पीओपी के ठेकेदार थे। इसको लेकर कुछ पैसों को लेकर विवाद था। इसको लेकर दो दिन पहले उनका झगड़ा भी हुआ था। 18 दिसंबर की शाम को शाहरुख और सरफराज एक साथ शराब पीने बैठे। इसी दौरान पैसे को लेकर फिर विवाद हुआ था।

### कविनगर में सोसाइटी के गेट पर गार्डों को पीटा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र में सोसायटी के गेट पर खड़े गार्डों को कुछ लोगों ने पीट दिया। घटना बुधवार रात की है। गुरुवार सुबह वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र में गोल्फ लिंक लैंडक्राफ्ट सोसायटी है। बुधवार रात यहां एक कार को खड़ी करने को लेकर कार सवार और गार्ड में विवाद हो गया। इसके बाद कार सवार युवकों ने और लोगों को बुला लिया। उसके बाद सभी ने मिलकर वहां मौजूद गेट पर तैनात सभी गार्ड्स के साथ मारपीट की। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। साथ ही इसका एक वीडियो भी वायरल हो गया।

# गोमांस के अवशेष मिलने पर हंगामा

● हिंदू संगठनों ने नेशनल हाईवे-9 पर लगाया जाम



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में नेशनल हाईवे.9 पर हिंडन नदी पुल के पास शुक्रवार को गोमांस के कुछ अवशेष मिले हैं। ये देख हिन्दू संगठन भड़क गए हैं। उन्होंने हाईवे पर जाम लगा दिया है।

गौ-हत्यारों को पकड़ने और कठोर दंड देने की मांग कर रहे हैं। पुलिस मौके पर है और प्रदर्शनकारियों को समझाने में जुटी हुई है। चार पैर, सिर और धड़ का हिस्सा सहित कुल छह टुकड़े पड़े हुए थे। राहगीरों की नजर पड़ी तो वाहनों के पहिये थमने शुरू हो गए। हिंडन पुल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। धीरे.धीरे हिन्दू संगठनों के लोग पहुंच गए। जिसके बाद वे अवशेष लेकर सड़क पर धरना देकर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि ये नेशनल हाईवे है। 24 घंटे वाहनों का आवागमन होता है। इसके बावजूद गोहत्यारे यहां अवशेष फेंककर चले गए। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि हाईवे पर लगे कैमरों की फुटेज के जरिये आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए।

फिलहाल पुलिस बल मौके पर है। जाम की वजह से नेशनल हाईवे पर वाहनों के पहिये थम गए हैं। वाहन चालकों को परेशानियां हो रही हैं।


पुलिस आयुक्त कार्यालय में आगंतुको के लिए नए आरओ वाटर मशीन का शुभारंभ करती पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

## ट्रक ने मारी कार में टक्कर, व्यापारी की मौत

**नोएडा।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के मोजर बीयर कंपनी के पास बीती रात को एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक कार में टक्कर मार दी। इस घटना में कार चालक की मौत हो गई है।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज ने बताया कि रंजीत पुत्र अवधेश उम्र 24 वर्ष बीती रात को कार में सवार होकर परी चौक से कस्बा सूरजपुर आ रहे थे।

मोजर बेयर कंपनी के पास एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। इस घटना में रंजीत की मौत हो गई है।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 37 बिल्डरों को भेजा नोटिस

● मानकों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण व संचालन नहीं किया था



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 37 बिल्डरों को नोटिस जारी किया है। इन बिल्डरों पर सोसाइटी के सीवर को शोधित करने के लिए मानकों के अनुरूप एसटीपी यानी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण व संचालन नहीं किया जा रहा था। जिस पर एक्शन लेते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नोटिस जारी कर एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है।

संतोषजनक जवाब न मिलने पर लीज डीड की शर्तों के अनुरूप कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। ग्रेटर नोएडा की अलग.अलग सोसाइटी के निवासियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से शिकायत की थी कि एसटीपी से शोधित किए बिना ही सीवरेज को नाले में बहाया जा रहा है। दरअसल, ग्रेटर नोएडा में 20 हजार वर्ग मीटर या उससे अधिक एरिया पर बनने वाले सभी प्रोजेक्ट को अपना एसटीपी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाना और उसे फ ंक्शनल रखना अनिवार्य है, लेकिन कई सोसाइटियों के निवासी प्राधिकरण से लगातार शिकायत कर रहे थे कि उनके यहां एसटीपी नहीं बनी हैं। कुछ सोसाइटियों में एसटीपी बनी हैं तो वह फं क्शनल नहीं हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सर्वे में भी 37 सोसाइटियों में बनी एसटीपी मानकों के अनुरूप नहीं मिली। इनमें से कुछ एसटीपी मानकों के अनुरूप के अनुरूप बने नहीं हैं और कुछ का संचालन ठीक से नहीं हो रहा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी के निर्देश पर सीवर विभाग की तरफसे 37 बिल्डरों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में प्राधिकरण ने एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लीज डीड की शर्तों के अनुरूप कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि जिन बिल्डरों ने अपने रिहायशी प्रोजेक्ट में एसटीपी नहीं बनाई है। वे एसटीपी बनाकर शीघ्र चालू करें। जिन सोसाइटियों में बनी हैं वे उनको नियमित रूप से संचालित करें। सीवर को शोधित करना अनिवार्य है। शोधित पानी को उद्यानीकरण में उपयोग करें।

एनजीटीए की तरफसे भी इस बाबत सख्त आदेश दिए गए हैं। ऐसा न करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। इन सोसाइटियों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। इसके बावजूद सुधार न हुआ तो एनजीटी के आदेशों के मद्देनजर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## तीन संस्थाओं पर लगाया 2.32 लाख का जुर्माना

नोएडा। कूड़े का उचित प्रबंधन न करने पर बल्क वेस्ट जनरेटरों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा की तरफ से कार्रवाई जारी है।

प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने सेक्टर नॉलेज पार्क दो स्थित संस्कारम क्रिएटिव मेमोरीज फ ॉर लाइफ , स्टेलर जिमखाना और आईकॉनिक क्लब एंड कनवेंशन सेंटर पर कुल 2.32 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अभियान चलाया गया है। प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने जनस्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ नॉलेज पार्क टू स्थित संस्कारम क्रिएटिव मेमोरीज फॉर लाइफ स्टेलर जिमखाना और आईकॉनिक क्लब एंड कनवेंषन सेंटर का जायजा लिया।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of our client i.e. **Piramal Capital & Housing Finance Limited that 1) Mr. Rakesh Kumar, 2) Mrs. Poonam & 3) Mr. Surender Singh** intend to mortgage the **Plot No. 24, admeasuring 217.16 Sq. Yds., at near Kachcha Chamaria Road, Raj Luxmi Fire Works, Village, Tehsil & District Rohtak (Haryana)** with our client, against the financial assistance. Whereas, out of the entire chain link documents Original Sale Deed dt. 02-12-2005, Doc. No. 9644 in favour of Mr. Radhey Shyam was already lost/misplaced and in this regard online NCR/FIR No. 132590072300643 has been lodged with Haryana Police on 20-12-2023.

Public is hereby warned not to deal with the above-mentioned documents & the property. If anyone do the same, then he will be responsible for all consequences. If any person(s) having objection with regard to mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address.

**DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE**
A-13, LGF, South Extn-II,
New Delhi-49 # 011-40587824

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Anu Gupta claims to be owner and in possession of **Flat No. 209, 1st Floor, Block-B, Pkt –B, Cat-II SFS, in BG-1, Paschim Vihar, New Delhi-110087**(hereinafter called the said property) by virtue of inheritance and has also got the surviving member certificate issued from Revenue Department Govt of NCT of Delhi Dated 21.06.2023 stating that Anu Gupta is the Only Surviving Legal Heir of Late Swarn Sarna and Said Swarn Sarna as the owner of said property by virtue of Conveyance Deed Dated 23.08.2002 reg vide Doc No. 12065 said **Anu Gupta** being the only legal heir of Late Swarn Sarna through attorney has agreed to sell the said Property to **Mr. Rohit Kapoor** & Said **Mr. Rohit Kapoor** has agreed to create a mortgage in favour of our clients **Axis Bank Limited, East of Kailash Branch, New Delhi,** any person/s having claim against the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby intimated to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **14 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan (Advocate)**
**For Diwan and Company LLP**
**H. No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi-19**
**Mobile No. 9818399999**

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **Mr. Mahender Parkash Aggarwal S/o Sh. Sham Sunder Aggarwal R/o - J/107,First Floor,Vikas Puri, New Delhi-110018 is** the Lessee/owner of **Plot No.A-32 situated at Naraina Industrial Area Phase-II,New Delhi** vide **File No.F6A (42 9)67/IND.** We lost/misplaced.Our Original Perpetual Lease Deed of the above said property An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No.1259496 dated 21/12/2023. Any person claiming any right, interest having any objection may write/ contact with above named person at above address/phone No. 9899326640 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to **Dy. Director (Indl), or Asstt, Director (Indl) A-Block,First Floor,Vikas Sadan,INA,New Delhi**

**PUBLIC NOTICE**

This is to Notify Transfer of ownership of Residential Plot No. 406, Housing Board Colony, Ward 31 Distt. And Tehsil Palwal .As per the Will of Shri. Harswaroop Singh Will No 540 Dated 1/02/2016 the above said property is being transferred to his Son's Rajkumar Singh and Lokender Singh and there is no objection of any other legal heirs as mentioned in the will.

Please Transfer the Property as per the appeal made in the DULB by Raj Kumar Singh.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I, Smt. Urmila Singhal W/o Late Sh.Ashok Kumar Singhal R/o B-21, Shekhar Apartments, Mayur Vihar Extension Phase-I,near Chilla Village,Delhi-110091, am the owner of Flat No.B-21 Ground Floor, Shekhar Co-operative Group Housing Society Ltd.,now known as Shekhar Apartments, Mayur Vihar Extension Phase-I,Delhi-110091.** I lost/misplaced Share Certificate,Allotment Letter and Possession Letter pertaining to the said flat. An FIR to this effect has been lodged in Police Station,vide LR No:1259967/2023 dated 21/12/2023.Any person claiming any right, interest having any objection may write/ contact with above named person at above address/phone No.9654677889 within 15days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to: **Dy.Director (SFS) H or Asstt,Director(SFS)H,D-Block, Third Floor,Vikas Sadan,INA,New Delhi.**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी**
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह–कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | सुमन सिंघल (कर्ज़दार), मोहित सिंघल (सह–कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या LBGHZ00002865036 और LBGHZ00002891317 | प्लॉट नंबर III–एफ–1/21, ग्राउंड फ्लोर (बिना छत के अधिकार) नेहरू नगर, गाजियाबाद। तहसील और जिला गाजियाबाद–201001 क्षेत्र– 102.17 वर्ग मीटर | रु. 36,72,214/- (दिसंबर 12, 2023 तक) | रु. 80,75,000/- / रु. 8,07,500/- | जनवरी 12, 2024 को दोप. 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक | फरवरी 02, 2024 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **फरवरी 01, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005** में **फरवरी 01, 2024** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **फरवरी 01, 2024** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **फरवरी 01, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8928935040, 8584874809** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : दिसंबर 22, 2023
स्थान : गाजियाबाद
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# खेल प्रतियोगिताओं में भी अव्वल हैं बेटियां : डीपी यादव

● श्याम सिंह स्मारक कन्या विघालय कीनेहा यादव और सोनिया यादव ने गोल्ड मैडल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नेपाल के काठमांडू में आयोजित एशियन बास्केट बॉल प्रतियोगिता में नोएडा के श्याम सिंह स्मारक कन्या विघालय की दो छात्राओं नेहा यादव और सोनिया यादव ने गोल्ड मैडल जीतकर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। वहीं स्कूल की ही एक अन्य छात्रा अंशिका ने क्रिकेट प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीता है। साथ ही स्कूल की छात्रा पायल मंडल को दशवीं में अच्छे अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। साथ स्कूल के स्पोर्ट टीचर महावीर सिंह को भी सम्मानित किया गया। गुरूवार को छात्राओं के सम्मान में एक कार्यक्रम स्कूल में आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल के अध्यक्ष पूर्व मंत्री डीपी यादव मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने छात्राओं को ट्राफी तथा नकद पुरूस्कार राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश में अब बेटियां शिक्षा के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी अव्वल आ रही है। यादव ने कहा कि मुझे खुशी है कि स्कूल के माध्यम से मेरे माता पिता का सबको शिक्षा का सपना पूरा हो रहा है। इस दौरान कई स्कूलों के अध्यापक ग्रामीण व अन्य सामाजिक लोग मौजूद रहे।

## गाजियाबाद की पूर्व मेयर को फोन पर मिली धमकी


**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की पूर्व मेयर आशा शर्मा को उनके मोबाइल पर धमकी दी जा रही है। इस मामले में पूर्व मेयर आशा शर्मा ने गाजियाबाद के थाना कवि नगर में मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस के मुताबिक जिन नंबरों से धमकी आई है। वह उनको ट्रेस करने की कोशिश कर रहे हैं। गाजियाबाद की पूर्व मेयर और भाजपा नेत्री आशा शर्मा के मुताबिक पिछले तीन दिनों से अलग-अलग नंबर से उनके मोबाइल पर फोन आ रहा है। फोन करने वाला उनसे अश्लील बातें कर धमकी दे रहा है। आशा शर्मा के मुताबिक वह जिस नंबर को ब्लॉक करती हैं। फोन करने वाला दूसरे नंबर से कॉल करता है। आशा शर्मा के पति केके शर्मा ने इस मामले में गाजियाबाद के थाना कवि नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# दिल्ली-एनसीआर में 65 हजार करोड़ की सड़क निर्माण परियोजनाएं जारी : गडकरी

● राजधानी से देहरादून पहुंचने का सफर केवल दो घंटे में होगाः मंत्री

पीएनएस। नोएडा/गाजियाबाद



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में सड़कों, राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 65,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

गडकरी ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर को देहरादून से जोड़ने वाले एक्सप्रेसवे पर काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, एक बार यह पूरा हो जाने पर, दिल्ली से देहरादून पहुंचने में केवल दो घंटे और हरिद्वार पहुंचने में डेढ़ घंटे लगेंगे। उन्होंने कहा, दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में 65,000 करोड़ रुपए की लागत से (सड़क निर्माण) काम चल रहे हैं। हमने पहले ही मेरठ तक एक एक्सप्रेसवे का निर्माण कर लिया है। मुजफ्फरनगर को जोड़ने के लिए भी काम चल रहा है। गडकरी ने कहा कि दिल्ली के चारों ओर एक पेरिफेरल मार्ग बनाने का काम भी चल रहा है। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पुणे से औरंगाबाद हरित मार्ग तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसे बीओटी (बनाओ, चलाओ और हस्तांतरित करो) के आधार पर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने राजस्थान स्थित खाटू श्याम जी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर एक रिंग रोड बनाने का आश्वासन भी दिया।

# किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में कराएं संपत्ति का पंजीकरण

**एनी वेयर रजिस्ट्रेशन पॉलिसी**

- मुख्यमंत्री ने योजना को मंजूरी दी, एलजी के पास फाइल को नोटिफिकेशन के लिए भेजा : आतिशी




**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने दिल्ली वालों को सुविधा देते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। अब लोग अपनी सहूलियत के अनुसार किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। सरकार इसके लिए एनी वेयर रजिस्ट्रेशन पॉलिसी लेकर आई है। इसके तहत लोगों को रजिस्ट्री के लिए किसी निश्चित ब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाने की बाध्यता की खत्म हो जाएगी और लोग अपनी इच्छा व सुविधानुसार राष्ट्रीय राजधानी के 22 सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में से किसी में भी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकेंगे।

राजस्व मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त के लिए लोगों को सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाना पड़ता है। अक्सर सब-रजिस्ट्रार ऑफिस को लेकर कई प्रकार की शिकायतें सामने आती है। कई शिकायतें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास आई। एक शिकायत ये आई कि, कई सब-रजिस्ट्रार ऑफिस ऐसे है जहां लंबी लाइनें होती है। जहां एक अपॉइंटमेंट बुक करने में लंबा समय लग जाता है और कई सब-रजिस्ट्रार ऑफिस ऐसे है जहां ज़्यादा भीड़ नहीं होती है। दूसरी ये शिकायत आती है कि, कई सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में भ्रष्टाचार होता है। वहाँ दफ्तरों के बाहर दलाल होते है, जो पैसों की माँग करते है। लोगों की उसी ऑफिस में रजिस्ट्री के लिए जाना होता है ऐसे में मजबूरी में लोगों को दलालों को पैसे देने पड़ते है। इन समस्या का समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर राजस्व विभाग ने एक नई पॉलिसी की शुरुआत की है। राजस्व विभाग ने ये निर्णय लिया है कि, अब एनी वेयर रजिस्ट्रेशन पॉलिसी लेकर आयेंगे। इस पॉलिसी के तहत लोगों को अगर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करवानी है तो वे किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जा सकते है।

### लोगों को कई फायदे होंगे

*लोग अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाकर अपनी प्रॉपर्टी का पंजीकरण करा सकते हैं। पारदर्शिता बढ़ेगी, किसी कार्यालय में बिचौलियें उनसे पैसे माँगते है तो लोगों को उस ऑफिस में नहीं जाना पड़ेगा। लोग उन्हीं सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाएँगे जहां आसानी से ईमानदारी से काम होता है तो एक सरकार के रूप में वह अपने सब-रजिस्ट्रार का अप्रेजल करने का मौका होगा। जिस सब-रजिस्ट्रार के ऑफिस में लोग जाना पसंद करते है, ये सामने आ जाएगा कि वहाँ ईमानदारी से काम होता है और जहां लोग जाना कम पसंद करेंगे ये भी सामने आ जाएगा कि वहाँ सही से काम नहीं हो रहा है। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस योजना को मंजूरी दे दी है। उपराज्यपाल के पास फाइल को नोटिफिकेशन के लिए भेज दिया गया है।*

अब लोगों को प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के लिए केवल किसी एक सब-रजिस्ट्रार ऑफिस तक सीमित नहीं रहना होगा।

### बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के नौ दिन बाद शव बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 12 दिसंबर को कथित तौर पर अगवा हुई नौ साल की बच्ची का शव बृहस्पतिवार को बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमने बृहस्पतिवार को शव बरामद किया। हमारी टीम के साथ छह गोताखोर बच्ची के शव को ढूंढ रहे थे। हमने बृहस्पतिवार को हैदरपुर जल संयंत्र के समीप शव को बरामद कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, मौत का असली कारण जानने के लिए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि बच्ची को मकान मालिक ने अगवा कर उससे दुष्कर्म किया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।



फोटो: रंजन डिमरी

बाघिन के 7 महीने के जुड़वां शावक 'सिद्धि' और 'करण' को उनकी मां के साथ बाड़े में दर्शकों के लिए छोड़ा गया।

## आरटी-पीसीआर जांच को भेजे जाएंगे नमूने

- नमूनों में कोविड संक्रमण पुष्टि हुई है, तो उनका जीनोम अनुक्रमण कराने का भी आदेश दिया: भारद्वाज

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि के बीच प्राधिकारियों को आरटी-पीसीआर जांच के लिए पर्याप्त संख्या में नमूने भेजने का आदेश दिया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग ने आरटी-पीसीआर जांच के दौरान जिन नमूनों में कोविड संक्रमण पुष्टि हुई है, उनका जीनोम अनुक्रमण कराने का भी आदेश दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 594 नए मामले सामने आने के बाद उपचाराधीन रोगियों की संख्या बढ़कर 2,669 हो गई, जो एक दिन पहले 2,311 थी।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने बुधवार को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारीगंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण से निपटने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा के सिलसिले में एक बैठक बुलाई थी। एक अधिकारी ने कहा, दिशानिर्देशों के अनुसार, आरटी-पीसीआर जांच के लिए पर्याप्त संख्या में नमूने भेजे जाने हैं। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि आरटी-पीसीआर जांच के दौरान जिन नमूनों में कोविड संक्रमण पुष्टि हुई है, उनका जीनोम अनुक्रमण कराया जाए। संक्रमण से बचने के लिए सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने के लिए उपाय किए जाने हैं। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में आने वाले आईएलआई/एसएआरआई मरीजों से कोविड के नमूने एकत्र किए जाएंगे।

परीक्षण के लिए पर्याप्त संख्या में कोविड नमूने भेजे जाएं। आरटी पीसीआर नमूनों की जीनोम अनुक्रमण किया जाना है भीड़-भाड़ वाली और खराब हवादार जगहों से बचने और भीड़-भाड़ वाली और नजदीकी जगहों और अस्पताल परिसरों में मास्क पहनने के लिए सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने के लिए उपाय किए जाने चाहिए।

### छात्रों के खिलाफ जांच पर पुनर्विचार करेगा जेएनयू : कुलपति

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री पंडित ने बृहस्पतिवार को कहा कि पानी की कमी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए चार छात्र संघ के प्रतिनिधियों और 12 छात्रावास के अध्यक्षों के खिलाफ शुरू की गई सभी प्रॉक्टोरियल जांच पर विश्विद्यालय प्रशासन पुनर्विचार करेगा।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के प्रतिनिधियों और छात्रावास के अध्यक्षों को 19 सितंबर को कुलपति के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने को लेकर पिछले महीने एक जांच नोटिस भेजा गया था। हालांकि, छात्रों के संगठन ने कहा कि वह थोड़ी सांत्वना से खुश नहीं है।

## उपराष्ट्रपति की मिमिक्री पर पक्ष-विपक्ष में रार




सांसदों के निलंबिन के विरोध में प्रेस से वार्ता करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।

- निलंबन के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने मार्च निकाला

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

विपक्षी सांसदों ने दोनों सदनों से 140 सदस्यों के निलंबन पर विरोध जताते हुए बृहस्पतिवार को संसद भवन से एक मार्च निकाला जो विजय चौक पर संपन्न हुआ। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर ले रखा था जिस पर लोकतंत्र बचाओ लिखा था। खड़गे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह संसद से जुड़े विषयों पर सदन के बाहर बोल रहे हैं जो विशेषाधिकार हनन का मामला बनता है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, निलंबन के खिलाफ विपक्ष का प्रदर्शन है। सरकार और मोदी यह नहीं चाहते कि सदन चले।

खरगे ने कहा, हम लोकसभा में, संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना से जुड़ा विषय उठाना चाहते थे कि यह क्यों हुआ, कैसे हुआ और इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

हम चाहते थे कि सरकार सदन को इस बारे में बताए। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों सदन में नहीं आए।

वे, सदन में जिन बातों को कहना है, उन्हें बाहर बोल रहे हैं। उन्होंने बताया कि निलंबन के मुद्दे को लेकर विपक्षी नेता शुक्रवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। सदन में तख्तियां लहराने और नारे लगाने के आरोप में पिछले कुछ दिनों के भीतर 143 सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया है। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के सांसद 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में हुई चूक की घटना को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग कर रहे हैं।

### भाजपा का जंतर मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारने के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर बृहस्पतिवार को प्रदर्शन किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्ष से माफी की मांग की।

कई प्रदर्शनकारियों ने अपने माथे पर काली पट्टियां बांध रखी थीं। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वालों में भाजपा सांसद मनोज तिवारी और प्रवेश वर्मा भी शामिल थे। सांसदों के निलंबन के खिलाफ संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के प्रदर्शन के दौरान बनर्जी ने धनखड़ की उपहासपूर्ण ढंग से नकल उतारी थी जिसकी सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ी निंदा की है। जब बनर्जी धनखड़ की नकल उतार रहे थे तो गांधी उसका वीडियो बना रहे थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, संसद लोकतंत्र का मंदिर है। लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति व्यक्ति नहीं बल्कि संस्थाएं हैं। उनका मजाक उड़ाना और उनका अनादर करना उस मंदिर का अपमान करने जैसा है। वह राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं से माफी की मांग करते हैं। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद परिसर में उनकी, बनर्जी द्वारा नकल उतारे जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उच्च सदन में बुधवार को कहा था कि संसद परिसर में उनकी नकल उतारकर किसान समाज और उनकी जाति (जाट) का अपमान किया गया है।



## कुतुबगढ़ गांव में पहुंची पीएनजी की सुविधा



- उपराज्यपाल ने किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

कुतुबगढ़ गांव दिल्ली का पहला ग्रामीण क्षेत्र बन गया है जहां पीएनजी सुविधा पहुंच गई है।

गांवों को बदलने के लिए किए गए वादों और पहलों के अनुरूप उपराज्यपाल ने बृहस्पतिवार को ग्रामीण क्षेत्र की पहली पीएनजी सुविधा का उद्घाटन किया। इस कदम से दिल्ली के अब तक उपेक्षित गांवों के विकास को गति मिलेगी। यह दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में आईजीएल का पहला कदम भी है, जो अब तक केवल शहर की चुनी हुई आवासीय कॉलोनियों तक ही सीमित था। इस कदम से दिल्ली के दूसरे शहरीकृत गांवों में भी पीएनजी पाइपलाइनों और सेवाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

इस अवसर पर उपराज्यपाल ने घोषणा की कि 4 अन्य गांवों- जौंटी, निजामपुर, रावता और दौराला में भी एक महीने के अंदर पीएनजी कनेक्शन दे दिया जाएगा, जो इन गांवों में रहने वाले हजारों परिवारों के लिए नए साल का उपहार होगा। अन्य 10 गांवों में पाइपलाइन बिछाने के लिए आईजीएल द्वारा पहले ही सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। वहीं, अन्य 14 गांवों में इसके लिए शुरुआती चरण के कार्य, जिसमें विभिन्न एजेंसियों से आवश्यक अनुमति लेना भी शामिल है, शुरू किए जा चुके हैं।

### वजीराबाद में फुट-ओवर ब्रिज से गिरने से छात्र की मौत



**नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली में वजीराबाद सड़क पर एक फुट-ओवर ब्रिज से गिरकर 16 वर्षीय एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर करीब पौने दो बजे हुई जब कक्षा नौ का छात्र गाजियाबाद में अपने घर लौट रहा था। गंभीर रूप से घायल छात्र को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय तिर्की ने बताया, छात्र करीब छह मीटर की ऊंचाई से नीचे गिरा जिससे उसे गंभीर चोटें आई। घटना के दौरान छात्र के साथ मौजूद उसके सहपाठी ने पुलिस को बताया कि गिरने से पहले वह ग्रिल पर झूल रहा था। पुलिस ने संबंधित प्राधिकरण के खिलाफ आईपीसी की धारा 336 और 304ए (लापरवाही के कारण मौत) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## ईडी का समन राजनीति से प्रेरित: केजरीवाल

- बोले- समन में यह स्पष्ट नहीं किया गया है उन्हें गवाह, संदिग्ध, आप संयोजक या मुख्यमंत्री के रूप में बुलाया गया है

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पूछताछ के लिए एक बार फिर पेश नहीं हुए और आरोप लगाया कि समन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के इशारे पर जारी किए गए हैं, जो विपक्ष की आवाज दबाना चाहते हैं। केजरीवाल को ईडी ने बृहस्पतिवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह बुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र के लिए चले गए।

अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को ईडी को भेजे जवाब में कहा कि समन में यह स्पष्ट नहीं किया गया है उन्हें मामले में गवाह या संदिग्ध के तौर पर या एक दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अथवा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि ताजा समन 18 दिसंबर को जारी किया गया जिसे निश्चित रूप से रद्द, वापस लिया जाना चाहिए।

उन्होंने ईडी को भेजे अपने जवाब में कहा, आपके समन का समय इसके पीछे की मंशा, मेरे इस विश्वास को मजबूत करते हैं कि मुझे भेजे जा रहे समन किसी उद्देश्य या तर्कसंगत मानदंड पर आधारित नहीं हैं बल्कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के इशारे पर अनावश्यक विचारों से प्रेरित हैं जो केंद्र में सत्तारूढ़ दल के विरोध की आवाज को चुप कराना चाहते हैं ताकि वर्ष 2024 की शुरुआत से लेकर मध्य तक होने वाले संसदीय चुनावों से पहले अंतिम कुछ महीनों में सनसनीखेज खबरें बन सकें। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। इससे पहले केजरीवाल को ईडी ने दो नवंबर को तलब किया था, लेकिन वह नोटिस को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताते हुए पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि ईडी ने उनके पिछले जवाब में उठाए गए मुद्दों का जवाब दिए बिना ही नया समन जारी कर दिया।

केजरीवाल ने अपने जवाब में कहा, ऐसी ही परिस्थितियों में जहां व्यक्तियों को न तो मामले के विवरण के बारे में सूचित किया जाता है और न ही प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उन्हें किस क्षमता से बुलाया जा रहा है इस बारे में सूचित किया जाता है, उच्च न्यायालयों ने ईडी के ऐसे समन को अमान्य घोषित कर दिया है और समन को रद्द किया है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक ने जोर देकर कहा कि वह एक निर्वाचित नेता और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के मौजूदा मुख्यमंत्री के रूप में एक संवेदनशील संवैधानिक पद पर हैं। अपने जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन पारदर्शिता और ईमानदारी से गुजारा है और उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### गोपालदास भवन में आग, कोई घायल नहीं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के बाराखम्भा रोड पर गोपालदास भवन की 11वीं मंजिल पर बृहस्पतिवार की दोपहर आग लग गई जिसमें कई निजी कंपनियों के दफ्तर हैं। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। आग लगने के बाद इमारत में मौजूद लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि दोपहर करीब पौने दो बजे आग लगने की सूचना मिली जिस पर नियंत्रण पाने के लिए दमकल की 15 गाड़ियों को रवाना किया गया। इमारत से काला धुआं निकलता दिखाई दे रहा है। आग पर काबू पाने के लिए अभियान अभी भी जारी है।

### क्लस्टर बस में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के आश्रम इलाके में एक क्लस्टर बस में बृहस्पतिवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें अपराह्न 12 बजकर 52 मिनट पर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि आग बस के पिछले हिस्से में लगी थी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, आग को बुझाने के लिए दमकल की तीन गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि आग पर अपराह्न करीब दो बजे काबू पा लिया गया और घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### राजधानी में आज हल्की बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना है। साथ ही न्यूनतम तापमान घटकर पांच डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दिल्ली में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक, अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 361 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है।

### जैकलीन की याचिका पर ईडी से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के धन शोधन मामले में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने अभिनेत्री की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया। मामले की सुनवाई 29 जनवरी, 2024 को होगी। याचिका में इस मामले में ईडी द्वारा दायर दूसरे पूरक आरोप पत्र और यहां एक निचली अदालत के समक्ष लंबित संबंधित कार्यवाही को रद्द करने का भी अनुरोध किया गया है। फर्नांडीज, चंद्रशेखर के खिलाफ दर्ज धन शोधन मामले में आरोपी हैं। ईडी के वकील ने विचारणीयता के आधार पर याचिका का विरोध करते हुए कहा कि एक विशेष अदालत ने अभियोजन की शिकायत (आरोपपत्र) पर संज्ञान लिया है और कहा कि प्रथम दृष्टया मामले में आगे बढ़ना उचित होगा और संज्ञान आदेश में कोई चुनौती नहीं है।

## कैंसर से आवाज खोने वालों के जीवन में लौट रहीं खुशियां

### ऑपरेशन व इलाज की जटिल व लंबी प्रक्रिया के कारण मरीज खो देते हैं प्राकृतिक आवाज

**अजीत तिवारी**। नई दिल्ली

मुंह व गले के कैंसर के कारण अपनी आवाज खो देने वाले मरीजों के जीवन में खुशियां फिर से लौट रही है। यह सब संभव हो रहा है राजीव गांधी कैंसर अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से लगाये गए आवाज के लिए कृत्रिम अंग से। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से निजात पाने के बाद वे एक बार फिर से सामान्य तौर पर बातचीत कर रहे हैं।

रोहिणी स्थित में राजीव गाँधी कैंसर इंस्टिट्यूट एवं रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) द्वारा मरीजों के लिए आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सक और मरीजों से वार्ता के दौरान यह बात सामने आई। जहां कई मरीजों ने कैंसर इलाज के अपने अनुभव साझा किए।



डॉ. मुदित अग्रवाल

आरजीसीआईआरसी के हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. मुदित अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि मुंह के कैंसर को ठीक करने के ऑपरेशन के बाद (लेरिंजेक्टोमी लेरिंजियल) और गले में कट लगाने के कारण (ट्रेकियोस्टोमी) प्राकृतिक आवाज खोने व इसके दुष्प्रभाव देखा गया है। डॉ. मुदित ने कहा कि हम ऐसे मरीजों को सफलतापूर्व ठीक कर रहे हैं और हमारे पास इसके अनेकों उदाहरण भी है। उन्होंने कहा, हम मरीजों को वॉयस प्रोस्थेसिस (आवाज का कृत्रिम अंग), इलेक्ट्रोलैरिंक्स और एसोफैगल (ग्रासनली) से मरीज के स्वर तंत्र का इलाज कर रहे हैं जिसके बाद उनकी आवाज वापस आती है और उनका जीवन बेहतर होता है। डॉ. विजय अग्रवाल ने कहा कि आवाज इलाज में थोड़ा समय लगता है, लेकिन मरीज कुछ महीनों में ही बातचीत करने लगता है। हालांकि यह पहले जैसा तो नहीं रह जाता। सुर अलग हो सकता है। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षा अग्रवाल ने कहा कि इससे मरीजों का आत्मविश्वास बढ़ने के साथ जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. नवनीत सिंह ने इस इलाज में फिजियोथेरेपी के महत्व पर प्रकाश डाला।

#### सकारात्मक मन से सब संभव



जयकिशन सोनी ने कहा, सकारात्मक मन से काम कीजिए तो सबकुछ संभव है। उन्होंने कहा कि पहले और आज के जीवन में कोई अंतर नहीं है। इसका श्रेय मेरे परिवार, खासकर मेरी पत्नी को जाता है। शुरुआत में नहाते समय दिक्कत होती थी, लेकिन अब नहीं। मन का सकारात्मक रहना बहुत जरूरी है।

#### ऑपरेशन के बाद बढ़ी स्टैमिना



नीरज श्रॉफ ने भी वही भावनाएं की और कहा कि मेरा एक बिजनेस है, लेकिन सर्जरी के ठीक बाद मैं 4-5 घंटे से ज्यादा काम नहीं कर पाता था। चार-पांच महीनों के बाद पहले जैसी स्टैमिना आने के बाद मैं दिन में 10-12 घंटे या जरूरत के हिसाब से ज्यादा भी काम कर पाता हूँ।

#### अब सब कुछ कर पाता हूं



*कैंसर ऑपरेशन के बाद ठीक हुए सुनील शर्मा ने बताया, मैं यहां पर मौजूद सभी की तरह एक साधारण जीवन जी रहा हूँ। शुरूआती कुछ महीने थोड़े कठिन थे, लेकिन अब मैं वो सब कर रहा हूँ जो सर्जरी से पहले करता था। केवल एक अंतर है कि अब मैं पहले की तरह फुटबॉल नहीं खेल पाता।*

# गुरुग्राम में गंदगी देख सीएम मनोहर हुए 'लाल'

## कमिश्नर, ज्वाइंट कमिश्नर का वेतन काटने के निर्देश



गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था के औचक निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों से बात करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।



गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था के औचक निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर पीसी मीणा से बात करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।



गुरुग्राम में बाइक राइडिंग करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### चरमराई सफाई व्यवस्था को लेकर एक्शन में आए मुख्यमंत्री मनोहर लाल

### गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था का मुख्यमंत्री ने किया औचक निरीक्षण

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने गुरुवार को गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। वैसे तो सुबह से ही नगर निगम गुरुग्राम के अफसरों ने विभिन्न क्षेत्रों में गंदगी उठवाने के लिए कर्मचारियों को लगा रखा था, लेकिन सीएम के औचक निरीक्षण में गंदगी होने की सच्चाई छिप नहीं सकी। गंदगी देखकर सीएम के तेवर चढ़े और उन्होंने अफसरों का ही वेतन काटने के निर्देश जारी कर दिए।

करीब एक सप्ताह पूर्व हरियाणा के जिला उपायुक्तों, जिला नगर आयुक्तों, नगर निगम आयुक्तों व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके मुख्यमंत्री ने शहरों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि वे स्वयं या अलग-अलग टीमें शहरों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करेंगी। इसी प्लानिंग के तहत मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुवार को गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने पर कन्हई रोड पर सफाई व्यवस्था देख रही एजेंसी पर एकलाख रुपये का जुर्माना लगाया। सफाई कर्मचारियों के सुपरवाइजर से लेकर संयुक्त आयुक्त तक पर मुख्यमंत्री ने जुर्माना लगाया। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों की और अधिक जिम्मेदारी बन जाती है। उनकी लापरवाही के चलते ही इन अधिकारियों पर जुर्माना लगाने का निर्णय लिया गया है।

सीएम ने नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त का 15 दिन का वेतन काटने, संयुक्त आयुक्त का एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सफाईकर्मियों के सुपरवाइजर पर 10 रुपये, फिल्ड ऑफिसर अजय कुमार पर 1,000 रुपये, एडिशनल सैनेटरी इंस्पेक्टर पर 2,000 रुपये, सीनियर सेनेटरी इंस्पेक्टर पर 3,000 रुपये तथा ज्वाईंट कमिश्नर संजय सिंगला पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अगले तीन दिन में सफाईकर्मियों की सेलरी जारी करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने औचक निरीक्षण करते हुए कहा कि शहरों में सफाई व्यवस्था रखने में सफाईकर्मियों का अहम योगदान है। उन्हें समय पर वेतनमान मिले, यह प्रशासन की जिम्मेवारी है। इसलिए अगले तीन दिनों में सफाईकर्मियों की सैलरी जारी की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह में शहर की सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार करें।

अधिकारी समय-समय पर मौके पर जाकर सफाई व्यवस्था की जांच भी करें। इस मौके पर प्रधान सलाहकार शहरी विकास श्री डी एस ढेसी, नगर आयुक्त पीसी मीणा, डीसी निशांत यादव, सीपी विकास अरोड़ा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### निरंकारी योग केंद्र में महिलाओं ने दिखाई योग कला



दो दिवसीय 14वां वार्षिक योग उत्सव में योग करती महिलाएं।

**गुरुग्राम।** निरंकारी योग केंद्र में 14वां दो दिवसीय योग उत्सव एवं वार्षिक योग प्रतियोगिता, सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं, बच्चियों ने योग की विभिन्न क्रियाएं करके योग कला का अनूठा प्रदर्शन किया। इसमें शंख उद्घोष, प्रणव उच्चारण व योगासन प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें 8 वर्गों में 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में निरंकारी मंड गुरुग्राम से मुख्य कार्यकर्ता सुरेखा नागपाल ने शिरकत की। उन्होंने इस योग उत्सव के लिए निरंकारी योग-केन्द्र की अध्यक्ष डॉ. सोनिया पाठक को बधाई देते हुए कहा कि योग का दैविक व दैहिक दोनों रूपों का अपना महत्व है। शरीर से रोगी व्यक्ति को ना तो अपनी सुध होती है ना ही ईश्वर की। इसलिए निरोगी काया के लिए योगासन, योग ध्यान मुख्य साधन हैं। उन्होंने समारोह में 6 से 75 वर्ष के सभी प्रतिभागियों का उत्सव बढ़ाया। विशेष अतिथि राजनीति विज्ञान की प्राध्यापिका डा. मंजू आहलुवालिया ने कहा कि कहा कि आज के तनावग्रस्त समय में योगासन व योग क्रियाउं सुखद वातावरण का सृजन करते हैं। उन्होंने योग उत्सव में फैशन-शो में भाग लेने वाली सभी गृहणियों का विशेष रूप से उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि नारी घर का आधार होती हैं। अगर गृहिणी स्वस्थ रहेगी तो पूरा घर स्वस्थ रहेगा।

### भाजपा किसान मोर्चा ने राहुल और दीपेंद्र का फूंका पुतला



पुतला फूंकते भाजपा के कार्यकर्ता।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा गुरुग्राम के जिला अध्यक्ष विरेन्द्र यादव चेयरमैन के नेतृत्व में गुरुवार को किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बादशाहपुर कस्बे में राहुल गांधी और दीपेंद्र हुड्डा का पुतला फूंका। साथ ही कहा कि उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक संवैधानिक पद पर आसीन और एक सदन के सभापति भी है। उनका अपमान पूरे देश का अपमान है। विरेन्द्र यादव ने कहा कि देश की आजादी के बाद यह पहली ऐसी घटना है, जिसमें कांग्रेस के सांसदों द्वारा एक किसान के बेटे का उपराष्ट्रपति पद पर आसीन होने पर उनका अपमान किया गया है। यह घटना निंदनीय है और पूरे देश में इसके प्रति आक्रोश है। इस घटना ने देश के संपूर्ण लोकतंत्र को आहत किया है। इससे सभी समाज, जाट समाज और विशेष तौर पर किसानों में भी नाराजगी है। उपराष्ट्रपति के खिलाफ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करना गलत है। इसके लिए पूरी तरह से कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार हैं। जिला महामंत्री मुकेश जैलदार ने कहा कि कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा वीडियो में मजाक बना रहे हैं। इस वीडियो के सभी जिम्मेदारों को देश से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी, भूपेंद्र हुड्डा, दीपेंद्र हुड्डा सहित सभी सांसद माफी मांगें, वरना जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। इस अवसर पर भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी अरूण यादव, रोहित सैनी, जिला उपाध्यक्ष कर्मचंद यादव, दिनेश यादव, राजेश ठाकरान, गजरा तंवर, राजेश शर्मा, सतपाल राघव, नवीन चौहान, मनोज तंवर, नवीन यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ की नकल उतारने के मामले की हो रही घोर निंदा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



बोधराज सीकरी।



प्रमोद सलूज।



दिनेश नागपाल।

**देश** के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री के मामले में पंजाबी बिरादरी महासंगठन गुरुग्राम के प्रधान बोधराज सीकरी ने इसकी घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ का जिस शर्मनाक तरीके से तृणमूल कांग्रेस के नेता कल्याण बनर्जी व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपमान किया है, वह भारतीय लोकतांत्रिक परंपराओं पर एक गहरा दाग है।

यहां जारी बयान में बोधराज सीकरी ने कहा कि संसद परिसर में जिस प्रकार मिमिक्री करके उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान किया गया है, वह अशोभनीय है, निंदनीय है। एक किसान परिवार में जन्मे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सदैव देश व समाज को सर्वोपरि रखते हुए हर व्यक्ति को विनम्र भाव से झुककर सम्मान दिया है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा संसदीय गरिमा का अवमूल्यन जिस निचले स्तर पर पहुंच रहा है, वह पूरे राजनीतिक वर्ग के लिए चिंता का विषय है। संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के साथ इस तरह के अमर्यादित व दुर्भाग्यपूर्ण व्यवहार की वे कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

पंचनद जिला गुरुग्राम के प्रधान व भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के गुरुग्राम जिला संयोजक प्रमोद सलूजा ने कहा कि संसद परिसर में उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के प्रति विपक्ष का व्यवहार पूर्ण रूप से अलोकतांत्रिक है। इसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने संसद की गरिमा को ताक पर रखने का काम किया है।

विपक्ष के कु सांसदों के निलंबन के खिलाफ संसद की सीढ़ियों पर विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी ने जगदीप धनखड़ की जिस प्रकार नकल की और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जिस प्रकार इसका वीडियो बनाया वह निंदनीय है।

गुरुग्राम होम डेवलपर्स एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक दिनेश नागपाल ने कहा कि देश के उपराष्ट्रपति जैसे उच्चतर पद पर आसीन जगदीप धनखड़का मजाक उड़ाकर उनका अपमान करना और राहुल गांधी जैसे नेताओं द्वारा इस दुर्भाग्यपूर्ण कार्य का समर्थन करना, वीडियो बनाना बहुत ही शर्मनाक है। निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपनी अभिव्यक्ति के लिए स्वतंत्र होना चाहिए, लेकिन उनकी अभिव्यक्ति की गरिमा और शिष्टाचार के मानदंडों के भीतर होनी चाहिए। इस संसदीय परंपरा पर हमें गर्व है और भारत के लोग उनसे इसे कायम रखने की उम्मीद करते हैं।

# प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में 28 दिसंबर को दो घंटे वर्क सस्पेंड

### इमरजेंसी सेवाओं को सुचारू रूप से चलाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**ऑल** नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की ओर से नर्सिंग ऑफिसर्स की दो मांगों को लेकर अब नर्सिंग ऑफिसर्स ने वर्क सस्पेंड करने का निर्णय लिया है। गुरुग्राम को एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 28 दिसंबर को प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में दो घंटे (10 से 12 बजे तक) का वर्क सस्पेंड रखा जाएगा। अगर सरकार इस पर भी नहीं मानी तो फिर अगली रणनीति पर मंथन किया जाएगा।

ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की राज्य प्रधान निर्मल ढांडा ने गुरुवार को बताया कि हरियाणा के सभी सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर्स ने अपनी दो मांगों केंद्र सरकार के नर्सिंग ऑफिसर्स के समान 7200 रुपये नर्सिंग अलाउंस और नर्सिंग ऑफिसर्स को सी ग्रुप से बी ग्रुप में शामिल करने के लिए 15 से 20 दिसम्बर (छह दिन तक) तक ब्लैक बैज लगातार काम करते हुए सरकार से मांगें पूरी करने की गुहार लगाई थी। इन छह दिन में सरकार की ओर से नर्सिंग एसोसिएशन से कोई सम्पर्क नहीं किया गया। ना ही सरकार का कोई ऐसा बयान आया, जिससे यह लगे कि सरकार नर्सिंग ऑफिसर्स की इन मांगों को लेकर गंभीर है। कुछ रास्ता निकाला जा रहा है। सरकार का यह रवैया नर्सिंग ऑफिसर्स को ठीक नहीं लगा। निर्मल ढांडा ने कहा कि नर्सिंग ऑफिसर्स से सरकार को उम्मीदें बहुत हैं, लेकिन हमारी उम्मीदों, मांगों पर सरकार सोच भी नहीं रही। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में नर्सिंग ऑफिसर्स ने पूरी शांति और अनुशासन के साथ सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने के लिए ब्लैक बैज लगाए थे। अब 28 दिसम्बर को भी उनका दो घंटे का वर्क सस्पेंड शांतिपूर्ण ही होगा।

इस दो घंटे के वर्क सस्पेंड में सभी विभागों में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स अस्पताल के मुख्य गेट पर बैठेंगी। दो घंटे के वर्क सस्पेंड में इमरजेंसी सेवाओं को सुचारू रूप से चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नर्सिंग प्रोफेशन बहुत ही जिम्मेदारी का काम है। कोई भी नर्सिंग ऑफिसर अपने काम में किसी तरह की लापरवाही, गैर जिम्मेदारी का काम नहीं करता/करती। नर्सिंग ऑफिसर्स द्वारा अस्पतालों में मरीजों की सेवा, देखरेख या अन्य जिम्मेदारियों को बखूबी निभााया जाता है। अब सरकार को भी चाहिए कि वह बड़ा दिल दिखाते हुए नर्सिंग ऑफिसर्स की मात्र दो मांगों को पूरा करके उन्हें तोहफा दे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए मातृ शक्ति भी आगे आए: नवीन गोयल

### सेक्टर-17 स्थित माधव भवन में महिलाओं के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-17 स्थित माधव भवन में महिलाओं की बैठक में मंचासीन पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल व महिला प्रतिनिधि।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने सेक्टर-17 स्थित माधव भवन में महिलाओं के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर निशा भारद्वाज, संतोष कथूरिया, आशा रानी, गीता रानी, मन्नू अरोड़ा, चेतन फलसवाल, सोनू शर्मा के अलावा अनेक महिलाएं व मौजूद रहीं।

नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबका दायित्व है। हम अपने स्तर पर इस काम में जुटे हुए हैं। उन्होंने आह्वान किया कि मातृ शक्ति भी इस अभियान में शामिल होकर अपनी अहम भूमिका निभाए। महिलाएं हर क्षेत्र में खुद को स्थापित और साबित कर रही हैं। आज मातृ शक्ति शिक्षा, स्वास्थ्य, डिफेंस से लेकर सम्मानित पदों पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है। नवीन गोयल ने महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया और गुरुग्राम में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए आगे आने की अपील की। साथ ही उन्हें कैनविन फॉउंडेशन की स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का ऐसा कार्य है, जो हम सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए करते हैं। इसके कई स्वरूप हैं। पेड़ लगाकर हम हरियाली बढ़ाएं, जिससे कि अधिक से अधिक ऑक्सीजन उत्सर्जित हो सके। सिंगल यूज प्लास्टिक का यूज बंद करें। क्योंकि यह भी किसी न किसी रूप में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। कपड़े के थैलों का उपयोग करें और थैलियों का उपयोग बंद करें।

नवीन गोयल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का ई-वाहनों पर जोर है, ताकि डीजल, पेट्रोल के वाहनों से पर्यावरण को होना वाले नुकसान से बचाया जा सके। यह कुछ ऐसे काम हैं, जो हमारी दिनचर्या से जुड़े हैं। हमें सही कार्यों की आदत डालनी होगी, ताकि अपना और अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों को ऐसा वातावरण ना देकर जाएं, जो कि जहरीला हो, जानलेवा हो।

# मुख्यमंत्री के गुरुग्राम में औचक निरीक्षण से सोहना में भी थर्राए नप अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**प्रदेश** मुख्यमंत्री द्वारा साइबर सिटी गुरुग्राम में सफाई को लेकर अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाही की हलचल सोहना नगर परिषद कार्यालय में पहुंच गई। नगर परिषद की टीम ने 15 ऐसे रेहड़ी मालिक और दुकानदारों के चलाने काटे। जिन्होंने अपने आस पास गंदगी के ढेर गाएं हुए थे।

प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा गुरुवार को साइबर सिटी गुरुग्राम में खराब सफाई को लेकर अधिकारियों के खिलाफ तुरंत प्रभाव से की गई कार्रवाही की हलचल सोशल मीडिया के माध्यम से सोहना तक पहुंच गई। उक्त कार्रवाई को देख नगर परिषद प्रशासनिक अधिकारियों के कान खड़े हो गए। तुरन्त प्रभाव से टीम का गठन करके शहर में कूड़ा कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई करना शुरु कर दिया है। नगर परिषद की टीम को देख अतिक्रमण करने वाले और कूड़ा फैलाने वालों में हडकंप मच गया। जल्दी-जल्दी टीम की चपेट में आने और जुर्माना लगने से बचने के लिए कवायद शुरू कर दी।

> **शहर** में सफाई व्यवस्था रात के समय में भी कराई जा रही है। इसके बावजूद दुकानदार कूड़ा फैलाने से बाज नहीं आ रहे है। अब सफाई कर्मियों के साथ-साथ चालान काटने वाली टीम भी चलेगी। जहां भी दुकानदार की लापरवाही से अतिक्रमण और कूड़ा पाया जाता है। वहीं पर जुर्माना लगाया जाएगा।
>
> **(सतेन्द्र यादव-सफाई इंस्पेक्टर नप)**

# मिंत्रा ईओआरएस-19 सभी श्रेणियों में 23 लाख से अधिक शैलियों के साथ मौजूद है

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली




**भारत** के सबसे बड़े फैशन शॉपिंग कार्यक्रमों में से एक, मिंत्रा की एंड ऑफ रीजन सेल (ईओआरएस) का 19वां संस्करण, देश भर में लाखों फैशन प्रेमियों को लुभाने के लिए, शादी, पार्टी और छुट्टियों के मौसम के बिलकुल ठीक समय पर लौटने के लिए तैयार है। 6000 से अधिक प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय, घरेलू और डी2सी ब्रांडों के फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल के 23 लाख से अधिक प्रोडक्ट्स को फीचर करता यह संस्करण एक बेहतरीन स्केल पर खरीदारी के बेहतर अनुभव का वादा करता है।

ईओआरएस के 19वें संस्करण के बारे में बात करते हुए, मिंत्रा की हेड ऑफ ग्रोथ एंड रेवेंयू, नेहा वाली ने कहा, ''मिंत्रा की एंड ऑफ रीजन सेल की स्थायी लोकप्रियता हमें लगातार अपने ग्राहकों के लिए कुछ नया करने के लिए प्रेरित करती है, जो उत्सुकता से ईओआरएस के प्रत्येक संस्करण के साथ अपने स्टाइल को बेहतर बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। भारत के ट्रेंड-फर्स्ट ग्राहकों को एक बेहतरीन खरीदारी अनुभव प्रदान करने के हमारे प्रयास में, ईओआरएस-19 खरीदारों की मांगों को पूरा करने के लिए एक टॉप सिलेक्शन लाएगा। इस शॉपिंग महाकुंभ के दौरान लगभग 1 मिलियन नए ग्राहकों के प्लेटफार्म पर आने की उम्मीद है, इस कार्यक्रम में भारतीय पहनावे, ब्यूटी, ट्रेवल, फुटवियर, होम और वेस्टर्न ड्रेसेस और पार्टी सहित विभिन्न श्रेणियों के ब्रांडों द्वारा शानदार पेशकश देखने को मिलेगी, जिससे ग्राहकों के खरीदारी अनुभव निश्चित रूप से आनंदमय होगी।''

# पीएफटीआई ट्रेड एंड इंडस्ट्री के लिए बड़ा व राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म: बोधराज

### पीएफटीआई का भविष्य में देश के व्यापार और उद्योगों के संवर्धन में विशेष योगदान रहेगा: अनुराग

### पीएफटीआई ने नियुक्त किए राष्ट्रीय कमेटियों के चेयरमैन और कोर कमेटी मेंबर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




सेक्टर-48 स्थित क्लब कैपरी में प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) की मासिक बैठक में बोधराज सीकरी का स्वागत करते उद्योगपति।

**यहां** सेक्टर-48 स्थित क्लब कैपरी में प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) की मासिक बैठक हुई। इस दौरान फेडरेशन के डायरेक्टर आरएल शर्मा एडवोकेट द्वारा पीएफटीआई के नए पदाधिकारियों के नियुक्ति की घोषणा की गई। पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी ने उद्यमी और समाजसेवी बोधराज सीकरी को पीएफटीआई का पैट्रन इन चीफ का दायित्व सौंपा। बिजनेसमैन एवं समाजसेवी हरीश घई को पैट्रन नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ही वरिष्ठ उद्योगपति राजेंद्र कोरा को नव एवं नवीनीकरण एनर्जी कमेटी का चेयरमैन, हरियाणा बिजली विभाग से रिटायर्ड चीफ इंजीनियर संजीव चोपड़ा को पीएफटीआई की पावर कमेटी का चेयरमैन, युवा सीए अनमोल गुप्ता को पीएफटीआई की जीएसटी कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया है। वरिष्ठ उद्योगपति रमनदीप सिंह, डीपी गौड़, राजेंद्र सैनी, नवनीत गोयल, संजय कालरा, विनोद पहजलानी, संजय जैन को फीएफटीआई के कोर कमेटी का मेंबर बनाया गया है। जिला पदाधिकारियों में पीएफटीआई के जिला अध्यक्ष का कार्यभार पीके गुप्ता, महासचिव का कार्यभार राकेश बत्रा और कोषाध्यक्ष का कार्यभार अमन गुप्ता पहले से ही संभाल रहे हैं।

इस मौके पर हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसलि के चेयरमैन अनुराग बक्शी, उधोगपति एवम समाजसेवी बोधराज सीकरी, गुरुग्राम पुलिस के डीसीपी हेडक्वाटर दीपक गहलावत और जेएमवी मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन हरीश घई मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पीएफटीआई के नवनियुक्त पैट्रन इन चीफ वरिष्ठ उधोगपति बोधराज सीकरी ने कहा कि पीएफटीआई देश एक मात्र इस संगठन है जो ट्रेड ओर इंडस्ट्री के वेलफेयर के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे पीएफटीआई को बुलंदियों पर पहुंचाने की हरसंभव कोशिश करेंगे। वहीं हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन अनुराग बक्शी ने कहा कि देश के विकास में ट्रेड और इंडस्ट्री का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि वे पीएफटीआई की मार्फत देश के एक्सपोर्ट्स को प्रोमोट करने का कार्य करेंगे।

पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी ने कहा कि पीएफटीआई का उद्देश्य व्यापार और उद्योग के हित में राष्ट्रीय स्तर पर काम करना है। वर्ष 2047 तक भारत को विकासशील से विकसित बनाने के भारत सरकार के लक्ष्य में पीएफटीआई अपना भरपूर योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि जिन पदाधिकारियों की नियुक्त पीएफटीआई की ओर से की गई है, वह सभी अपने-अपने क्षेत्र के दिग्गज हैं। इनके मार्गदर्शन में यह फेडरेशन नई बुलंदियों को छुएगा और व्यापार और उद्योग जगत के हित में बहुत से काम हो सकेंगे।

## आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी उठाएं योजना का लाभ : नेहा सिंह



**पलवल।** जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने नेशनल हाईवे नंबर पर स्थित तुला अस्पताल में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग भी मौजूद रहे। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत तुला अस्पताल में पैनल में शामिल किया गया है। पलवल जिला में आयुष्मान योजना के अंतर्गत 120 अस्पतालों को पैनल में शामिल किया गया है, ताकि योजना के लाभार्थियों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सकें। उपायुक्त ने कहा कि तुला अस्पताल में आयुष्मान के लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगीं। अब इस योजना के पात्र लाभार्थी पलवल जिला में पैनल के अस्पतालों में अपना इलाज करवा सकेंगे। इस मौके पर उन्होंने तुला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से भी हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल में आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को मिल रही सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली।

## फूलों की खेती की ओर बढ़ रहा है किसानों का रुझान

### पलवल जिले में बागवानी विभाग ने 100 हेक्टेयर भूमि में रहा है लक्ष्य





> **किसानों** को फूलों की खेती करने के बारे में लगातार जागरूक किया गया है। किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है, ताकि बेहतर ढंग से फूलों का उत्पादन करें।
> **- डॉ. अब्दुल रज्जाक, जिला बागवनी अधिकारी**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पलवल** जिले में फूलों के उत्पादन का क्षेत्र लगातार बढ़ता जा रहा है। बागवानी विभाग हरियाणा द्वारा पलवल जिले में 100 हेक्टेयर भूमि में फूलों की खेती करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार द्वारा फूलों की खेती करने के लिए किसानों को अनुदान भी दिया जा रहा है, जिसके चलते पलवल जिले में किसानों का रुझान फूलों की खेती करने के लिए बढ़ गया है। जिला बागवानी अधिकारी डॉ. अब्दुल रज्जाक ने बताया कि योजना के अनुसार अभी तक सात किसानों को 20 एकड़ भूमि में फूलों की खेती करने के लिए अनुदान दिया जा चुका है। जिले के गांव मांदकौल के किसान ओमबीर, सुमेर सिंह, अमरदीप, दिनेश कुमार, अजीत सिंह, चतर सिंह, हितेश ने योजना का लाभ उठाया है। वहीं गांव पारोली में भी किसानों द्वारा आठ एकड़ में फूलों की खेती की जा रही है। इसके अलावा गांव घोड़ी और पातली कला में भी फूलों की खेती की जा रही है।

अधिकतर किसान कैल, स्टॉक, फीदर किंग, फीदर क्वीन, ट्यूबरोज, गलेड़ की खेती की जा रही है। इसके अलावा पलवल जिले के ब्लॉक पलवल में 100 एकड़ भूमि में मेरी गोल्ड फ्लॉवर की खेती की जा रही है। उन्होंने बताया कि बागवानी विभाग द्वारा मेरी गोल्ड फ्लॉवर पर 6400 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान दिया जा रहा है। जबकि बलबस फ्लॉवर पर 16 हजार से 24 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की 14 पात्र महिलाओं को भेंट किए निशुल्क गैस चूल्हे

### ग्रामीणों को दिलाई आत्मनिर्भर भारत की शपथ



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**केंद्र** व प्रदेश की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प जिला पलवल के गांव-गांव जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लोगों को निरंतर लाभ दे रही है। यह रथ यात्रा पलवल खंड के गांव मिल्क गनी व छज्जूनगर तथा बडौली खंड के गांव खेडला व मीसा और होडल खंड के गांव कांवरका व पिंगोड में पहुंची।

गांव मिल्क गनी, छज्जूनगर, खेडला व मीसा में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक पलवल दीपक मंगला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसी प्रकार गांव कांवरका में विधायक होडल के प्रतिनिधि राहुल नायर व पिंगोड में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने इस मौके पर उपस्थिति को विकसित व आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की 14 पात्र महिलाओं को निशुल्क गैस चूल्हे भेंट किए गए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में केंद्र व प्रदेश सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जा रही है और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। जो पात्र व्यक्ति अभी तक किसी भी कारणवश योजनाओं के लाभ से वंचित रहा, उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इन रथ यात्राओं में एक ओर जहां परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, वोट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बागवानी, बैंक द्वारा ऋण लेने, पेंशन, राशन कार्ड बनाने व त्रुटियों को दूर करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की भी जांच कर जरूरत अनुसार दवाएं भी दी जा रहीं हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में आए मुख्य अतिथियों ने विभागों द्वारा लगाई गईं स्टालों तथा नमो दीदी ड्रोन का अवलोकन करने के साथ-साथ उपस्थिति को आत्मनिर्भर व विकसित भारत का संकल्प दिलाया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों, खिलाड़ियों, लोकल कलाकारों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की करीब 14 पात्र महिलाओं को निशुल्क गैस चूल्हे भेंट किए। कार्यक्रम में लोगों ने एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुभ संदेश को सुना व देखा।

इस मौके पर पलवल निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन मुकेश सिंगला, मिल्क गनी के सरपंच नवरत्न, छज्जू नगर की सरपंच जगबीरी, कांवरका के सरपंच मोहित, पिंगोड से सुंदर, सह संयोजक सुनील, खेडला के सरपंच पूरण सिंह, मेघश्याम, हरी बघेल मीसा, गांव मीसा के सरपंच गुड्डू सहित अनेक गणमान्य लोग व ग्रामीण मौजूद रहे।

## फायरिंग कर 20 लाख की मांगी रंगदारी, दो गिरफ्तार



**पलवल।** भिड़ूकी गांव में कंस्ट्रक्शन ठेकेदार के कार्यालय पर हवाई फायरिंग कर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। उन्होंने इस वारदात को क्यों या किसके कहने पर अंजाम दिया था। होडल सीआईए प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि भिड़ूकी गांव निवासी ऋषिराज ने हसनपुर थाना में मुकदमा दर्ज कराया था कि वह कंस्ट्रक्शन का काम करता है। शनिवार की रात साढ़े करीब 10 बजे उसके कार्यालय पर दो अज्ञात बदमाश आए। जिन्होंने आते ही फॉयरिंग शुरू कर दी और गालियां देने के अलावा 20 लाख रुपये की रंगदारी की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हसनपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी डॉ. अंशु सिंगला ने इसकी जिम्मेदारी होडल सीआईए को सौंपी थी। होडल सीआईए में तैनात एसआई हनीश खान के नेतृत्व में गठित टीम ने वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों की सीसीटीवी के आधार पर पहचान कराकर उन्हें जिला मथुरा यूपी के कोसीकलां से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। भिड़ूकी गांव निवासी बंटी उर्फ हरीश व देवेंद्र उर्फ पव्वा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से अदालत ने दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से वारदात में प्रयोग हथियार व बाइक को बरामद किया जाएगा और उन्होंने इस वारदात को क्यों और किसके कहने पर अंजाम दिया इसके बारे में पूछताछ की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरस्वती महिला कॉलेज में हुआ विकसित भारत 2047 मिशन कार्यक्रम



**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय में गुरुवार को सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई मुहिम विकसित भारत 2047 मिशन युवाओं की आवाज से अवगत कराया गया। इस मुहिम का उद्देश्य भारत को आजादी के 100वें साल तक विकसित राष्ट्र बनाना है। नीति आयोग ने देश के बुद्धिजीवी वर्ग व युवा वर्ग को मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का संबोधन महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉक्टर वंदना त्यागी द्वारा किया गया। प्रिंसिपल ने सभी स्टाफ सदसयों व विद्यार्थियों को मिशन से अवगत कराया। इसके लिए कार्यक्रम का संचालन, वाईआरसी काउंसलर डॉक्टर सोनिया भारद्वाज व सदस्य मिस देविका शर्मा द्वारा किया गया। सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को पीपीटी द्वारा पोर्टल पर जाना व सुझाव देने जैसे निर्देशों से डॉक्टर श्वेता छाबड़ा नोडल अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक किया गया।

### डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता



**फरीदाबाद।** गुरुवार को डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में महाविद्यालय की प्राचार्या अर्चना वर्मा के निर्देशानुसार 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के तत्वावधान में जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मीनू रावत सरस्वती महिला महाविद्यालय, द्वितीय स्थान नेहा राजकीय महाविद्यालय पलवल तथा तृतीय स्थान रशमी सरस्वती महिला महाविद्यालय ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियागिता का आयोजन दिलबाग सिंह प्रवक्ता भूगोल विभाग द्वारा किया गया तथा प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका राजू, शेर सिंह व डॉ. संजीव कुमार ने निभाई। इस अवसर पर प्राचार्या अर्चना वर्मा ने सभी प्रतियोगियों व विजेताओं को मतदाता दिवस के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी तथा बधाई दी।

### डीपीएस ग्रेटर फरीदबाद में धूमधाम से मनाया क्रिसमस समारोह



**फरीदाबाद।** डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में क्रिसमस समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस मौके पर प्री-नर्सरी व नर्सरी के नन्हे बच्चों ने जिंगल मिंगल पर प्रस्तुति देते हुए सभी का मन मोह लिया। इस दौरान पूरा स्कूल क्रिसमस के रंग में रंगा नजर आया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शायदा राणा आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी के संकाय विकास और अनुसंधान केंद्र की स्थापना के लिए मुख्य सदस्य मौजूद रहीं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। स्कूल वाइस हेड गर्ल हरशीन बरार ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। इस दौरान क्रिसमस आधारित कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि शायदा राणा ने बच्चों की प्रस्तुति की मुक्त कंठ से सराहना की। इस मौके पर विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने सभी बच्चों को क्रिसमस की बधाई देते हुए बताया कि क्रिसमस क्यों मनाया जाता है। वहीं इस दौरान सांताक्लॉज ने बच्चों को खूब गुदगुदाया।

### एडवांस्ड कॉलेज में भारत स्काउट के शिविर का प्रारंभ



**पलवल।** एडवांस्ड कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ संस्था के प्रशासक डॉ सुनील दलाल द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी शर्मा ने की तथा संचालन जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने किया। इस अवसर पर डॉ. चिराग प्रबंधन समिति सदस्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण करते हुए मुख्य अतिथि सुनील दलाल ने कहा कि स्काउट्स एंड गाइड्स के शिविर के माध्यम से विद्यार्थी परिस्थितियों से सामंजस्य स्थापित करने में निपुण बनते हैं तथा उनके अंदर कौशलों का विकास होता है। अध्यापक शिक्षा के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी हैं। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का है, ऐसे समय में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत उपयोगी हैं। प्रशिक्षण के दौरान संस्था के सचिव विष्णु गौड़, डीओसी कब बुलबुल भारत दहिया, संजूबाला, जिला प्रशिक्षक हरीश चंद, शारदा पाराशर तथा अर्चना आदि द्वारा संस्था के सिद्धांत, नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, नोटिंग, लेसिंग के साथ-साथ जीवन रक्षण के उपाय के बारे में प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर स्काउट कोऑर्डिनेटर मनवीर सिंह, मनोज कुमार, सुरेंद्र प्रताप सिंह, मधु हंस, गीता हर्षाना आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मंझावली पुल व सड़क निर्माण पूरा न करने पर ठेकेदार पर कार्रवाई होगी



**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि मंझावली पुल व सड़क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। उन्होंने कहा कि सड़क को हर हालत में फरवरी तक यातायात के लिए खोला जाए। उपायुक्त विक्रम सिंह अधिकारियों के साथ पुल का निरीक्षण कर रहे थे। उपायुक्त विक्रम सिंह अधिकारियों के साथ खेड़ी गांव से रोड का निरीक्षण करते हुए यमुना नदी स्थित मंझावली पुल तक पहुंचे। यहां उन्होंने आम लोगों से बातचीत की और रास्ते में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोड पर समय-समय पर पानी का छिड़काव करते रहें और जल्द से जल्द रोड के निर्माण को पूरा करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तैयार हो रहे मंझावली पुल के कुछ अहम बिंदुओं पर अधिकारियों से जानकारी ली व जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एक्सईएन पीडब्ल्यूडी प्रदीप सिंधु सहित अन्य अधिकारी, ठेकेदार व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण तोड़ने गई पंचायत विभाग की टीम पर हमला

**पलवल।** सीहा गांव में पंचायत की जमीन से अवैध कब्जा हटाने पहुंची टीम पर पत्थरबाजी कर हमला करने व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला सामने आया है। मुंडकटी थाना पुलिस ने पंचायत अधिकारी की शिकायत पर दो महिलाओं सहित छह नामजद के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी होडल नरेश कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि उनके नेतृत्व में टीम डीसी के आदेश पर ग्राम पंचायत सीहा में अवैध कब्जा हटाने पहुंची थी। टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में जैसे ही अवैध कब्टा हटाना शुरू किया, उसी दौरान मौके पर सुरेश, सुरेश की पत्नी परसंदी, लेखराज की पत्नी किरण, लेखराज के बेटे दिनेश, दीपक व जगन आ गए। शिकायत में आरोप लगाया है कि उन लोगों ने घरों की छतों से पथराव शुरू कर दिया। जिसमें कई पुलिस कर्मियों को चोटें भी आई है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट नरेश कुमार व पुलिस बल ने उन लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माने और आसपास के मकानों की छतों से पुलिस व टीम के सदस्यों पर पथराव जारी रखा। जिसके बाद मौके पर और पुलिस बल बुलाना पड़ा, तब जाकर आरोपियों ने पथराव बंद किया। जिसके बाद तोड़फोड़ टीम वापस लौट आई और इसकी लिखित शिकायत मुंडकटी थाना पुलिस को दी। मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर सीहा गांव निवासी सुरेश, परसंदी, किरण, दिनेश, दीपक व जगन के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में दबिश शुरू कर दी है।

## वालीबॉल चैंपियनशिप एवं भारोत्तोलन चैंपियनशिप में एसडी कॉलेज का दबदबा



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**स्थानीय** जीजीडीएसडी महाविद्यालय पलवल के खिलाड़ियों ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय मे आयोजित अंतर विश्वविद्यालय वालीबॉल चैंपियनशिप एवं भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इन प्रतियोगिता का आयोजन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में किया गया। जिसमें महाविद्यालय की वालीबॉल की टीम ने चैंपियनशिप जीतकर अपना दबदबा बनाया। वहीं भारोत्तोलन में ऋतिक एवं जिज्ञासु ने सिल्वर तमगा तथा लावेश एवं सौरव ने ब्रांज तमगा जीतकर चैंपियनशिप में महाविद्यालय को दूसरा स्थान अर्जित करवाया। खेलकूद विभाग के प्रभारी डॉ. एसएस सैनी ने जानकारी दी कि वालीबॉल प्रतियोगिता अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर थी एवं महाविद्यालय के खेलकूद विभाग ने पहली बार ही वालीबॉल की टीम का गठन किया एवं चैंपियनशिप जीतकर महाविद्यालय की ऊंचाइयों को नया आयाम दिया है। उन्होंने ये भी बताया कि विजेता वालीबॉल टीम के आठ खिलाड़ियों का चुनाव ऑल इंडिया वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए भी हुआ है एवं खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत का ही परिणाम है। प्राचार्या प्रतिभा सिंगला एवं हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. केडी शर्मा ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी एवं आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय के प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र कालरा, उपाध्यक्ष मनोज मंगला, सचिव बंशीधर मखीजा एवं कोषाध्यक्ष नीलेश मंगला ने इस उपलब्धि के लिए खेलकूद विभाग के प्रभारी डॉ. एसएस सैनी, डॉ. नरेश सिंह, धर्मेंद्र तेवतिया एवं पवन कुमार को बधाई दी तथा आगे भी ऐसे प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## ओल्ड फरीदाबाद में रेहड़ी-पटरी वालों पर चला बुलडोजर

**फरीदाबाद।** नगर निगम की ओर से अतिक्रमण व अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ तोड़फोड़ अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने सेक्टर-15 और 16 में सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले रेहड़ी-पटरियों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। मौके पर लोगों ने तोड़फोड़ कार्रवाई का विरोध जताया, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। ओल्ड फरीदाबाद नगर निगम की टीम दोपहर सेक्टर-15, सेक्टर-16 व 16ए में पहुंची। जहां सड़कों के किनारे अवैध रूप से रेहड़ी-पटरियों पर दुकानें सजा कर अतिक्रमण किया हुआ था, जो सेक्टरों की सौंदर्यीकरण को खराब कर रहे हैं, साथ में ये रेहड़ियों-पटरियों पर लगे हुए अवैध दुकानों पर शरारती तत्व व आपराधिक किस्म के लड़के यहां आकर ठहरते हैं और मौका देखते ही लोगों से छीना-झपटी, चोरी की वारदातों को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं।

## दिव्यांगता दिवस समारोह में नागरिक अस्पताल के मरीजों को किया जागरूक

### कार्यक्रम प्रारंभिक हस्तक्षेप के माध्यम से दिव्यांगता की रोकथाम करने की थीम पर रहा आधारित



पायनयिर समाचार सेवा। पलवल

**नागरिक** अस्पताल में दिव्यांगता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसएमओ डॉ. अजय माम ने शीघ्र हस्तक्षेप की आवश्यकता और डीईआईसी के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी वर्मा ने आरबीएसके के तहत प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं और दिव्यांगता को रोकने के तरीके के बारे में जानकारी दी।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. बासुदेव गुप्ता द्वारा प्रारंभिक हस्तक्षेप से दिव्यांगता को रोकने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। कर्ण रोग विशेषज्ञ डॉ. शिल्पी अरोड़ा ने श्रवण बधिरता और कॉक्लियर इंप्लांट तथा श्रवण यंत्र के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ डेंटल सर्जन डॉ. नरेंद्र ने मुख एवं दंत स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी।

डीईआईसी प्रबंधक डॉ. साक्षी शर्मा ने प्रतिभागियों को दिव्यांगता से बचाव के लिए गर्भावस्था से लेकर जन्म के बाद दो वर्ष तक, बच्चे के 1000 दिनों की यात्रा के बारे में अभिभावकों को जागरूकता प्रदान की, जोकि बच्चों में किसी भी तरह की दिव्यांगता या विकास में देरी होने को रोकने में सक्षम है। मधु डागर द्वारा दिव्यांग लोगों के लिए विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कुछ अभिभावकों ने भी डीईआईसी से मिली सुविधाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में हुई बेहतरी के बारे में अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि बच्चों की उचित समय में थैरेपी होने से स्वास्थ्य में सुधार होने के कारण आज वे स्कूल जाकर शिक्षा ग्रहण करने और एक नॉर्मल जीवन जीने में सक्षम बने हैं।

इस अवसर पर सभी अभिभावकों को जागरूक किया गया कि आरबीएसके प्रोग्राम के अंतर्गत जन्मजात विकारों जैसे हृदय रोग, रीढ़ की हड्डी पर फोड़ा, कटे होंठ तालु, टेढ़े पैर, बधिरता, कूल्हे की हड्डी का खिसकना आदि के निशुल्क इलाज का प्रावधान है, जिसके लिए नागरिक अस्पताल में स्थित डीईआईसी से संपर्क किया जा सकता है।

इसके बाद बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया और डीईआईसी के माध्यम से उन्हें थैरेपी प्रदान की गई। इस दौरान डीईआईसी के सभी संबंधित प्रोफेशनल फिजियोथैरेपिस्ट लितेश मलिक, पुष्पा कुमारी, पूनम शर्मा तथा विमलेश मौजूद रहे।

## पार्किंग शुल्क जमा नहीं कर पर ठेका रद्द

**फरीदाबाद।** डबुआ मंडी मार्केट कमेटी की ओर से पार्किंग का ठेका रद्द कर दिया गया है। साथ ही ठेकेदार की अग्रिम जमा राशि भी जब्त कर ली गई है। 31 दिसंबर तक लोगों को पार्किंग के पैसे नहीं देने होंगे। नए सिरे से ठेका छोड़ने के लिए निविदा निकाली गई है।

डबुआ मंडी का विवादित पार्किंग ठेका शुरुआत से लेकर अंत तक कभी रद्द तो कभी बहाल होता रहा। वर्तमान में चल रहा ठेका फरवरी माह में भी रद्द कर दिया था लेकिन, न्यायालय द्वारा रद्द आदेश पर रोक लगा दी गई थी। दिसंबर माह ठेके का आखिरी माह था। ठेकेदार ने महीने का शुल्क जमा नहीं कराया था, इस पर मार्केट कमेटी ने ठेकेदार को लगातार तीन बार शुल्क जमा कराने के निर्देश दिए। ठेकेदार ने नोटिस को अनदेखा कर दिया। इसके बाद मार्केट कमेटी ने न्यायालय से स्टे आदेश में संशोधन करने की गुहार लगाई। जिससे ठेकेदार पर ठेके की शर्तें तोड़ने पर कार्रवाई की जा सके। न्यायालय ने 16 दिसंबर को अपने आदेश में स्पष्ट कर दिया कि स्टे के दौरान कोई भी पक्ष टेंडर की शर्तों को तोड़ता है तो दूसरे पक्ष के आगामी कार्रवाई के लिए स्वतंत्र हैं।

## महिलाओं के राज्य पुरस्कारों के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन




**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं से राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदनों की अंतिम तिथि को बढा दिया गया है। अब यह आवेदन 31 दिसंबर तक आमंत्रित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अनेक प्रकार के पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है और यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को प्रदान किए जाते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि इन पुरस्कारों में सुषमा स्वराज अवॉर्ड के तहत प्रशस्ति पत्र व शॉल के साथ पांच लाख रुपये, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के तहत एक लाख 50 हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, लाइफ टाइम अचिवर्स पुरस्कार के तहत 51 हजार रुपये तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया किया जाता है। इसके अतिरिक्त एएनएम/महिला एमपीएचडब्ल्यू के दो पुरस्कारों के तहत 21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र, महिला खिलाड़ी पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र, साक्षर महिला समूह सदस्य के दो पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र, सरकारी कर्मचारी के दो पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र और सामाजिक कार्यकर्ता के दो पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी नुपुर ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय या उपायुक्त कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। इन पुरस्कारों के संबंध में अधिक जानकारी, पात्रता एवं आवेदन फार्म के लिए लघु सचिवालय पलवल स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय के कमरा नंबर-111 या महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा की वेबसाइट पर विजिट की जा सकती है।

# आईपीएल क्रिकेट

## वाणिज्यिक उद्यम

**आईपीएल** अब केवल क्रिकेट नहीं है, बल्कि भारी कमाई ने इसे एक शुद्ध वाणिज्यिक उद्यम में बदल दिया है। हमारे देश में क्रिकेट का सम्मान धर्म से कम नहीं है। इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल की नीलामी हमेशा शानदार रहती है। इस वार्षिक आयोजन का आजकल टीवी पर लाइव प्रसारण हो रहा है। इसने क्रिकेट के प्रति अत्यधिक आकर्षण पैदा किया है जिसमें क्रिकेट प्रेमी, टीमों के स्वामी व खिलाड़ी समान रूप से शामिल हैं। नीलामियों के नवीनतम संस्करण में पेस बालरों की मांग बहुत अधिक थी। शानदार आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी माइकेल स्टार्क सर्वाधिक महंगे खिलाड़ी सिद्ध हुए और उनको 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा गया। हालांकि, इतने भारी–भरकम 'पे पैकेज' सुर्खियों में स्थान पाते हैं, पर इससे वाणिज्यिक आयामों व खेल की मूल भावना में संतुलन बनाने पर महत्वपूर्ण सवाल भी खड़े होते हैं। स्टार्क जैसे खिलाड़ियों को जितनी भारी–भरकम धनराशि मिलती है वह इस बात का संकेत है कि आईपीएल एक आकर्षक बिजनेस उद्यम में बदल गया है। इस प्रकार अब 'जेंटलमैन्स गेम' तेजी से बहुत अमीर विशिष्ट लोगों का मनोरंजन बन रहा है जहां खिलाड़ी खेल में केवल मुहरे की तरह होते हैं। ऐसे में यह दक्षिण कोरिया की वेब सीरीज़ 'स्क्विड गेम्स' से बहुत दूर नहीं रह गया है जिसमें कुछ अमीर लोग खिलाड़ियों पर मनोरंजन के लिए बोली लगाते हैं। टीमों के मालिक शानदार खिलाड़ी अपने पक्ष में लाने के लिए बहुत बड़ी धनराशि खर्च करते हैं और इस प्रकार बोली बोलने का युद्ध अक्सर भयानक शाहखर्ची में बदल जाता है। निश्चित रूप से इसमें नीलामी का उत्तेजक तत्व भी शामिल है, पर इससे यह भी रेखांकित होता है कि वाणिज्यीकरण कैसे केन्द्र में आ जाता है। शुरुआत से ही आईपीएल पैसे



का खेल बन गया है। यह स्पांसरों को आकर्षित करता है, सौदों का व्यापक प्रसारण करता है तथा इसके प्रशंसकों की बहुत बड़ी संख्या है। लीग का फार्मेट क्रिकेट मनोरंजन को चकाचौंध व ग्लैमर से जोड़ता है और यह इस प्रकार पैसा देने वाली दुधारू गाय बन गया है। हालांकि, किसी स्पोर्ट लीग की सफलता के लिए वित्तीय सफलता महत्वपूर्ण है, पर खेलों के प्रति निष्ठा तथा वाणिज्यिक हितों के बीच संतुलन बनाए रखने के बारे में चिन्ता बढ़ रही है। आईपीएल में वाणिज्यिक हित ज्यादा महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। चेकों में शून्यों की संख्या बढ़ते जाने के साथ खतरा है कि कहीं क्रिकेट पृष्ठभूमि में न धकेल दिया जाए। आईपीएल का प्रमुख उद्देश्य क्रिकेट प्रतिभा को ऐसे फार्मेट में प्रदर्शित करना था जो उत्तेजक व मनोरंजक हो। लेकिन खेल के बजाय वाणिज्यिक उद्यम की ओर झुकाव अक्सर खेल की शुद्धता पर सवाल खड़े करता है। यह टीम गेम अब व्यक्तिगत कौशल प्रदर्शित करने का माध्यम बन गया है। सितारों पर खर्च की जाने वाली भारी–भरकम धनराशि टीम की गतिशीलता प्रभावित करती है। ऐसे में टीमें स्वयं को कुछ प्रमुख खिलाड़ियों पर अत्यधिक निर्भर पा सकती हैं जिससे क्रिकेट को शानदार खेल बनाने वाला प्रतियोगी संतुलन कमजोर हो सकता है। वाणिज्यिक हित न केवल खिलाड़ियों की नीलामी, बल्कि लीग के पूरे ढांचे में दिखते हैं। टूर्नामेंटों का निर्धारण, मार्केटिंग रणनीतियों व खेल स्थल की पसंद में क्रिकेट के बजाय वाणिज्यिक लाभ को महत्व दिया जाता है। आईपीएल एक ब्रांड बन चुका है, पर यह खेल की मूल भावना पर हावी नहीं होना चाहिए। वित्तीय सफलता तथा खेल की भावना के बीच संतुलन आईपीएल की दीर्घकालीन जीवन्तता व विश्वसनीयता के लिए जरूरी है।

# पुरानी पेंशन योजना की विभीषिका

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीतिक जोखिम उठाते हुए भी विधानसभा चुनावों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली का वादा नहीं किया था। यह अर्थव्यवस्था व देश की भावी पीढ़ी के लिए विभीषिका है।**



**के.एस. तोमर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीतिक जोखिम उठाते हुए भी हालिया विधानसभा चुनावों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली का वादा नहीं किया था, जबकि विपक्षी दलों तथा कई गैर–भाजपा सरकारों ने चुनावों में लाभ उठने के उद्देश्य से पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा की थी या उसे लागू किया था। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी दूरगामी व समावेशी नीति के अंतर्गत साहसी निर्णय लेते हुए पुरानी पेंशन योजना–ओपीएस के स्थान पर बाजार–संचालित तथा वित्तीय रूप से जीवन्त राष्ट्रीय पेंशन योजना–एनपीएस की घोषणा 2003 में की थी। अटल बिहारी वाजपेयी की इस घोषणा का प्रमुख उद्देश्य मुख्यत: वर्तमान पीढ़ी को अल्पकालीन लाभ देने के बजाय देश की भावी पीढ़ियों पर वित्तीय बोझ घटाना था। राष्ट्रीय पेंशन योजना–एनपीएस का उद्देश्य राज्यों को भावी वित्तीय दबाव से मुक्त करना तथा आर्थिक ढांचागत संरचना को ध्वस्त होने से बचाना था।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार तथा भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई ने पुरानी पेंशन योजना–ओपीएस का विरोध किया था। भारतीय रिजर्व बैंक की सितंबर बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया गया था कि ओपीएस की वापसी करने वाले राज्य ऐसे भयानक वित्तीय दबाव का सृजन कर रहे हैं जिसे बनाए रखना संभव नहीं होगा। ओपीएस लागू करने का वित्तीय बोझ बहुत अधिक था। समग्र रूप से ओपीएस लागू करने का प्रभाव एनपीएस की तुलना में 4.5 गुना अधिक था और इससे वर्ष 2060 तक जीडीपी पर हर साल 0.9 प्रतिशत का अतिरिक्त बोझ पड़ने वाला था। इस लेख में लेखकों ने यह तथ्य भी रेखांकित किया था कि भले ही ओपीएस कर्मचारियों के लिए ज्यादा आकर्षक लगती हो, पर इसका सरकर पर भारी वित्तीय बोझ पड़ेगा।

इसके उलट नई पेंशन योजना या राष्ट्रीय पेंशन योजना–एनपीएस का उद्देश्य बजट पर बोझ घटाने के साथ अच्छी पेंशन सुनिश्चित करना था। 23 साल पहले किए एक शोध के अनुसार केन्द्र व राज्यों के कारण भारत पर पड़ने वाला पेंशन संबंधी कर्ज तथा पेंशन योजना पर होने वाला खर्च अकल्पनीय स्तर तक बढ़ेगा जिसे बनाए रखना असंभव हो जाएगा। इसके कारण देश की अर्थव्यवस्था पर भविष्य में भारी बोझ पड़ेगा जिसके कारण देश का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।




इस शोध के साथ अनेक अन्य अध्ययनों से भी स्पष्ट था कि पुरानी पेंशन योजना–ओपीएस देश में भावी आर्थिक विभीषिका का कारण बनेगी। अनुमानों के अनुसार, ओपीएस लागू करने वाले राज्यों को गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। राज्यों की अर्थव्यवस्था पर ओपीएस के कारण पड़ने वाला बोझ हर साल बढ़ता चला जाएगा। यह खासकर हर साल कई गुना बढ़ेगा, जबकि दस साल के बाद इससे अर्थव्यवस्था पर लाखों करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी तथा अनेक अन्य विपक्षी दलों ने पुरानी पेंशन योजना–ओपीएस लागू करने का चुनावी वादा किया था। इसके कारण भाजपा के राज्यस्तरीय नेताओं पर भी भारी दबाव था। उनको डर था कि कहीं चुनावों के पहले कर्मचारियों की नाराजी के कारण उनको चुनावों में हार का मुंह न देखना पड़े। लेकिन खुशी की बात है कि भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व अपने राज्यस्तरीय नेताओं पर पड़ रहा यह दबाव झेलने में सफल रहा।

प्रमुख अर्थशास्त्री ओपीएस लागू करने के सख्त विरोधी थे क्योंकि इसका भविष्य में अर्थव्यवस्था पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता था। यह विनाशकारी प्रभाव हर साल बढ़ने वाला था। अब समाप्त कर दिए गए योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कुछ राज्य सरकारों द्वारा ओपीएस लागू करने के इस कदम को मूर्खतापूर्ण बताते हुए कहा था कि यह भविष्य में दीवालियापन पैदा करने का कारण बनेगा। यहां तक कि उन्होंने इसे दीवालियापन का निश्चित मार्ग कह दिया था। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी भी मोंटेक सिह अहलूवालिया से सहमत थे। उन्होंने कांग्रेस से अनुरोध किया था कि वह ओपीएस लागू करने के अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे क्योंकि यह वित्तीय विभीषिका का कारण बन सकती है। उन्होंने कांग्रेस से यह भी कहा था कि वह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जहर उगलना बंद करे।

लेकिन इन सारे तथ्यों के उलट कांग्रेस द्वारा ओपीएस लागू करने के वादे को 'इंडिया' के 2024 एजेंडे में शामिल किया जा सकता है। 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए परेशान कांग्रेस ओपीएस लागू करने के प्रति अपने एजेंडे पर जमी रह सकती है। उसने राज्यों में राज्य कर्मचारियों तथा केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करने का चुनावी वादा किया था। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी–एआईसीसी के सर्वोच्च नेताओं ने आंकड़े देकर सिद्ध किया है कि केन्द्र व राज्य कर्मचारियों पर ओपीएस लागू करने का वादा इस मुद्दे पर उनको भाजपा का विरोध करने के लिए प्रेरित कर सकता है। कांग्रेस को विश्वास है कि यदि ओपीएस लागू करने को 2024 के चुनाव घोषणापत्र में शामिल किया जाए तो 4 करोड़ 60 लाख से अधिक कर्मचारियों और उनके परिवारों का बहुसंख्य 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में वोट देगा।

पंजाब और हिमाचल प्रदेश सरकारों ने ओपीएस का क्रियान्वयन इस तथ्य के बावजूद किया है कि उनके ऊपर क्रमश: 2.63 लाख करोड़ तथा 90,000 करोड़ रुपये कर्ज का बोझ है। ओपीएस लागू करने से कर्ज का यह बोझ सरकारी खजाने पर हजारों करोड़ रुपये और बढ़ जाएगा।

आंकड़ों के अनुसार, राज्यों का पेंशन दायित्व उनके कुल खर्च का 2.1 प्रतिशत है जो बढ़ कर 8.9 प्रतिशत हो जाएगा। इसके साथ ही भविष्य में इसके और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। 2040 तक यह बढ़ कर 7.89 प्रतिशत बढ़ सकता है क्योंकि 2014 से 2019 तक इसमें पहले ही 15.90 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। लेकिन इसके साथ ही यह तथ्य भी है कि पुरानी पेंशन योजना–ओपीएस ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की विजय सुनिश्चित करने में 'रक्षक' की भूमिका अदा की है। पुरानी पेंशन योजना–ओपीएस ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की 2022 में विजय सुनिश्चित की है और कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी विजय में उसने महत्वपूर्ण योगदान किया है। लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस यह देखने में विफल रही कि इस वादे के बावजूद उसकी छत्तीसगढ़ व राजस्थान विधानसभा चुनावों में दयनीय पराजय हुई, जबकि वहां उसकी सरकारों ने यह योजना पहले ही लागू कर दी थी।

अर्थशास्त्रियों की राय है कि तीन राज्यों के चुनाव में ओपीएस के कारण कर्मचारियों के समर्थन का कांग्रेस के भविष्य पर नगण्य प्रभाव पड़ा और वह चुनाव हार गई। उनके अनुसार यह राज्यों तथा देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक प्रकार से 'वरदान' है क्योंकि ओपीएस के कारण राज्यों का आर्थिक ढांचा नष्ट होने का खतरा पैदा हो गया था। इससे दुनिया में बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरने की देश की महत्वाकांक्षा प्रभावित हो सकती थी।

कर्मचारी ओपीएस इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि इससे उनको आजीवन पेंशन की गारंटी मिल जाती है जो अंतिम वेतन का पचास प्रतिशत होती है। दूसरी ओर एनपीएस बिना किसी गारंटी के बाजार–संबंधित लाभ देती है। ये लाभ कर योग्य होते हैं, जबकि ओपीएस हर प्रकार के टैक्स से मुक्त है। 531.71 लाख ग्राहकों के साथ एनपीएस की परिसंपत्तियां 31 मार्च, 2022 को 7.36 ट्रिलियन थीं, जबकि ये 2021 में 5.78 ट्रिलियन थीं। कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता अपने पास बनाए रखने में विफल रही, जबकि उन्होंने चुनाव के एक साल पहले ही ओपीएस क्रियान्वित कर दी थी तथा वादा किया था मध्य प्रदेश में भी ओपीएस लागू की जाएगी। ओपीएस के विनाशकारी नतीजों के कारण भाजपा एनपीएस में कुछ सुधार करने का रास्ता खोज सकती है और इस प्रक्रिया को आने वाले दिनों में तेज किया जा सकता है।

# बिहार में महिला केंद्रित पहलकदमियां

> “बिहार की व्यापक योजनाओं ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के जीवन को बदल दिया है।”



**रिंकू कुमारी**
(लेखिका, अध्यापक एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं)

केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर सरकारें महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए देश भर में विभिन्न पहल लागू कर रही हैं। संसद में महिला आरक्षण विधेयक को सर्वसम्मति से मंजूरी इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति को रेखांकित करती है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार के प्रयास अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल के रूप में ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। पिछले दो दशकों में आधी आबादी के जीवन में जो असाधारण बदलाव आए हैं, वे मान्यता के पात्र हैं। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने से लेकर स्थानीय शासन और नौकरियों में महिलाओं के लिए 33त्न से 50त्न आरक्षण प्रदान करने तक, बिहार सरकार ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं को शामिल करने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

इन पहलों के परिणामस्वरूप, युवा लड़कियां और महिलाएं, जो कुछ साल पहले अपने घरों की दहलीज तक ही सीमित थीं, अब विभिन्न सरकारी और गैर–सरकारी कार्यालयों के साथ–साथ पंचायती राज संस्थानों में भी सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। स्कूलों और कॉलेजों में लड़कियों की बढ़ती संख्या राज्य में महिलाओं के बीच बढ़ती साक्षरता दर को दर्शाती है।

बहुत प्रशंसा के साथ शुरू की गई मुख्यमंत्री साइकिल और वर्दी योजना ने बिहार के अभिनव दृष्टिकोण की ओर ध्यान आकर्षित किया। जो स्कूल कभी वीरान थे, वे अब उत्साही छात्रों से समृद्ध हो रहे हैं। जिन क्षेत्रों और समुदायों में बालिका शिक्षा में कम रुचि थी, वे अब सक्रिय रूप से अपनी बेटियों को स्कूलों और कॉलेजों में भेज रहे हैं। अनेक नारों और वादों के बावजूद, सरकारी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन की बदौलत उन समुदायों में आर्थिक और



सामाजिक पिछड़ापन दूर हो गया है, जहां लड़कियों की शिक्षा की उपेक्षा की जाती थी। मुख्यमंत्री कन्या साइकिल योजना की शुरुआत के बाद कई लाभार्थियों ने न केवल शिक्षा प्राप्त कर अपना उत्थान किया है बल्कि बिहार पुलिस में नौकरी भी हासिल की है और शिक्षक भी बने हैं। राज्य में बालिकाओं के जीवन में बदलाव न केवल महिला सशक्तिकरण का एक अनुकरणीय उदाहरण है, बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी आशा की किरण है। सशक्त बेटियों को देखकर, ग्रामीण क्षेत्रों में माता–पिता भी अब आत्मविश्वास पा रहे हैं, उन्हें एहसास हो रहा है कि बेटियां बोझ नहीं हैं बल्कि वास्तव में परिवार में समृद्धि लाती हैं। मानसिकता में बदलाव स्पष्ट है और आज हर घर में बेटियों को महत्व दिया जाता है।

साइकिल और वर्दी योजना की सफलता तो बस शुरुआत थी। बिहार अब कई अन्य योजनाएं लागू कर रहा है जो महिलाओं के समग्र विकास और उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। तृतीय–स्तरीय पंचायती राज संस्थानों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण ने लैंगिक असमानताओं को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने वाला बिहार देश का पहला राज्य बन गया। इसके अतिरिक्त, सरकार ने पुरुषों के वर्चस्व को चुनौती देते हुए पुलिस बल में महिलाओं के लिए 35त्न आरक्षण सुनिश्चित किया है।

इस आरक्षण के परिणामस्वरूप बिहार पुलिस बल में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2013 में मात्र 3.4 प्रतिशत की तुलना में 2022 में 21.21 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

एक अभूतपूर्व कदम में, बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से कक्षा एक से आठ के लिए शिक्षकों की भर्ती में महिलाओं के लिए 50त्न आरक्षण प्रदान कर रहा है। इसके अलावा, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 35त्न सीटें महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। महिला आरक्षण के प्रति बिहार की प्रतिबद्धता एक नया मानदंड स्थापित कर रही है और इसका सकारात्मक प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। महिलाएं अब हर स्कूल, सरकारी कार्यालय और पुलिस स्टेशन में मौजूद हैं और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भागीदारी दिखा रही हैं।

मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, जननी बाल सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित बिहार की योजनाओं की व्यापक श्रृंखला ने शहरी और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं के जीवन को बदल दिया है। ग्रामीण इलाकों। इन पहलों ने बिहार में महिलाओं के जीवन के परिदृश्य को सफलतापूर्वक बदल दिया है।

# आप की **बात**

## दूरसंचार कानून

**दूरसंचार कानून**, 2023 नए सुधारों के साथ लागू किया गया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन व एआई के इस युग में जनता के अधिकारों की सुरक्षा एवं गोपनीयता आदि को देखते हुए नया कारगर कानून लागू करना बहुत जरूरी था। इस कानून में नई कंपनियों को दूरसंचार के क्षेत्र में उतरने के अवसर प्राप्त होंगे जिससे जनता को अधिक पसंद मिलेगी। इसके साथ ही इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ने से दरें भी कम होने की उम्मीद है। सरकार को ऑनलाइन लेनदेन सुरक्षित बनाने के लिए एआई की सहायता से एक कारगर व्यवस्था लागू करनी चाहिए ताकि साइबर ठग अपनी करनी से बाज आए। एआई के माध्यम से डीपफेक बना कर सेलेब्रिटीज़ व नेताओं की छवि धूमिल करने के प्रयासों पर भी सख्ती से रोक लगानी चाहिए। जनता को दूरसंचार व एआई के माध्यम से ठगी के प्रति जागरूक करने के साथ उसकी शिकायत निवारण की व्यवस्था तेज करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के सभी जिलों में साइबर–थाने खोलने का निर्णय किया है। दूसरे राज्यों को भी इस कदम का अनुसरण कर ऐसी प्रभावी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे जनता को साइबर ठगों से मुक्ति मिल सके।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## खेल और अर्थव्यवस्था

**भारतीय क्रिकेट बोर्ड**–बीसीसीआई की मौजूदा नेटवर्थ 18.760 करोड़ है जो दूसरे सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड ऑस्ट्रेलिया से करीब तीन गुना अधिक है। आईपीएल और वर्ल्ड कप के कारण नवंबर, 23 में बीसीसीआई की कमाई काफी तेजी से बड़ी है। वनडे वर्ल्ड कप से भारतीय इकोनॉमी में भी करीब 22 हजार करोड रुपए आए हैं जो कि बीसीसीआई की नेटवर्थ से लगभग सवा गुना अधिक है। अत: कह सकते हैं कि हम विश्व कप क्रिकेट का आयोजन कर कहीं से भी घाटे में नहीं रहे हैं। केवल फइनल वाले उस दिन ही हमारा लक खराब था अत: अगर हम उस दिन को भूल जाएं तो हमारे लिए यह वर्ल्ड कप कोई घाटे का सौदा नहीं रहा। दुनिया भर से आए क्रिकेट प्रेमियों ने भी यहां भारत में आकर जी भर कर खर्च किया तथा इससे भी हमारे हर मैच वाले शहर की आय भी काफी अधिक बड़ी है। खेलों से अर्थव्यवस्था में चहुमुखी योगदान मिलने के साथ ही इनके व्यापक प्रचार–प्रसार से नौजवानों में ऊर्जा का प्रवाह होता है तथा वे सकारात्मकता की ओर बढ़ते हैं। भारत सरकार देश के गांवों तक सभी प्रकार के परंपरागत खेलों को भी बढ़ावा दे रही है जो एक उल्लेखनीय परिघटना है।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

## हंगरी में राष्ट्रवाद

**राष्ट्रवाद** जिन्दा रखने के राष्ट्रवादियों को एक अदृश्य दुश्मन को देश की जनता के समक्ष पेश कर यह बताना पड़ता है कि विदेशी हस्तक्षेप एवं विदेशी वित्तपोषण से देश की एकता व सम्प्रभुता को खतरा है। इसलिए हर राष्ट्रवादी सत्ता में आते ही देश में मौजूद तमाम राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठओं पर प्रतिबंध लगाता है ताकि उसके अत्याचारों पर डर के कारण कोई आवाज़ न उठा सके। इस समय यूरोपीय संघ–ईयू व नाटो सदस्य हंगरी में यही हो रहा है। प्रधानमंत्री विक्टर ओरबन ने सम्प्रभुता संरक्षण कानून को आखिरकार पास करा ही लिया। आलोचकों के अनुसार, यह कानून विरोधियों को कमजोर करने के लिए लाया गया है। इसे अगले साल होने वाले ईयू संसद व नगरपालिका चुनावों से पहले मतदाताओं का ध्यान भटकाने के लिए लाया गया है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, प्रस्तावित कानून हंगरी के संवैधानिक और यूरोपीय संघ के दायित्वों के अनुरूप नहीं है। हंगरी का आचरण निरंकुश व तानाशाह जैसा होता जा रहा है। इससे ईयू में उसकी स्थिति प्रभावित होगी तथा उसे बाहर निकालने की मांग तेज होगी।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## विपक्षियों के मुद्दे

**विपक्षी** जब सांसदों के निलम्बन का मुद्दा उठा रहे थे तब तक सबकुछ सामान्य था और उसे जनता की सहानुभूति मिल सकती थी। लेकिन विपक्षी नेता कोई न कोई बड़ी गलती कर देते हैं। इसबार भी उनकी गलती उप–राष्ट्रपति का मजाक उड़ाने वाली मिमिक्री के रुप में सामने आई है। इससे उसके प्रति जनता का गुस्सा बढ़ेगा ही। विपक्ष हर बार ऐसा मुद्दा उठाता है जिससे जनता का दूर–दूर तक कोई लेना–देना नहीं होता है। विपक्ष हर बार गलत मुद्दा उठाता है। इनमें राफेल, नए संसद भवन के उद्घाटन व संसद में प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित सेंगोल जैसे मुद्दे शामिल हैं। इन सभी मुद्दों को जनता ने नकार दिया है। विपक्ष जनता की नब्ज टटोलने में बार–बार विफल हो जाता है। ऐसा लगता है कि बड़े विपक्षी नेता ऐसे चाटुकारों या एनजीओ–पैरोकारों से घिर गए हैं जिनका जनता से कोई संपर्क नहीं है और वे अपने बनाए हुए कल्पनालोक में ही जीवित हैं। संसद पर हमला करने वालों की बेरोजगारी व महंगाई के नाम पर पैरोकारी एक बड़े विपक्षी नेता के दिमागी दीवालियापन का स्पष्ट उदाहरण है।

– **समराज चौहान,** नई दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर आधा दर्जन अफसर निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद हुई कार्रवाई, स्पष्टीकरण भी किया गया तलब

**इंटीग्रेटेड** ग्रीवांस रेड्रेसल सिस्टम (आईजीआरएस) की शिकायतों को गंभीरता से न लेने और निपटारे में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफयोगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक में लापरवाही बरतने वाले करीब आधा दर्जन अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए स्पष्टीकरण से लेकर निलंबन तक की कार्रवाई के आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से नियुक्ति विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, गृह विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और नगर विकास विभाग को पत्र जारी करते हुए लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई कर अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री सचिव अमित सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईजीआरएस की शिकायतों के निपटारे में लापरवाही को संज्ञान में लिया है। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस पर नियुक्ति विभाग को कानपुर नगर की तहसील नर्वल में शिकायतकर्ता की फाइल गायब होने के आठ माह बाद भी अपर जिलाधिकारी द्वारा तत्कालीन पेशकार अनुज त्रिपाठी पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी जबकि उनको दोषी पाया गया था। इस पर अपर जिलाधिकारी को स्पष्टीकरण नोटिस देने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह सुल्तानपुर के ग्राम सलाहपुर, ब्लॉक भदैया में प्रधान सचिव पर घूस न देने के कारण अपात्र को प्रधानमंत्री आवास की पहली किश्त जारी करने की शिकायत पर संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को मध्यावधिक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई, लेकिन खंड विकास अधिकारी द्वारा मामले को मांग श्रेणी में फ्लैग करते



हुए स्पेशल क्लोज कर दिया गया। इससे शिकायतकर्ता को फीडबैक देने का विकल्प समाप्त हो गया, जो शासनादेश का उल्लंघन है। इस पर ग्राम्य विकास विभाग को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से खंड विकास अधिकारी को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं कुशीनगर में ग्राम पंचायत की निर्माणाधीन सड़क को अधूरा छोड़ने की शिकायत के निस्तारण में खंड विकास अधिकारी द्वारा लापरवाही पर खंड विकास अधिकारी मोतीचक को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। आईजीआरएस पर सुल्तानपुर ग्राम हांसापुर की तहसील कादीपुर में ग्रामसभा की जमीन पर लगे पेड़ों को काटकर बेचने की शिकायत के मामले में जयसिंहपुर क्षेत्राधिकारी और मोतीगढ़पुर थाना के उपनिरीक्षक द्वारा लापरवाही के साथ ही पोर्टल पर सतही आख्या दी गई। इस पर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से गृह विभाग को क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर को स्पष्टीकरण नोटिस देने के साथ मोतीगढ़ प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को हरदोई के ग्राम पेड़ाबहर की प्राप्त शिकायत में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एएस गंगवार द्वारा लापरवाही बरतने पर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा आईजीआरएस पर सीतापुर में नाली की सफाई और निर्माण में लापरवाही की शिकायत की गई। आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक के दौरान मामले में नगर पालिका बिसवां और सीतापुर के अधिशासी अधिकारी की रिपोर्ट अलग-अलग पायी गई, जो यह दर्शाता है कि शिकायत का समुचित समाधान नहीं किया गया। इस पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका बिसवां के अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह और नगर पालिका सीतापुर के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी को सचेत करने का उल्लेख किया गया। ऐसे में मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से नगर विकास विभाग को दोनों को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# शीतलहर के मद्देनजर कंबल न खरीदने पर तीन जिलों के डीएम से जवाब-तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● 72 जिलों ने कंबल क्रय की प्रक्रिया पूरी की, तीन जिलों में खरीद न होने से मुख्यमंत्री नाराज

**प्रदेश** में शीतलहर और ठंड के मद्देनजर योगी सरकार ने अलाव और कंबलों की मुकम्मल व्यवस्था करने के निर्देश पहले ही दे दिए हैं। प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर इसके लिए 29 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जा रहे हैं। वहीं 72 जिलों में कंबलों की खरीद का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि तीन जिलों में विलंब होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी व्यक्त की है। सीएम के निर्देश पर तीनों जिलों के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि कहीं पर भी अलाव और कंबल की कमी ना होने पाए। साथ ही कंबल की गुणवत्ता से भी किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। जिलों में कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था की निगरानी सीधे मुख्य सचिव स्तर पर की जा रही है। सरकार की ओर से प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए जहां कंबल की खरीद के लिए 27.27 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं वहीं अलाव के लिए 1.77 करोड़ की व्यवस्था की गई है। अब तक प्रदेश के 72 जिलों में कंबलों क्रय की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जबकि कानपुर देहात, संभल और एटा में इस कार्य में हो रहे विलंब पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इनके जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए हैं। 20 दिसंबर तक प्रदेश में 330794 कंबलों की खरीद पूरी कर ली गई है जबकि 45293 कंबलों को वितरित भी किया जा चुका है। वहीं प्रदेशभर में 1199 रैन बसेरों को संचालित किया जा चुका है। साथ ही अलाव जलाने के लिए प्रति तहसील 50 हजार रुपए भी योगी सरकार ने आवंटित कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने खादी ग्राम उद्योग बोर्ड से खुली निविदा के माध्यम से गोरखपुर, अयोध्या, मिर्जापुर, वाराणसी, मुरादाबाद मंडलों द्वारा एल-1 की दर से कुल 24 हजार कंबल क्रय करने के निर्देश दिए गए हैं। योगी सरकार की ओर से प्रदेश में शीतलहर के मद्देनजर राज्य आपदा मोचक निधि में 120 करोड़ रुपए का प्रविधान किया गया है।

# पीड़ितों की सहायता में लापरवाही पर होगी कार्रवाईः मुख्यमंत्री

● जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित है कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया। हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी।

# अर्थव्यवस्था के मजबूत आधार थे परम्परागत शिल्प व उद्योगः सुनील बंसल

● पीएम विश्वकर्मा योजना से शिल्पकारों को जोड़ने के लिए गांव, गली व मोहल्लों में अभियान चलाएगी भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से शिल्पकारों को जोड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी गांव, गली, मोहल्लों में अभियान चलाकर हुनरमंदो को योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित करेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से पात्रों को जोड़ने के लिए प्रारम्भ किए गए अभियान के धरातलीय क्रियान्वयन का प्रशिक्षण दिया। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी तथा अभियान के जिला संयोजक व सहसंयोजक उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने किया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि भारत के सामाजिक ढांचे में परम्परागत शिल्प व उद्योग अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार थे। कालान्तर में ऐसे शिल्प व उद्योगों की अनदेखी के कारण देश की परम्परागत उद्यमिता विकास की मुख्यधारा से दूर हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन परम्परागत शिल्पियों तथा उद्यमियों को आधुनिक प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही बिना गारन्टी के पांच फीसदी वार्षिक ब्याज की दर से तीन लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता के रूप में हम सबकी जिम्मेदारी है कि हमारे आस-पास, हमारे गांव, गली, मोहल्ले में जो भी लकड़ी का काम करने वाले, सोने चांदी का काम करने वाले, चर्मकार, कपड़ो की धुलाई करने वाले, नाव बनाने वाले, ताला बनाने वाले आदि पारम्परिक कारीगरी से जुड़े लोगों को पीएम विश्वकर्मा सम्मान योजना से जोड़कर उनकी आर्थिक व सामाजिक उन्नति से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूर्ण करना है। योजनाबद्ध तरीके से अभियान को चलाना है और प्रत्येक शिल्पी व कारीगर को योजना के लाभ बताकर योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित करना है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि जब तक देश के परम्परागत कारीगर, शिल्पकार, उद्यमी आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होगें तब तक देश भी आर्थिक महाशक्ति नहीं बन सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबी का जीवन जिया है और अपने संघर्ष काल में देश की धरातलीय स्थिति को नजदीक से देखा है यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रारम्भ की गई हर योजना में गांव, गरीब, किसान, श्रमिक, कारीगर, शिल्पकार की आर्थिक व सामाजिक उन्नति निहित है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना भी देश के शिल्पकारों एवं कारीगरों को देश के विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। पारम्परिक कौशल रखने वाले 18 प्रकार के शिल्पकार जिनके घरों में पीढियों से काम करने वाला हुनर है, वह हुनर और निखर कर देश की आर्थिक ताकत बनेगा। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में फोकस करना है जिससे गांव के शिल्पकारों को उनके गांव में ही प्राचीन भारत की तरह रोजगार का भरपूर अवसर प्राप्त हो सके। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना का शुरू करने का उद्देश्य पारंपरिक शिल्प से जुड़े शिल्पकार और कारीगरों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। ताकि वह अपने प्रोडक्ट व सर्विस को बाजार में सहजता से पहुंचा सके। शिल्पकार और कारीगरों को आर्थिक सहायता कर उनके जीवन स्तर को और बेहतर बनाया जा सके और उनकी आय में वृद्धि की जा सके।

# श्रीअन्न के प्रोत्साहन पर प्रदेश सरकार की विशेष नजर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार श्रीअन्न (मिलेट्स) के प्रोत्साहन पर पूरा ध्यान दे रही है। अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत योगी सरकार ने जहां श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन कर किसानों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, वहीं आमजन को भी श्रीअन्न के प्रति जागरूक कर रही है। इसी क्रम में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से 10129.85 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद की जा चुकी है। इस मद में किसानों को 2834.77 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं योगी सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए हाइब्रिड ज्वार का समर्थन मूल्य 3180 व ज्वार मालदांडी का 3225 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। आठ संभाग में 10129.85 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद हुई। इसमें सर्वाधिक खरीद कानपुर संभाग के अंतर्गत की गई। यहां 8078.05 मीट्रिक टन की खरीद हुई। इसमें भी कानपुर नगर में 3272.70 व कानपुर देहात में 4805.35 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद हुई। झांसी संभाग में यह खरीद 1165.80 मीट्रिक टन हुई। राजधानी लखनऊ संभाग में 482.65 व चित्रकूट संभाग में 357.15 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद हुई। मोटे अनाज ज्वार के लिए किसानों को योगी सरकार की तरफ से समय से भुगतान भी किया जा रहा है। ज्वार के मद में अब तक आठों संभागों के किसानों को 2834.77 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अन्य संभागों में भी तेजी से मक्का खरीद जारी है। फिलहाल 31 दिसंबर तक ज्वार खरीद होगी। वहीं कानपुर (नगर-देहात) के 11 क्रय केंद्रों से 1654 किसानों को अब तक 2262 लाख और झांसी संभाग में 335.093 लाख से अधिक का भुगतान किया जा चुका है।

# दुर्भाग्यपूर्ण व लोगों के विश्वास को आघात पहुंचाने वाली घटना है संसदों का निलंबन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● राज्यसभा सभापति का मजाक उड़ाने वाले वायरल वीडियो को भी बताया अनुचित व अशोभनीय

**बहुजन** समाज पार्टी की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने गुरुवार को कहा कि हमारी पार्टी का यह मानना है कि संसद के वर्तमान सत्र के दौरान दोनों सदनों के रिकार्ड संख्या में लगभग डेढ़ सौ (150) विपक्षी सांसदों का निलम्बन होना सरकार व विपक्ष के लिए भी कोई गुडवर्क व अच्छा कीर्तिमान नहीं है। इसके लिए कसूरवार कोई भी हो, किन्तु संसदीय इतिहास के लिए यह घटना अति दुखद, दुर्भाग्यपूर्ण व लोगों के विश्वास को आघात पहुंचाने वाला है और इसी दौरान राज्यसभा सभापति का संसद परिसर में निलम्बित सांसदों द्वारा मज़ाक (मिमिक्री) उड़ाने का वीडियो वायरल होना भी अनुचित व अशोभनीय है। इस प्रकार से सरकार और विपक्ष के बीच जबरदस्त मतभेद, तनाव व टकराव वाली घटनाओं से देश के लोकतंत्र एवं संसदीय परम्पराओं



को शर्मसार होने से बचाना बहुत जरूरी है। मायावती ने कहा कि इसके साथ ही विपक्ष विहीन संसद में देश व आमजन के हित से जुड़े अति-महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना भी यह अच्छी परम्परा नहीं है। यहां विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र तथा परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर द्वारा निर्मित पवित्र संविधान, संसद व अच्छी संसदीय परम्पराओं को बचाने की जिम्मेदारी किसी भी एक की नहीं बल्कि सभी की है और जिसे सभी को मिलकर निभाना चाहिए। इतना ही नहीं बल्कि अभी हाल ही में संसद की सुरक्षा में जो सेंध लगाई गई है, यह भी कोई ठीक नहीं है बल्कि यह अति गम्भीर व चिन्तनीय मामला भी है। इस मामले में सभी को मिलकर संसद की सुरक्षा की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप से काम नहीं चलेगा। बल्कि सभी को इसे गम्भीरता से लेना चाहिए तथा इसके लिये जो भी दोषी व षड्यन्त्रकारी है उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही भी होना अत्यन्त जरूरी है तथा ऐसे में इसके खुफिया विभाग को भी अब काफी सर्तक रहने की जरूरत है ताकि आगे कभी भी ऐसी घटना की पुनरावृति न हो सके।

बसपा अध्यक्ष ने कहा कि इसके अलावा विपक्ष के गठबन्धन में बीएसपी सहित अन्य जो भी विपक्षी पार्टियां शामिल नहीं हैं उनके बारे में किसी को भी बेफिजूल कोई भी टीका-टिप्पणी करना उचित नहीं है तथा इससे इनको बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी इनको यही सलाह है क्योंकि भविष्य में देश व जनहित में कब किसको, किसी की भी जरूरत पड़ जाए, यह कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। अर्थात् फिर ऐसे लोगों को व पार्टियों को भी काफी शर्मिन्दगी उठानी पड़े, यह ठीक नहीं है और इस मामले में खासकर समाजवादी पार्टी इस बात का जीता-जागता उदाहरण भी है।

बसपा धर्मनिरपेक्ष पार्टी, सभी धर्मों का करती है सम्मान

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी पूर्ण रूप से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और यहां अपने देश में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं तथा उनके अपने अलग-अलग से आस्था के अनेकों स्थल बने हैं, जिन सभी का हमारी पार्टी हमेशा सम्मान करती रही है और आगे भी करती रहेगी। इसी क्रम में यूपी के अयोध्या में नव निर्मित राम मन्दिर का जो अगले महीने उद्घाटन होने के लिए जा रहा है तो उसका हमारी पार्टी को कोई भी एतराज नहीं है। यहां अयोध्या में कोर्ट के आदेश पर सरकार द्वारा निर्धारित की गई जमीन पर जब भी मस्जिद का निर्माण होता है तब उसके उद्घाटन का भी हमारी पार्टी कोई एतराज नहीं करेगी। अर्थात् हमारी पार्टी सभी धर्मों के स्थलों का पूरा सम्मान करती है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इसकी आड़ में जो घिनौनी राजनीति की जा रही है यह अति दुखद व चिन्तनीय भी है, जो नहीं होनी चाहिए क्योंकि इससे अपना देश कमजोर ही होगा, मजबूत नहीं तथा इससे लोगों में आपस में नफरत पैदा होती है जो यह कतई भी उचित नहीं है। इस बात का भी सभी को पूरा ध्यान रखना चाहिए।

# मेले में 1747 लोगों को मिला रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**युवाओं** को मिशन के रूप में रोजगार से जोड़ रही योगी सरकार के प्रयासों से गुरुवार को 1747 लोगों को रोजगार से जोड़ने में सफलता मिली। राजकीय आईटीआई, अलीगंजए लखनऊ, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें कुल 61 कंपनियों में कुल 1747 अभ्यर्थियों को 7700 से 35000 रुपए प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार एवं फ्री कैंटीन की सुविधा के साथ जॉब आफर दिए गए। रोजगार से वंचित रह गए अभ्यर्थी 30 दिसंबर 2023 को होने वाले शिशिक्षु व रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। मेले का उद्घाटन संयुक्त निदेशक, प्रशिक्षु, लखनऊ मंडल, सुनील श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा अभ्यर्थियों को कंपनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी हिमांशु एवं प्रज्ञा त्रिपाठी ने अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की। मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, रमेश रंजन के द्वारा रोजगार मेले का निरीक्षण किया गया। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खां ने बताया कि रोजगार मेले राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, लखनऊ के द्वारा आमंत्रित किए गए।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत ब्लैक स्पॉट के सुधारीकरण का कार्य युद्धस्तर पर

● यातायात को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों को चिन्हित करते हुए प्रभावी सुधार की हो रही कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में कमी लाए जाने तथा जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से दिनांक 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा सभी स्टेट होल्डर विभागों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक दिवस में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित कार्यकम निर्धारित करते हुए तदानुसार कार्रवाई की जा रही है।

लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष एके जैन ने बताया कि इस कड़ी में प्रत्येक जनपद में मार्गों का सघन निरीक्षण करते हुए सुरक्षित यातायात को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों यथा संकरी पुलिया, अवैध कट, शार्प कर्व, अतिक्रमण आदि को चिन्हित करते हुए प्रभावी सुधार की कार्रवाई कराई जा रही है तथा पूर्व में चिन्हित सभी ब्लैक स्पॉट के सुधारीकरण की कार्रवाई युद्धस्तर पर कराई जा रही है। जैन ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय स्तर एवं समस्त क्षेत्रों/जनपदों में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। 19 दिसंबर 2023 को सड़क सुरक्षा कार्यशाला का लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय स्तर पर आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा सडक सुरक्षा से सम्बन्धित तकनीकी व्याख्यान दिया गया। कार्यशाला में मुख्यालय के अतिरिक्तए लोक निर्माण विभाग के सभी तकनीकी अभियन्ताओं द्वारा वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला में तकनीकी व्याख्यान के अतिरिक्त रोड साइनेज एवं रोड मार्किंग आदि के टेस्टिंग के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया।

# मानव संपदा पोर्टल से होगा प्रदेश सरकार के कर्मचारियों को दिसंबर माह के वेतन का भुगतान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● मुख्य सचिव ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की साप्ताहिक समीक्षा

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ गुरुवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कृषि, राजस्व तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग आदि विभागों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रदेश सरकार के कार्मिकों का माह दिसम्बर, 2023 का देय वेतन का भुगतान मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से ही किया जाए। इसके अलावा 1 जनवरी 2024 से सर्विस बुक को ई-सर्विस बुक में परिवर्तित करते हुए समस्त प्रकार के सेवा सम्बन्धी कार्यों का निस्तारण पोर्टल के माध्यम से कराया जाए और वर्ष 2023-24 की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से अंकित की जाए। इसलिए सभी सेवारत कार्मिकों का विवरण वरीयता पर मानव संपदा पोर्टल पर अपडेट करा दिया जाए। समस्त कार्मिकों का पोर्टल पर उपलब्ध विवरण त्रुटिरहित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में शीत लहर से बचाव के लिए आम जनमानस हेतु पर्याप्त मात्रा में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव, रैन बसेरा व कम्बल वितरण आदि की व्यवस्थायें सुनिश्चित कराई जाए। अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि ठंड में खुले आसमान के नीचे कोई भी व्यक्ति सोता हुआ न मिले। सार्वजनिक स्थानों पर जो भी व्यक्ति खुले में सोते हुए मिले उसे रैन बसेरा में भेजा जाए। रैन बसेरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी रैन बसेरों में पर्याप्त मात्रा में बिस्तर एवं कम्बल की व्यवस्था होनी चाहिए। जनपदों में स्वयंसेवी संस्थाओं व सीएसआर फण्ड आदि से निर्मित किए गए प्राइवेट रैन बसेरों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर वहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएं। बैठक में बताया गया कि जनपदों द्वारा अब तक 330794 कम्बलों का क्रय किया जा चुका है। प्रदेश के 50 जनपदों द्वारा कंबल वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। शेष 22 जनपदों द्वारा कंबल वितरण का कार्य जल्द शुरू कर दिया जायेगा। प्रदेश के समस्त जनपदों में 1199 रैन बसेरे संचालित हैं। अलाव जलाने हेतु प्रति तहसील 50 हजार रुपए आवंटित किए गए हैं। रबी फसल की ई-खसरा पड़ताल की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने पड़ताल के लिए आवश्यकतानुसार सर्वेयर, सुपरवाइजर, वेरीफायर का चिन्हांकन करते हुए उनकी आईडी बनाने तथा उनके प्रशिक्षण का कार्य समय से पूरा कराने के निर्देश दिए।

# भारतीय विदेश सेवा के प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन मंत्री से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से भारतीय विदेश सेवा के तीन सदस्य पीयूष श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव विदेश मंत्रालय विपुल, भारतीय राजदूत दोहा एवं अनुराग श्रीवास्तव संयुक्त सचिव विदेश मंत्रालय ने पर्यटन भवन में मुलाकात की। उत्तर प्रदेश में पर्यटन की बढ़ती सम्भावनाओं के दृष्टिगत इसको विदेशों तक पहुंचाने सम्बंधी विषय पर पर्यटन मंत्री ने डेलिगेशन को चर्चा में विस्तारपूर्वक बताया कि आप सभी सदस्य उतर प्रदेश की निवासी है, यहां के प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों के बारे में पहले से परिचित है यहां की विरासत एवं परम्परा को प्रदेश के ब्रांड एंबेसडर के रूप में विभिन्न देशों को प्रदेश की सनातन संस्कृति एव पर्यटन के बढ़ते अभिनव कदम से परिचित करवाने का कार्य करें तथा लोगों को प्रदेश घूमने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भारतीय मूल के लोग बड़ी संख्या में विदेशों में रहते हैं, जिनको उत्तर प्रदेश में हो रहे पर्यटन विकास के बारे में जानकारी देते हुए पर्यटन क्षेत्र को और अधिक विकसित एवं मजबूत किया जा सकता है। इस दौरान पर्यटन विभाग की ओर से तैयार किए गए प्रजेंटेशन को भी प्रतिनिधिमंडल को दिखाया गया और उन विषयों को रेखांकित किया गया कि विदेशी पर्यटकों को कैसे अधिक से अधिक उत्तर प्रदेश की तरफ आकर्षित किया जाय। डेलिगेशन ने अपने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी पर्यटन मंत्री एवं प्रमुख सचिव के समक्ष रखा।

प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि भारतीय विदेश सेवा का प्रतिनिधि दल 22 दिसम्बर, 2023 तक प्रदेश में रहकर मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन करेगा। जिसका उद्देश्य पर्यटन के क्षेत्र में हो रहे विकास को और आगे बढ़ाना है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 दिसम्बर 2023



# रास सदस्य बाबूराम निषाद ने हमीरपुर में रेलवे स्टेशन बनवाने की मांग सदन में उठाई

● **बुन्देलखंड मे कटीले पेड़ो के स्थान पर फलदार वृक्ष स्थापित करने की मांग की**

**संवाददाता।** हमीरपुर




राज्यसभा में मांग उठाते सदस्य बाबूराम निषाद

**राज्यसभा** सदस्य बाबूराम निषाद ने सदन में मानिकपुर से नई दिल्ली तक सुपरफास्ट ट्रेन चलाए जाने व रेलवे स्टेशन स्थापित करने की मांग की है। ताकि प्रदेश व गैर प्रांत से लोग चित्रकूट में आकर धार्मिक स्थलों का दर्शन कर लाभ प्राप्त कर सके। हमीरपुर मुख्यालय में रेलवे स्टेशन न होने से लोगों को गैर प्रांत से आने जाने में तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे मजदूर तबके के लोगों को रोजी रोटी कमाने में भी समस्या आती है। इस मामले को लेकर राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद ने सदन में कहा कि हमीरपुर बुंदेलखंड का सबसे पिछड़ा जनपद है और हमीरपुर जनपद अब अपने दो सौ वर्ष भी पूरा कर चुका है। लेकिन रेलवे परिवहन की विभिन्न सुविधाओं से आज भी वंचित है।

रेलवे स्टेशन न होने के कारण यहां के लोगों को खासी परेशानी होती है और तमाम समस्याओं से भी हमीरपुर जनपद ग्रसित है। उन्होंने प्रतिदिन एक सुपरफास्ट ट्रेन मानिकपुर से दिल्ली बाया चित्रकूट, बांदा, रागौल, सुमेरपुर, हमीरपुर, घाटमपुर कानपुर होते हुए दिल्ली तक संचालित करने की मांग की है। जिससे लोगों की आर्थिक समृद्धि हो सके। राज्यसभा सदस्य ने यह भी कहा है कि बुंदेलखंड में कटीले पेड़ों की ज्यादा भरमार है। इसलिए उनके स्थान पर फलदार पौधे लगाए जाएं। ताकि यहां की गरीब जनता गैर जनपद में जाकर फलों का व्यापार कर अपना विकास कर सके। राज्यसभा सदस्य की इन मांगों पर जिले के लोगों ने तारीफ की है और उम्मीद जताई है कि सुपरफास्ट ट्रेन मानिकपुर से दिल्ली तक संचालित होगी और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगा। इसके साथ ही हमीरपुर में लोगों की रेलवे स्टेशन बनने की भी उम्मीद बढ़ गई है।

# अतिक्रमण से बिगड़ता जा रहा यातायात का हुलिया



फतेहपुर। उद्योग व्यापार मंडल (पंजी.) ने अतिक्रमण से बिगड़ते यातायात के हुलिया के मामले प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। व्यापारिक संगठन प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे व्यापारियों ने व्यापारियों ने शहर की प्रमुख समस्याओं में शुमार अतिक्रमण को लेकर प्रशासनिक अनदेखी काफी मामला पेश किया। कहा गया कि अतिक्रमण एवं यातायात समस्याओ की वजह से व्यापारियों को व्यापार करने में अत्यंत समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। मांग रखी कि समस्या के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियो एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियो के साथ बैठक कर समस्या का तुरंत निस्तारण करवाया जाये। डीएम को ज्ञापन देने में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय मोदनवाल, नगर महामंत्री सरदार वरिंदर सिंह, मुन्ना सिंह, मो. अकरम, जिला वितरक संघ अध्यक्ष प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, जिला संघटन मंत्री राज कुमार मिश्रा, नगर कोषाध्यक्ष सुशील अवस्थी, संरक्षक रजोल शुक्ला, जिला युवा उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह, युवा नगर अध्यक्ष शांतनु वर्मा, युवा जिला महामंत्री हर्षित गुप्ता,आर्या मौजूद रहे।

# जिला जज व डीएम ने किया कारागार का निरीक्षण

● **बंदियों को साक्षर करने व खेलकूद के लिये प्रेरित करें: जिला जज**



जेल का निरीक्षण करते जिला जज, डीएम व एसपी।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** जिला जज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, एडीएम व पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पूर्ण कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार के सभी अहातों की बैरकों में निरूद्व बंदियो (पुरूष व महिला) से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछतॉछ की गयी। बैरकों की तलाशी करायी गयी, तलाशी के दौरान कोई निषिद्व वस्तु नहीं पायी गयी। कारागार में पर्याप्त सफाई पायी गयी। बंदियों से पूछताछ के दौरान उनके द्वारा किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं बतायी गयी। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों की क्रियाशीलता को देखा गया। सभी उपकरण क्रियाशील मिले। बनाये गये भोजन को चेक किया गया जिसकी गुणवत्ता संतोषजनक पायी गयी। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान जनपदीय अधिकारियों द्वारा कारागार को सुगमतापूर्वक संचालन हेतु निर्देशित किया गया। मनोज कुमार कटियार सहा. अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय निस्तौली द्वारा कारागार में निरूद्ध बंदियों से क्रिएटिव वर्क शिक्षण के अन्तर्गत शून्य निवेश से प्लास्टिक की बोतलो से गमले, साज-सज्जा की वस्तुओं बनवाया गया था। बंदियों द्वारा बनायी गई वस्तुओं को जनपदीय अधिकारियों द्वारा देखा गया तथा बनायी गयी बस्तुओं की सरहाना भी की गयी। जिला जज द्वारा मनोज कुमार कटियार सहायक अध्यापक को निरक्षर बंदियों को साक्षर किये जाने के अतिरिक्त उनकों शारीरिक व्यायाम/खेलकूद भी कराना सुनिश्चित करनें के निर्देश दिये। महिला बैरक में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को टॉफी, बिस्कुट, चाकलेट आदि वितरित की गयी जिसे पाकर बच्चो में उत्साह देखा गया।

# गुलाबी गैंग ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर बुलंद की आवाज



फतेहपुर। महिलाओं के संगठन गुलाबी गैंग (लो.) ने कलेक्ट्रेट में जन समस्याओं समेत आधी आबादी के हक को लेकर आवाज बुलंद की। जिसमें जिन्दपुर टोल प्लाजा की अवैध वसूली पर रोक लगाए जाने से लेकर गोशालाओं में सर्दी से बचाव का मुद्दा शामिल रहा। संगठन प्रमुख हेमलता पटेल की अगवाई में सात सूत्री मांग पत्र डीएम को सौंपने से पहले विरोध दर्ज कराया। बताया कि संगठन, जन समस्याओं के साथ महिला के अधिकारों व सुरक्षा, अत्याचार के खिलाफआवाज उठाने वाला है। महिलाओं के इस संगठन ने असोथर ब्लाक के अन्तर्गत अढावल की गंधुवा का डेरा में बन रही सरकारी राशन की दुकान पर दूरी को लेकर आपत्ति जाहिर की। खुलासा किया कि बहुआ ब्लाक के सुजानपुर ग्राम में कई घरो के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरी हुई है जिससे उन घरो के लोगों को हमेशा जान माल का खतरा बना रहता है। कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं जिससे इस बिजली लाइन को पुर्नस्थापित किया जाना चाहिए। बहुआ से ललौली मार्ग का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि भारी वाहनों के गुजरने से अत्यन्त जर्जर अवस्था में है। आये दिन लंबे जाम का सामना करना पड़ता है। जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नहरों में पानी नहीं होने से किसानों की फसलें सूख रही हैं। संगठन ने बाँदा सागर रोड पर स्थित जिन्दपुर टोल प्लाजा की अवैध वसूली पर जबरदस्त नाराजगी जाहिर करते हुए गोशालाओं में सर्दी से बचाव करने की मांग की। संगठन प्रमुख ने कहा कि अगर उपरोक्त मांगों पर जल्द प्रशासन संहिता नहीं होता है तो गुलाबी लोकतांत्रिक संगठन आन्दोलनात्मक रवैया अपनाने को मजबूर होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस मौके पर नीलम, सुनीता, प्रभा, गोमती विनीता, अनीता, प्रियंका, सुमन, रफ्ता रायोगिता, मध रेखा, सुधा, विमला, सियावती, कमला भी मौजूद रहीं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण कार्नर बनाने की दी गई जानकारी

**पुखरायां, कानपुर देहात।** बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से मंगलवार को विकास खंड कार्यालय अमरौधा के सभागार में एक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण और पोषक तत्वों की जानकारी दी गई। टेक्निकल सपोर्ट यूनिट की जिला कोर्डिनेटर निशा खान ने बताया कि गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए पोषण की जरूरत अधिक होती है। सही मात्रा में सभी पोषक तत्वों को आहार में शामिल करके गर्भवती और गर्भस्थ शिशु की सेहत की देखभाल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुष्टाहार फल सेव, संतरा, बेदाना, दूध, अंडा, दाल, सूखे मेवे, गहरे हरे पत्तेदार सब्जियां अन्य साग सब्जी, लाल पीले गूदेदार फल, दूध से बने पदार्थ, मांस मछली, अंडे का सेवन गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की खुराक में शामिल करने की सलाह दी। साथ ही गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को आयरन की गोली खाने के लिए सलाह दी। घर गर्भवती की देखभाल करने के लिए न्याय पंचायत मांचा में स्वेता सचान व संगीता, शाहजहांपुर में गीता व नाजम बानो,नोनापुर में ऊषा कुशवाहा व फिरदौस , गौसगंज में मधु व रेनू, करियापुर में पुष्पा यादव, गिरधरपुर में राधा रानी को सेक्टर प्रभारी तैनात किया गया। सीडीपीओ समरबहादुर, पर्यवेक्षक कुसुमा देवी व तब्बसुम जहां ने कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। बाल में यूनिसेफ की ब्लाक कोर्डिनेटर रुक्सान परवीन ने पोषण कार्नर तैयार करने की जानकारी दी। उन्होंने दस पोषक तत्वों की जानकारी दी। बताया कि दस में से कम से कम पांच आहार प्रतिदिन गर्भवती देना चाहिए।



जानकारी देती टीएसयू निशा खान

## पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर किसान होंगे सम्मानित

**फतेहपुर।** सीडीओ सूरज पटेल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस 23 दिसम्बर को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाये जाने हेतु निर्देश दिये गये है, उक्त के परिपालन में जनपदस्तर पर 23 दिसम्बर को सरदार वल्लभ भाई पटेल-प्रेक्षागृह में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम एवं शाकभाजी उत्पादन में चयनित कृषको को सम्मानित किया जायेगा तथा किसान मेला कृषि प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। साथ ही कृषि एवं सम्बद्ध विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग के भव्य स्टाल भी लगाये जायेगें तथा इस अवसर पर कृषि विविधीकरण एवं औद्यानिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण योगदान देने कृषको को भी सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी ईईसी, खागा, उपसम्भगीय कृषि प्रसार अधिकारी, बिन्दकी, खागा, को निर्देशित किया है।

## क्विक न्यूज

### युवक को ईंटों से कूचकर किया मरणासन्न, बाग में फेंका

**संडीला (हरदोई)।** एक युवक को मरणासन्न करके आम के बाग में फेंक दिया गया। युवक की सांस चलती देख उसे ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम क्षतिहा रामपुर के पास स्थित एक बाग जो कि लखनऊ जनपद की सीमा के निकट ही हैए इसमें एक युवक मरणासन्न हालत में पड़ा हुआ मिला। युवक के पास दो खून से सनी हुई ईंटें पड़ी थीं। अनुमान है कि इन्हीं ईंटों से प्रहार करके उसे मरणसन्न करके यहां फेंका गया था। ग्रामीणों ने इस युवक को बाग में पड़ा हुआ देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बारीकी से देखने पर युवक को जीवित पाया। पुलिस ने उसे होश में लाने के प्रयास शुरू किए। युवक लगभग 10 मिनट के लिए होश में आया और केवल अपना नाम विमल जायसवाल बता पाया। इसके बाद फिर बेहोश हो गया। पुलिस उक्त युवक को लेकर सीएचसी पहुंचीए जहां डॉक्टरों ने काफी प्रयास किया लेकिन युवक होश में नहीं आ पाया। इसके बाद इस युवक को ट्रॉमासेंटर भेजा गया है। पुलिस ने इस युवक के फोटो आसपास के थानों और सोशल मीडिया पर भेजे हैंए लेकिन समाचार लिखे जाने तक इस युवक के विषय में कोई विशेष जानकारी नहीं हो पाई है।

### ई-रिक्सा पलटा, छात्र गम्भीर, कानपुर रेफर

**फतेहपुर।** बाँदा जनपद के कमासिन थाना क्षेत्र के राघोपुर गाँव निवासी प्रेमचंद का 11 वर्षीय पुत्र भगवंत प्रसाद जनपद की खागा कोतवाली क्षेत्र में स्थित अग्रहरि जूनियर हाई स्कूल में कक्षा 5 का छात्र है जो रोज की भांति गुरूवार को घर से ई-रिक्सा पर सवार होकर निकला था। जब उसका रिक्सा दादों पुल के समीप पहुंचा तभी रिक्सा अनियंत्रित होकर पलट गया। रिक्सा पलटने से छात्र भगवंत प्रसाद घायल हो गया। एम्बुलेन्स छात्र को जिला अस्पताल लेकर पहुंची जहाँ डॉक्टर ने छात्र की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एम्बुलेन्स से कानपुर रेफर कर दिया।

### डम्पर की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र कस्बा इन्द्रा नगर निवासी बाल गोविंद साहू का 65 वर्षीय पुत्र राम औतार साहू बाइक पर सवार होकर किसी काम से सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र गया था। जब वह प्रेम नगर डिग्री कालेज के समीप पहुंचा तभी अज्ञात डम्पर उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक सवार राम औतार की मौत हो गई। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया मृतक बाइक पर सवार होकर अपनी बहन संतरा देवी के घर गया था। वहाँ से वापस अपने घर आ रहा था तभी रास्ते मे हुए हादसे में उसकी मौत हो गई। मृतक के तीन लड़के है मौत की खबर जब घर पहुंची तो सभी का रो-रो कर हाल बेहाल है।

### मिटटी मिक्सर मसीन में फंसकर युवक की हुई मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के करसवां गाँव निवासी विष्णु प्रताप सिंह का 24 वर्षीय पुत्र पुनीत कुमार सिंह उर्फगोलू जो ईट भटठें में काम करता था। बीती शाम मिट्टी मिक्सर मशीन में फंसकर उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई विनीत सिंह उर्फछोटू व चाचा ध्रुव प्रताप सिंह ने बताया कि पुनीत कुमार दो वर्षो से ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ में स्थित राज ईंट भट्टे में काम करता था, जहाँ उसकी मशीन में फंसकर मौत हो गई मृतक चार भाई थे। पुनीत तीसरे नम्बर का था घटना की खबर सुनकर मृतक की माँ पुष्पा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पब जी खेलने के बाद मासूम फांसी पर झूला

**हमीरपुर।** जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में गुरुवार शाम को पब जी खेलने के बाद कक्षा पांच के छात्र ने तौलियां को कड़े में बांधकर घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के सुमेरपुर कस्वे में निखिल(10) पुत्र अवधेश साहू कक्षा पांच का विद्यार्थी था। वह अक्सर मोबाइल में पब जी का खेल खेला करता था। आज शाम गेम खेलने के बाद वह दूसरे कमरे में जाकर तौलिया को कड़े में बाधकर फांसी पर झूल गया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। हालाकि परिवारीजन उसे उतारकर अस्पताल ले गये जहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### चीनी मिल के आउटसोर्सिंग कर्मचारी हड़ताल पर हुए उतारू

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** दी किसान सहकारी चीनी मिल कायमगंज के आउट सोर्सिंग कर्मचारी ने मानदेय बढ़ाने की मांग करते हुए हड़ताल करने की घोषणा कर दी । अपनी घोषणा के अनुसार मिल में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारी हड़ताल पर उतारू हो गए। उनके हड़ताल पर जाते ही मिल का काम प्रभावित होने की आशंका को लेकर सक्रिय हुए चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक ने कर्मचारियों से वार्ता की और उन्हें आश्वस्त किया। जीएम की बात मानकर कर्मचारी हड़ताल खत्म कर काम पर वापस लौट आए। चीनी मिल में आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की संख्या करीब ढाई सौ के आसपास है। शिफ्ट में कार्य करने वाले आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने मानदेय बढ़ाने को लेकर हड़ताल कर दी।

## चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपित को पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने सुनाई सजा ए मौत

**फर्रुखाबाद।** चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपित को फतेहगढ़ स्थित पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने सुनाई सजा ए मौत, आरोपी शाहिद को गर्दन से तब तक लटकाए रखा जाए जब तब उसके मौत न हो जाए। एसपी विकास कुमार के नेतृत्व में हुई कुशल पैरवी से 2 माह 15 दिन के अंदर फांसी के फंदे तक पहुंचा हत्यारोपी। थाना कंपिल एक गांव में 12 सितंबर को चार साल की मासूम बच्ची हुई थी गायबए देर शाम झाड़ियों मेंछत विछत शव मिला था। एसपी विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी शाहिद व एक बाल अपराची को गिरफ्तार किया था। वैज्ञानिक साक्ष्य के लिए कानपुर से विशेष तौर से फोरेंसिक टीम बुलाई गई थी। पुलिस ने त्वरित विवेचना करते हुए 22 दिन में चार्जशीट दाखिल कर दी। जिसके चलते शासकीय अधिवक्ता द्वारा कुशल पैरवी से आरोपी को मृत्यु दण्ड से दंडित किया।

# रोडवेज बस की चपेट में आने से पल्लेदार की मौत, दो घायल

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**राजेपुर** थाना क्षेत्र में आज एक रोडवेज बस की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल पर सवार पल्लेदार की दर्दनाक मौत हो गई तथा उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि राजेपुर थाना क्षेत्र के महमदपुर निवासी अमित उर्फ प्रमोद कुमार उम्र करीब 30 वर्ष आज प्रात करीब 8.30 बजे एक मोटर साइकिल से अपने साथी सूरज उम्र करीब 22 वर्ष तथा गोविंद उम्र करीब 23 वर्ष के साथ फर्रुखाबाद कृषि उत्पादन मंडी समिति को जा रहा था।

यह मोटरसाइकिल सवार जैसे ही अपने गांव महमदपुर के समीप सड़क पर तेज रफ्तार से पहुंचे वैसे ही रोडवेज की शाहजहांपुर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल की भिड़न्त हो गई। इस सड़क दुर्घटना में घायल हुए राजेपुर थाना क्षेत्र के महमदपुर का निवासी अमित उर्फ प्रमोद कुमार व सूरज तथा गोविंद को चिकित्सा उपचार के लिए फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने अमित उर्फ प्रमोद कुमार को मृत घोषित कर दिया तथा उसके साथियों का उपचार शुरू किया गया।

फर्रुखाबाद रोडवेज ए आर एम आर सी यादव ने बताया कि शाहजहांपुर डिपो की यह बस नियंत्रित होकर सड़क समीपवर्ती खडड् में लटक गई जिससे बस में सवार तीस यात्री बाल बाल बच गए। पुलिस ने मृतक युवक पल्लेदार के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवा दिया।

# तीन जनवरी को होगी बलवंत हत्याकांड में सुनवाई

**कानपुर देहात।** बहुचर्चित बलवन्त हत्यकाण्ड में आरोपियों के विरुद्ध आरोप विरचित किये गए।यह जानकारी वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने दी।उन्होंने बताया कि मामले के एक आरोपी ज्ञान प्रकाश पाण्डे की ओर से मामले में आरोप से उन्मोचित करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गयाए तथा अन्य आरोपियों द्वारा स्वयम को निर्दोष बताते हुए स्वयं को आरोपों से उन्मोचित करने की प्रार्थना की गईएवहीं वादी पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने विस्तृत बहस करते हुए कहा गया कि मृतक के शरीर में पोस्टमार्टम में 31 चोटें पाई गई सभी से खून का रिसाव होने खून के थक्के जमने से मृतक के दोनों गुर्दो का खून से खाली होना पाया गया चोटें प्रकृति के सामान्य अनुक्रम में मृत्यु के लिए पर्याप्त पाई गयी यह भी तर्क रखा कि आरोपियों ने साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास किया तथा आरोपियों ने सामान आशय से विधि विरुद्ध इकट्ठा हुए।उभय पक्षो की विस्तृत बहस सुनने के बाद अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश पंचम दुर्गेश की न्यायालय ने अपना आदेश पारित करते हुए आरोपी ज्ञान प्रकाश पाण्डे की अपराध में संलिप्तता अन्य आरोपियों के साथ प्रथम दृष्टया पाते हुए सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 147, 304/147, 504, 149, 506, 149, 201,149 में आरोप विरचित करने के आदेश पारित कर आरोप विरचित कर पत्रावली में साक्ष्य हेतु 3 जनवरी की तारीख नियत कर वादी व एक अन्य अभियोजन साक्षी को गवाही के लिए तलब करने का आदेश पारित किया। जितेन्द्र चौहान ने बताया कि मामले की सुनवाई अपर जिला जज कक्ष संख्या पांच दुर्गेश की न्यायालय में चल रही है।

बताया कि पूर्व में एक आरोपी शोनू यादव की हिपेटाइटिस की बीमारी के इलाज हेतु जिला कारागार से जिला अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती होने की सुचना जिला कारागार अधीक्षक द्वारा न्यायालय में भेजे जाने और अन्य 6 आरोपियों द्वारा अभी तक अपना अधिवक्ता नियुक्त न करने के कारण केश में आरोपियों के विरुद्ध आरोप विरचित होने की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी थी और आरोप विरचित करने की अगली तिथियां नियत करने के आदेश के साथ आरोपी शोनू यादव की बीमारी के सम्बंध में जिला चिकित्सालय के सीएमएस से आख्या तलब करने का निर्देश न्यायालय ने दिया था। 21 दिसम्बर नियत तिथि पर सभी आरोपीगण तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशान्त गौतम तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पाण्डे सहित आठ पुलिस कर्मी जेल से न्यायालय में पेश किए गए।जितेन्द्र चौहान ने बताया कि आरोपी शोनू यादव के जमानत प्रार्थना पत्र को निरस्त करते हुए उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने मामले की सुनवाई दिन प्रतिदिन के आधार पर कर मामले में एक वर्ष के अन्दर निर्णय आदेश पारित करने का आदेश पारित किया है आदेश की प्रमाणित प्रति वादी अंगद सिंह की तरफसे न्यायालय में पूर्व में दिनांक 23 नवम्बर को दाखिल करते हुए आदेश का अनुपालन कराए जाने का लिखित प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था।

# नैमिष तीर्थ हाईवे निर्माण में तोड़फोड़ की आशंका को लेकर लोगों की नींद उड़ी

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)

**संडीला** कस्बे की मेनरोड को चौड़ा करके नैमिष तीर्थ हाईवे से जोड़ने की चर्चाओं से लोग आशकित हैं। उनकी आंखों से नींद उड़ गई हैं जबकि इस संबंध में न तो स्थानीय जनप्रतिनिधि और न ही प्रशासनिक अधिकारी कोई जानकारी दे रहे हैं। नगर में बीते कुछ समय से नैमिष तीर्थ मार्ग के हाईवे निर्माण को लेकर नगर के लगभग डेढ़ किमी लंबे मुख्यमार्ग को तोड़े जाने की चर्चा है। लोगों का कहना है कि उन्हें पता चला है कि मुख्यमार्ग के दोनों ओर कम से कम 15 से 25 फीट तक सड़क को चौड़ा किया जाएगाए जिसके कारण इस रोड के दोनों ओर बने हुए हज़ारों मकान और दुकानें इससे प्रभावित होंगी क्योंकि नगर का मुख्यमार्ग यही है और बस अड्डे से इमलियाबाग तक पचासों शो रूम हैं जिनकी कीमत करोड़ों रुपए है। यदि सड़क का चौड़ीकरण किया गया तो ये सारे के सारे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और तमाम बड़ी बड़ी दुकानें इसकी चपेट में आ जाएंगी।

नगरवासियों ने लखनऊ हरदोई मार्ग पर हाई वे निर्माण के नाम पर जिस तरह का विद्धवंस देखा है वह उन्हें काफी डरा रहा है क्योंकि इस मार्ग पर स्थित हज़ारों मकान और दुकानें बुल्डोज़र चलाकर ध्वस्त कर दिए गए और किसी भी व्यक्ति की कहीं कोई फरयाद नहीं सुनी गयी। लोगों का मानना है कि अगर नैमिष तीर्थ हाईवे के निर्माण के लिए मुख्यमार्ग को चौड़ा किया गया तो संडीला नगर का पूरा नक्शा ही बदल जाएगा। नगर के मुख्यमार्ग पर तोड़ फोड़ की चर्चा के बीच कोई जिम्मेदार व्यक्ति इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दे रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय अधिकारी इस संबंध में पूरी तरह मौन हैं। जब भी उनसे इस संबंध में सवाल किया जाता है तो उनका सीधा सादा जवाब होता है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि इस मामले में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए क्योंकि इस विषय के कारण लोगोए विशेषकर व्यापारी समुदाय में व्यापक बेचैनी है।

## सर्दी से बचाव के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने जलवाये अलाव

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** सदी के प्रकोप को देखते हुए आम नागरिकों को राहत पहुंचाने के उददेश्य से नगर पंचायत प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाकर नागरिकों को राहत प्रदान कीगई। गुरूवार को अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह व चेयरमैन आसमा बेगम के प्रतिनिधि अखलाक हुसैन के निर्देश पर पंचायत कर्मियों द्वारा कस्व के सार्वजनिक स्थानों, मुख्य सड़क पर, चाय होटलों, सब्जी मंडी, मंदिर व मस्जिदों के बाहर सर्दी में नागरिकों को राहत पहुंचानें के लिये अलाव जलवाए गये। जिससे स्थानीय लोगों व राहगीरों को सर्दी से राहत मिली। पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्दी से राहत पहुंचाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन बहुत ही सजग है। पूरे नगर में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाये गये हैं। प्रदेश सरकार सर्दी से बचाव के हर संभव प्रयास कर रही। इस दौरान मो. आमीन, कलीम उर्फ कल्ले, शोयेब खॉन, दीपक श्रीवास्तव, विवेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मैथा के 22 ग्राम सभाओं के लाभार्थियों से स्थापित किया गया सीधा संवाद

● **विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी**

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**पूर्व** प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस को समर्पित कार्यक्रम अकबरपुर रनियॉए कानपुर देहात की विधायक एवं उप्र सरकार में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा आज दिनांक 21.12.2023 को रामजानकी महाविद्यालय बैरी सवाई, मैथा, कानपुर देहात में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसम्बरए सुशासन दिवस को समर्पित एक भव्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में दिव्यागजनों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अवगत कराया गया कि जो लोग छूट गये हैं उन्हें भी शीघ्र उपकरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जायेगी।

शिविर में स्वास्थ्य मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के विकास खण्ड मैथा के 22 ग्राम सभाओं से एकत्रित लोगों का मुफ्त स्वास्थ्य जॉच की गयी तथा दवाइयों का वितरण एवं परामर्श दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विकास खण्ड मैथा के 22 ग्राम सभाओं के लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया गया, इस अवसर पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा लाभार्थियों की समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न विभाग द्वारा पटल लगाये गये थे जहॉ उनकी समस्याओं का समाधान सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा तत्काल कराया गया।

क्षेत्र के श्रमिकों के लिए श्रमिक कार्ड भी श्रम विभाग द्वारा शिविर में बनाया गया। क्षेत्र के छात्रध्छात्राओं के लिए अभ्यूदय कोचिंग का भी शुभारम्भ किया गया इससे बच्चों को आगे की पढाई एवं प्रतियोगात्मक परीक्षा में सहायता मिलेगी। बल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण किट का वितरण किया गया। विकास खण्ड मैथा में कार्यरत तीन महिला स्वयं सहायता समूहों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मैथा विकास खण्ड के 22 ग्राम सभाओं के लोगों को संबोधित करते हुए अवगत कराया गया कि हमारी सरकार आपकी हर समस्याओं का समाधान आप के द्वार पर ही करने को कृत संकल्प है इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी होते रहेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन.ए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके सिंह, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, जिला पूर्ति अधिकारी सुनील कुमारए जिला कृषि अधिकारी डा. उमेश गुप्ताए जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, उपजिलाधिकारी मैथा जितेन्द्र कटियार, कैंप नोडल अधिकारी अजय अवस्थी, एसीएमओ डा. राजकिशोर, खण्ड विकास अधिकारी मैथा कमलेश कुमार, जल जीवन मिशन एई जेएम कटारिया, जिला पंचायत सदस्य कृष्णा गौतम, मण्डल अध्यक्ष रनियॉ धर्मेन्द्र कुशवाहा, बउवा पाण्डे, गौरव शुक्ला, रिषभ शुक्ला, निष्ठा शुक्ला, शिवानी शुक्ला, हरिओम द्विवेदी, संजय सिंह, वतन अग्निहोत्री, मौजी अग्निहोत्री, बउवन दुबे, बीनू मिश्रा, अंकित परमार, नितिन कुशवाहा, शिवा पाण्डेय, कमल शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 दिसंबर, 2023




# द्रमुक के नेता को आय से अधिक संपत्ति मामले में तीन वर्ष की जेल

चेन्नई।आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत तीन साल जेल की सजा सुनाई और 50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। सजा सुनाए जाने के साथ ही द्रमुक के वरिष्ठ नेता पोनमुडी (72) की विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गई और मंत्री पद भी चला गया। हालांकि पोनमुडी को सजा सुनाए जाने पर उनकी पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने कहा है कि यह कोई झटका नही है। उत्तरी तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के रहने वाले पोनमुडी तिरुक्कोयिलुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे।न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन ने पोनमुडी की पत्नी पी. विशालाक्षी को भी तीन साल जेल की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने पोनमुडी और उनकी पत्नी पर 50-50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया।अदालत में सुनवाई शुरू होने पर वरिष्ठ वकील एनआर एलांगो ने पोनमुडी और उनकी पत्नी विशालाक्षी को उच्चतम न्यायालय के समक्ष विशेष अनुमति याचिका दायर करने की छूट देने और सजा को निलंबित करने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने कहा कि यदि आरोपी व्यक्ति 22 जनवरी, 2024 को या उससे पहले आत्मसमर्पण करने में विफल रहते है, तो निचली अदालत वारंट जारी करके आदेश पर अमल करे। उच्च न्यायालय ने पोनमुडी और उनकी पत्नी को पहले ही दोषी करार दे दिया था, लेकिन सजा आज सुनाई।कानूनी विशेषज्ञों ने कहा कि पोनमुडी अपनी दोषसिद्धि और जेल की सजा के बाद विधायक पद के अयोग्य हो गए है और उन्होंने मंत्री पद भी खो दिया है। पोनमुडी की अयोग्यता के बारे में पूछे जाने पर, वरिष्ठ वकील अबुदुकुमार राजरथिनम ने कहा, पोनमुडी की दोषसिद्धि के मद्देनजर, उन्हे जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा आठ (1) (एम) के तहत छह साल के लिए अयोग्य हो गए हैं।

## न्यायालय ने पूर्व विधायक विरुपक्षप्पा के विरुद्ध रिश्वतखोरी का मामला रद्द किया, बेटे पर चलेगा मुकदमा

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चन्नागिरी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक मदल विरुपक्षप्पा के खिलाफ लंबित रिश्वतखोरी के मामले को रद्द कर दिया है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब पूर्व विधायक के बेटे प्रशांत मदल को कथित तौर पर अपने पिता की ओर से 40 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। इसके बाद कर्नाटक प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रशांत के आवास से और नकदी बरामद की गई थी। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने बुधवार को विरुपक्षप्पा के खिलाफ मामले को रद्द करते हुए कहा, प्रथम दृष्टया, उनके बेटे को मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपों का जवाब देना होगा। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने अपने फैसले में पूर्व विधायक के खिलाफ विशेष अदालत में लंबित पड़े मामले को रद्द कर दिया और कहा कि विरुपक्षप्पा के खिलाफ कोई सबूत नही है, लेकिन उनके बेटे को जांच में मिली नकदी के लिए जवाब देना होगा।

# ज्ञानवापी सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को उपलब्ध कराने पर तीन जनवरी को होगी सुनवाई



**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण की सील बंद रिपोर्ट का लिफाफा खोलने और पक्षकारों को सर्वेक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने पर सुनवाई करने के लिए आगामी तीन जनवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने यह जानकारी दी। यादव ने बताया कि शुक्रवार 22 दिसंबर को बार काउंसिल के चुनाव को देखते हुए अधिवक्ताओं ने आज कार्य से विरत रहने का फैसला लिया था। इसको देखते हुए जिला न्यायाधीश ए.के. विश्वेश ने सुनवाई के लिए तीन जनवरी की तारीख तय की है। मुस्लिम पक्ष के वकील अखलाक अहमद ने कहा कि वकील शुक्रवार को होने वाले बार काउंसिल चुनाव में व्यस्त हैं और अदालती कामकाज में भाग नहीं ले रहे हैं।भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने गत 18 दिसंबर को जिला अदालत में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वे की रिपोर्ट एक सीलबंद लिफाफे में पेश की थी। यह सर्वे 17वीं शताब्दी में काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण वहां पहले से ही मौजूद मंदिर को तोड़कर किए जाने के याचिकाकर्ताओं के दावे के बाद अदालत के आदेश पर कराया गया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था या नहीं। अदालत ने सीलबंद रिपोर्ट खोलने और उसकी प्रतियां दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सौंपने के लिए 21 दिसंबर की तारीख तय की थी। मुस्लिम पक्ष ने उस दिन कोर्ट से सर्वे रिपोर्ट को सार्वजनिक न करने की अपील की थी। ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण जिला अदालत के गत 21 जुलाई के आदेश पर किया गया था जिसमें मस्जिद के गुंबदों, तहखानों और पश्चिमी दीवार के नीचे सर्वेक्षण की आवश्यकता का उल्लेख किया गया था। इसमें कहा गया था कि एएसआई को इमारत की उम्र और प्रकृति का निर्धारण करने के लिए कुर्सी और खंभों की भी जांच करनी चाहिए। अदालत ने एएसआई से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि विवादित जमीन पर खड़े ढांचे को कोई नुकसान न हो। ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंध समिति अंजुमन इंतजामिया मसाजिद ने जिला अदालत के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। दोनों अदालतों ने अपील को खारिज कर दिया जिससे सर्वेक्षण का कार्य चार अगस्त से शुरू होने का रास्ता साफ हो गया था।

## जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा आदेश का पालन करें या सफाई के साथ हों हाजिर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा को एक माह में आदेश का पालन करने या 8 फरवरी को इस स्पष्टीकरण के साथ हाजिर होने का निर्देश दिया है कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना कार्रवाई की जाए। ह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने कमल नारायण चतुर्वेदी की अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता के के मिश्र और वरूण मिश्र ने बहस की। याची इंटर कालेज का अध्यापक था। कोर्ट ने जिला विद्यालय निरीक्षक को उसके बकाया वेतन का भुगतान करने का आदेश दिया।पालन न करने पर अवमानना याचिका पर हलफनामा दाखिल कर निरीक्षक ने बताया कि 50 फीसदी बकाया वेतन राशि ही याची को देय है। यह नहीं बताया कि कोर्ट आदेश को अपील में चुनौती दी गई है। कोर्ट का आदेश फाइनल हो गया जिसका पालन किया जाना चाहिए। कोर्ट ने चार हफ्ते में पालन का समर दिया। इसके बाद सरकारी वकील ने बता कि जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा और उप निदेशक शिक्षा और संयुक्त निदेशक शिक्षा झांसी को पत्र भेजा गया है किन्तु कोर्ट जवाब नहीं आया। जिस पर कोर्ट ने आदेश पालन के लिए एक माह का समय देते हुए कहा आदेश का पालन करने या आठ फरवरी को सफाई सहित हाजिर हों।

## कौड़िहार सपा ब्लाक प्रमुख मो मुजफ्फर को जमानत पर रिहा करने से इंकार, अर्जी खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कौड़िहार के सपा ब्लॉक प्रमुख मोहम्मद मुजफ्फर की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। सोरांव थाने में पशु तस्करी व पशु क्रूरता सहित धोखाधड़ी के आरोप में दर्ज मामले में यह जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने अधिवक्ता एस के मिश्र व मोहम्मद हारिश को सुनकर दिया है। याची ने अपने 37 आपराधिक केसों के इतिहास का खुलासा करते हुए जमानत पर रिहा किए जाने की मांग की थी।मुजफ्फर इस समय नैनी सेंट्रल जेल प्रयागराज में बंद है। कोर्ट ने इनके खिलाफ दो मामलों में ट्रायल छह माह में पूरा करने का भी निर्देश दिया है।

## लंका थाने से लापता मृत बीएचयू छात्र की विवेचना की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का कोर्ट ने सरकार को दिया समय

प्रयागराज। वाराणसी के लंका थानें से लापता बीएचयू छात्र के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवेचना की प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का समय दिया है और याचिका को सुनवाई हेतु 12 जनवरी को पेश करने का निर्देश दिया है। यह आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम के गुप्ता तथा न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने अधिवक्ता सौरभ तिवारी की जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।कहा गया कि बीएचयू छात्र शिव कुमार त्रिवेदी लंका थाना वाराणसी से फरवरी 2020 में संदेहास्पद परिस्थिति में लापता हो गया। जांच सीबीसीआईडी को सौंपी गई। इस दौरान छात्र की लाश एक तालाब में पाई गई। अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने कहा कि लंका थाने के 8 पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। किंतु विवेचना की कोई प्रगति नहीं हो रही है।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला : न्यायालय ने तृणमूल विधायक की अर्जी पर ईडी को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के विधायक माणिक भट्टाचार्य की जमानत अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस.सी. शर्मा की पीठ ने गत शुक्रवार को ईडी को नोटिस जारी किया और भट्टाचार्य की जमानत याचिका खारिज करने के 16 नवंबर के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर जवाब मांगा। ईडी ने इस साल 11 अक्टूबर को पूरी रात पूछताछ करने के बाद भट्टाचार्य को गिरफ्तार किया था। भट्टाचार्य पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हैं और उन्हें जांच में कथित तौर पर सहयोग नहीं करने के बाद गिरफ्तार किया गया। वह सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से नादिया जिले के पलाशपाड़ा सीट से विधायक हैं। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा भट्टाचार्य की गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पहले खारिज कर दी थी और कहा था कि ईडी की कार्रवाई अवैध नहीं थी।

# बार से जो प्रेरणा और स्नेह मिला मेरे लिए अविस्मरणीय

### इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी हाल में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति उमेश चन्द्र शर्मा को दी गई विदाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी हाल में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति उमेश चन्द्र शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह एवं संचालन महासचिव नितिन शर्मा ने किया। संयुक्त सचिव प्रेस अमरेन्दु सिंह ने न्यायमूर्ति उमेश चन्द्र शर्मा के जीवनवृत पर प्रकाश डाला। महासचिव नितिन शर्मा ने न्यायमूर्ति शर्मा के सुखद जीवन दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ की ईश्वर से कामना की। न्यायमूर्ति उमेश चन्द्र शर्मा ने कार्यकारिणी सहित सभी सम्मानित अधिवक्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुझे सुखद अनुभूति का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा यह मानना है कि आपसी विचार विमर्श से जितना जल्दी कानून समझ में आता है। उतना पढ़ाई करने से नही आता है। अल्प समय में बार से जो प्रेरणा और स्नेह प्राप्त हुआ वह मेरे लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने न्यायमूर्ति उमेश चन्द्र शर्मा का स्वागत और अभिनन्दन किया। कहा जब भी प्रयागराज आएं तो हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में अवश्य पधारें। कार्यक्रम में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित नववर्ष 2024 के कलेण्डर का अनावरण न्यायमूर्ति उमेश चन्द्र शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमित कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय अजय कुमार मिश्रा स्वर्ण लता सुमन उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार दुबे संयुक्त सचिव प्रशासन अजय सिंह संयुक्त सचिव लाइब्रेरी अमरेन्दु सिंह संयुक्त सचिव प्रेस अंजना चतुर्वेदी संयुक्त सचिव महिला अभ्युदय त्रिपाठी विनोद राय ओम प्रकाश विश्वकर्मा अरूण कुमार त्रिपाठी आशुतोष मिश्र नगरहा सुधीर कुमार केसरवानी साइमा सहेर गुलाब सिंह यादव एवं अनिल प्रताप सिंह कार्यकारिणी सदस्य सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए गए विधेयक देश हित में, इनसे न्याय और समानता सुनिश्चित होगी: बीजद

**भाषा।** नई दिल्ली

**तीन** आपराधिक कानूनों के स्थानों पर लाए गए विधेयकों को देश हित में बताते हुए बीजू जनता दल ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि इन विधेयकों से न्याय और समानता सुनिश्चित होगी।

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023 पर राज्यसभा में हुई संयुक्त चर्चा में हिस्सा लेते हुए बीजू जनता दल के सुजीत कुमार ने कहा कि ए तीनों कानून आज के समय की मांग हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक और भारतीय साक्ष्य विधेयक को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का स्थान लेने के लिए लाया गया है।

सुजीत कुमार ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम– ए तीनों कानून अंग्रेजों के समय बनाए गए थे जिनमें भारत के नागरिकों के बारे में समुचित विचार–विमर्श नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि स्थाई समिति की ज्यादातर सिफारिशों को इन विधेयकों में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि तीनों नए विधेयक हमारी कानूनी व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हैं और तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के इस दौर में इनकी बहुत ज्यादा जरूरत है। कुमार ने कहा कि नए कानूनों में दंड के बजाय न्याय देने पर और समय से न्याय देने पर जोर दिया गया है जो अत्यंत आवश्यक था।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय में 70,000 से अधिक मामले, उच्च न्यायालयों में करीब 60 लाख मामले और सुनवाई अदालतों में लगभग 4.23 करोड़ मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि न्याय का इंतजार करते–करते मृत्यु तक हो जाती है और मौत के बाद न्याय मिले तो वह कैसा न्याय होगा। बीजद सदस्य ने कहा कि लंबे समय तक अदालतों में मामले खिंचने से न्याय मिलने में देर होती है और देर से मिला न्याय कई बार अर्थहीन भी हो जाता है।

# पेज एक का शेष

## अभूतपूर्व रहा...

बनाए गए थे। निचले सदन ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए एक तंत्र स्थापित करने के लिए एक विधेयक को भी मंजूरी दे दी। बृहस्पतिवार को राज्यसभा में विधेयक पारित होने के साथ, संसद ने उस विधेयक को मंजूरी दे दी जो सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में दूरसंचार सेवाओं पर अस्थायी रूप से नियंत्रण करने की अनुमति देता है और उपग्रह स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए एक गैर–नीलामी मार्ग भी प्रदान करता है। दूरसंचार विधेयक, 2023 को राज्यसभा ने ध्वनि मत से मंजूरी दे दी। बुधवार को विपक्षी सांसदों की अनुपस्थिति में एक संक्षिप्त बहस के बाद इसे लोकसभा द्वारा पारित कर दिया गया। टीएमसी की महुआ मोइत्रा को सदन की आचार समिति की सिफारिश को स्वीकार करते हुए एक प्रस्ताव पारित करने के बाद लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया, जिसने उन्हें नकदी और उपहार के बदले में संसद में प्रश्न पूछने के लिए दोषी पाया। शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर को शुरू हुआ और 22 दिसंबर को समाप्त होने वाला था। 2001 के संसद हमले की बरसी पर, दो व्यक्ति दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए और अपने साथ लेकर आए कैन से पीला धुंआ छोड़ा। उन पर सांसदों ने काबू पा लिया। विपक्षी सांसदों को निलंबित करने की कार्रवाई की कांग्रेस और अन्य पार्टियों ने तीखी आलोचना की, जिन्होंने भाजपा सरकार पर 'विपक्ष–विहीन' संसद में प्रमुख विधेयकों के माध्यम से दबाव डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया। निलंबन के सिलसिले के बीच सांसदों के निलंबन के खिलाफ संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति और राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ की नकल करने के बाद राजनीतिक विवाद पैदा हो गया, जिसकी सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ी निंदा की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बनर्जी के प्रदर्शन का वीडियो बनाते देखा गया, जो धनखड़ के आगे झुककर चलने के तरीके की नकल करते दिखे और उन्होंने रीढ़ की हड्डी होने का हवाला दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर निराशा व्यक्त की थी। बिरला ने अपने समापन भाषण में कहा कि लोकसभा ने इस शीतकालीन सत्र में 74 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की। सदन में अपने समापन भाषण में अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा की 14 बैठकें हुईं और 61 घंटे 50 मिनट तक कामकाज हुआ। लोकसभा ने क्रमश: भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) संहिता सहित 18 विधेयक पारित किए। इस दौरान राज्यसभा में जम्मू–कश्मीर से संबंधित महत्वपूर्ण पथप्रदर्शक विधेयक, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, डाकघर विधेयक, दूरसंचार विधेयक और तीन विधेयक अर्थात् भारतीय साक्ष्य विधेयक, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता सहित कुल 17 विधेयक पारित किए गए। अपनी समापन टिप्पणी में राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने कहा कि उच्च सदन 14 बैठकों के दौरान 65 घंटों तक कामकाज करने में सक्षम रहा और सत्ता पक्ष और विपक्षी बेंच के 2300 से अधिक प्रश्नों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि टाले जा सकने वाले व्यवधानों के कारण लगभग 22 घंटे बर्बाद हो गए, जिससे हमारी कुल उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, जो अंतत: 79 प्रतिशत रही।

## सीआईएसफ करेगी...

हवाई अड्डों और दिल्ली मेट्रो के अलावा राष्ट्रीय राजधानी में कई केंद्रीय मंत्रालयों के भवनों की सुरक्षा करता है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को संसद भवन परिसर के सर्वेक्षण का निर्देश दिया ताकि व्यापक आधार पर सीआईएसएफ सुरक्षा और दमकल शाखा की नियमित तैनाती की जा सके। केंद्र सरकार के मंत्रालयों की सुरक्षा करने वाली सीआईएसएफ की सरकारी भवन सुरक्षा (जीबीएस) इकाई के विशेषज्ञ और वर्तमान संसद सुरक्षा टीम के अधिकारियों के साथ सीआईएसएस के अग्निशमन और बचाव अधिकारी इस सप्ताह के अंत में सर्वेक्षण शुरू करेंगे। सूत्रों ने बताया कि नए और पुराने दोनों संसद परिसर और उनकी संबद्ध इमारतों को सीआईएसएफ के व्यापक सुरक्षा घेरे में लाया जाएगा, जिसमें संसद सुरक्षा सेवा (पीएसएस), दिल्ली पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद ड्यूटी समूह (पीडीजी) के मौजूदा घटक भी मौजूद होंगे। संसद पर 13 दिसंबर को 2001 को हुए आतंकवादी हमले की बरसी के दिन एक बड़ी सुरक्षा चूक के तहत दो व्यक्ति शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए, केन से पीला धुआं छोड़ा और नारे लगाए। आरोपियों को बाद में सांसदों ने काबू में कर लिया। लगभग उसी समय दो अन्य लोगों ने संसद परिसर के बाहर नारे लगाते हुए केन से रंगीन धुआं छोड़ा।

## पत्रकारों के...

कोलकाता और अन्य जिलों में लगभग 10 पत्रकारों की पिटाई की गई। उन्होंने कहा, जून में उत्तर 24–परगना में तीन फोटोग्राफरों को बुरी तरह पीटा गया। उन्होंने कहा, मेरे पास कई बड़े पत्रकारों पर हुए हमलों की एक लंबी सूची है। मैं यहां सभी का जिक्र नहीं करना चाहता। यह एक गंभीर मुद्दा है। अगर पत्रकार किसी राज्य में असुरक्षित महसूस करते हैं तो इससे वहां कानून–व्यवस्था का सवाल उठता है। मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि पश्चिम बंगाल में केंद्र की विकसित भारत संकल्प यात्रा के वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। रिपोर्टिंग करने गए पत्रकार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे थे। मंत्री ने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। लोकसभा में पारित प्रेस और आवधिक पंजीकरण विधेयक, 2023 के संबंध में मंत्री ने कहा इस विधेयक से प्रेस रजिस्ट्रार जनरल की कार्य प्रक्रिया में तेजी आएगी। इसके साथ को पोर्टल पर प्रक्रिया को तेजी से ट्रैक करने में सक्षम होगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रकाशकों, विशेष रूप से छोटे और मध्यम प्रकाशकों को प्रकाशन शुरू करने में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, यह विधेयक गुलामी की मानसिकता को खत्म करने और नए भारत के लिए नए कानून लाने की दिशा में मोदी सरकार के एक और कदम को दर्शाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रकाशकों को अब जिला मजिस्ट्रेट या स्थानीय अधिकारियों के पास घोषणा पत्र दाखिल करने और ऐसी घोषणाओं को प्रमाणित कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, प्रिंटिंग प्रेसों को भी ऐसी कोई घोषणा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी, इसके बजाय केवल एक सूचना ही पर्याप्त होगी। वर्तमान में पूरी प्रक्रिया में 8 चरण शामिल थे और जिसके कारण काफी समय लगता था। मंत्री ने आगे कहा कि सरकार का प्रयास नए कानूनों के माध्यम से अपराध को समाप्त करना, व्यापार करने में आसानी और जीवन जीने में आसानी में सुधार करना है, जिसके तहत औपनिवेशिक युग के कानून को काफी हद तक अपराधमुक्त बानाने का प्रयास किया गया है। कुछ उल्लंघनों के लिए पहले की तरह दोषसिद्धि के बजाय वित्तीय दंड का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा, भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक विश्वसनीय अपीलीय तंत्र प्रदान किया गया है। व्यवसाय करने में आसानी के पहलू पर जोर देते हुए ठाकुर ने कहा कि स्वामित्व पंजीकरण प्रक्रिया, जिसमें कभी–कभी 2–3 साल लग जाते थे, अब 60 दिनों में पूरी हो जाएगी।

## समय से...

बशीरहाट की सीटें मांगी हैं। वर्तमान में कांग्रेस के अधीर चौधरी और एएच खान चौधरी के पास बहरामपुर और मालदा उत्तर की सीट है। पीसीसी नेताओं ने कहा कि वे जिन सीटों का कांग्रेस नेताओं से जिक्र किया है, टीएमसी के 2011 में सत्ता में आने के बाद तक वे उसके पारंपरिक गढ़ थे। पीसीसी नेताओं ने कहा कि हम अपनी गरिमा वापस चाहते हैं। जमीनी स्तर पर हमारे कार्यकर्ता टीएमसी के अत्याचारों के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ रहे हैं, जिसका लोग भी उनका समर्थन कर रहे हैं, अब हम ये सीटें उनको नहीं दे सकते जिन्होंने हमें वर्षों तक परेशान किया। पीसीसी नेता और पार्टी के पूर्व प्रवक्ता कौस्तव बागची ने एक कदम आगे बढ़ते हुए टीएमसी के साथ गठबंधन के विचार को पूरी तरह से खारिज कर दिया। खड़गे को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, टीएमसी के साथ गठबंधन करने से अपने को नुकसान होंगे। विश्वसनीय भ्रष्टाचार के आरोपों से टीएमसी नेतृत्व की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। अगर कांग्रेस टीएमसी के साथ गठबंधन करने की कोशिश करती है तो हमें टीएमसी नेताओं के उन सभी भ्रष्टाचारों की जिम्मेदारी लेनी होगी जिनके खिलाफ कांग्रेस ने पूरी ताकत से लड़ाई लड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल में राजनीति टीएमसी के इर्द–गिर्द घूमती है, हालांकि भाजपा ने हाल ही में कुछ बढ़त हासिल की है क्योंकि लोगों को लगता है कि कांग्रेस तृणमूल कांग्रेस के प्रति बहुत नरम है। बागची ने कहा, इस समय अगर हम तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन करते हैं तो इससे भाजपा को फायदा होगा क्योंकि सभी विपक्षी वोट उसके पास चले जाएंगे। इस बीच, हालांकि टीएमसी नेतृत्व ने पीसीसी की 6–8 सीटों की मांग पर चुप्पी साधे रखी और कहा कि यह उनका आंतरिक मामला है और हमें इस बारे में बात करने की कोई जरूरत नहीं है, पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस को 2–3 से अधिक सीट देने का सवाल ही नहीं उठता है। नेता ने कहा, मौजूदा माहौल में कांग्रेस उन 2 सीटों को भी बरकरार नहीं रख पाएगी जो उसने पिछली बार वामपंथियों की मदद से जीती थीं, अगर टीएमसी उनके साथ खड़ी नहीं हुई।

## सुरक्षा में...

मैसूरु निवासी मनोरंजन डी का दोस्त बताया जाता है। मनोरंजन पिछले हफ्ते लोकसभा कक्ष में घुसपैठ करने वाले दो घुसपैठियों में से एक था। सूत्रों ने बताया कि जगली अपने कॉलेज के दिनों में मनोरंजन का रूममेट भी था, दोनों छात्रावास में एक ही कमरे में साथ रहते थे। जगली की बहन स्पंदा ने कहा कि दिल्ली पुलिस की एक टीम आई और उसके भाई को अपने साथ ले गई। सूत्रों ने बताया कि मनोरंजन के मैसूर के एक अन्य दोस्त से भी दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को पूछताछ की। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति से पूछताछ की गई वह मैसूर में एक सैलून चलाता है और उसका मनोरंजन के साथ वित्तीय लेनदेन था। बृहस्पतिवार को विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने दिल्ली पुलिस द्वारा दायर एक आवेदन पर आरोपी मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे और नीलम देवी की हिरासत 15 दिनों के लिए बढ़ा दी। दिल्ली पुलिस ने यह कहते हुए उनकी हिरासत 15 दिनों के लिए बढ़ाने की मांग की कि आरोपियों को जांच के लिए विभिन्न स्थानों पर ले जाया जाना है, जो 'महत्वपूर्ण चरण में' है। लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने अदालत को बताया कि 'पूरी साजिश का पता लगाने और मामले की तह तक जाने के लिए आरोपियों से और पूछताछ करने की आवश्यकता है। अभियोजक ने अदालत से कहा कि हमें साजिश में शामिल वास्तविक व्यक्तियों का पता लगाना होगा। इस मामले की जांच करते समय सभी को समग्रता से देखने की आवश्यकता है। हमें अपराध के अंतिम उद्देश्य का पता लगाना होगा। दिल्ली पुलिस इस मामले में शामिल सभी छह लोगों का मनोविश्लेषण (साइकोएनालिसिस) परीक्षण कराएगी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की मानसिक स्थिति जानने के लिए चिकित्सकों और मनोचिकित्सकों की एक टीम द्वारा यह परीक्षण किया जाता है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, आरोपी अत्यधिक शातिर हैं और जांच के दौरान सहयोग नहीं कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों ने अब तक पूरे कृत्य को किस तरह से अंजाम दिया गया, इसके क्रम के बारे में खुलासा नहीं किया है। अधिकारी ने कहा, इस परीक्षण से हमें उनकी मानसिक स्थिति का पता लगाने में मदद मिलेगी क्योंकि वे लगातार अपने बयान बदल रहे हैं। पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ ने घटना में किसी सरगना की संलिप्तता की आशंका से इनकार नहीं किया है, जिसने संभवत: इन युवाओं को ऐसी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा किया।

## दिव्यांगों के...

राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों से दिशा–निर्देशों का अक्षरश: पालन करने की अपील की। सीईसी कुमार ने यह भी कहा था कि निर्वाचन आयोग दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है और अपनी सभी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणाली में उनकी पहुंच की अवधारणा और प्रयास को गहराई से शामिल करता है। उन्होंने कहा था कि दिव्यांगता बिल्कुल भी अक्षमता नहीं है। उन्होंने महसूस किया कि वास्तविक दिव्यांगता संभवत: विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों की आंतरिक क्षमता को देखने में हमारी अपनी असमर्थता है। उनका कहना था कि चुनौती दिव्यांगता नहीं है बल्कि इसके प्रति सही दृष्टिकोण विकसित करना है, तंत्र की सभी की जरूरतों के प्रति संवेदनशील होने की क्षमता विकसित करना है।

## आतंकी हमले...

मोड़ पर अपराह्न करीब पौने चार बजे हमला किया गया। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर पुंछ जिले के ढेरा की गली इलाके में बुधवार रात एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया और वहां मुठभेड़ शुरू हो गई थी।

## डब्ल्यूएफआई के...

मत मिले। आरएसएस से जुड़े संजय वाराणसी के रहने वाले हैं और बृजभूषण के बहुत करीबी सहयोगी हैं। निवर्तमान प्रमुख की खेल में जबरदस्त रुचि को देखते हुए यह उम्मीद है कि संजय नीतिगत निर्णयों में उनसे सलाह लेंगे। संजय ने चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद संवाददाताओं से कहा, यह देश के हजारों पहलवानों की जीत है जिन्हें पिछले सात से आठ महीनों में नुकसान उठाना पड़ा है। महासंघ के अंदर चल रही राजनीति के बारे में पूछे जाने उन्होंने कहा, हम राजनीति का जवाब राजनीति और कुश्ती का जवाब कुश्ती से देंगे। अनिता का पैनल हालांकि महासचिव पद अपने नाम करने में सफल रहा जब प्रेम चंद लोचब ने दर्शन लाल को हराया। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के पूर्व सचिव लोचब ने 27–19 से जीत दर्ज की। राष्ट्रीय राजमार्ग पर फूड ज्वाइंट्स की चेन चलाने वाले और प्रदर्शनकारी पहलवानों के करीबी माने जाने वाले देवेंद्र सिंह कादियान ने आईडी नानावटी को 32–15 से हराकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।अनिता के पैनल के इन दो उम्मीदवारों की जीत से संकेत मिलते हैं कि संभवत: किसी तरह का समझौता हुआ होगा क्योंकि संजय ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की जबकि इन दो पद के चुनाव में वोट बंट गए। कार्यकारी समिति के पांचों सदस्य भी निवर्तमान अध्यक्ष के गुट से हैं। चुनावों के नतीजों के बिरोध में साक्षी ने कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला किया। यह बात अलग है कि वह पिछले कुछ समय से फार्म से जूझ रहीं थी और उन्हें युवा पहलवान सोनम मलिक के खिलाफ ट्रायल में कई बार हार का सामना करना पड़ा।

## मोदी पर...

न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हालांकि कथित बयान उचित नहीं हैं और निर्वाचन आयोग (ईसी) मामले की जांच कर रहा है और यहां तक कि गांधी को नोटिस भी जारी किया गया है। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने आदेश दिया, यह मानते हुए कि जवाब दाखिल करने की समय सीमा समाप्त हो गई है और कोई जवाब नहीं मिला है, अदालत ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह इस मामले पर यथासंभव शीघ्रता से आठ सप्ताह के भीतर निर्णय ले। अदालत ने कहा कि 23 नवंबर को भेजे गए नोटिस में निर्वाचन आयोग ने खुद कहा था कि वह इस मामले में उचित कार्रवाई करेगा। याचिकाकर्ता भरत नागर ने उच्च न्यायालय को बताया कि गांधी ने 22 नवंबर को एक भाषण दिया था जिसमें प्रधानमंत्री सहित उच्चतम सरकारी पदों पर बैठे व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए थे और उन्हें जेबकतरे के रूप में संदर्भित किया गया था।

# पिछली सरकार की सभी योजनाएं जारी रहेंगी : मोहन

भाषा। भोपाल



**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में पिछली सरकार की सभी योजनाएं जारी रहेंगी। नव निर्वाचित विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान लाडली बहना कार्यक्रम का जिक्र नहीं होने के बाद मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी की है प्रदेश की 16वीं विधानसभा का चार दिवसीय पहला सत्र बृहस्पतिवार को संपन्न हो गया और इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण पर भाजपा के विधायक कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पेश किए गए धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, पिछली सरकार द्वारा चलाई जा रही लाडली लक्ष्मी से लेकर अन्य सभी योजनाएं जारी रहेंगी और तय तारीख पर लाभार्थियों के खातों में राशि स्थानांतरित की जाएगी। जब विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने विशेष रूप से लाडली बहना योजना के बारे में पूछा, तो यादव ने कहा कि सभी योजनाएं जारी रहेंगी। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रमुख योजना लाडली बहना पात्र महिलाओं को प्रति माह 1,250 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करती है और विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा ने इस राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर तीन हज़ार रुपए करने का वादा किया था। नवगठित विधानसभा के पहले सत्र को संबोधित करते हुए पटेल ने बुधवार को केंद्र और राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को गिनाया, लेकिन उन्होंने लाडली बहना योजना का उल्लेख नहीं किया।कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक रामनिवास रावत और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह समेत पार्टी विधायकों ने बृहस्पतिवार को राज्यपाल के अभिभाषण का हवाला देकर मुख्यमंत्री यादव से लाडली बहना योजना की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी।धार्मिक स्थलों में लगे लाउडस्पीकरों के लिए डेसीबल स्तर तय करने के उच्चतम न्यायालय के आदेश के कार्यान्वयन का जिक्र करते हुए, यादव ने कहा कि उनकी सरकार ने शीर्ष अदालत के निर्देशों को लागू किया है, और भूतपूर्व कांग्रेस सरकार ऐसा करने में विफल रही थी। मुख्यमंत्री बनने के कुछ घंटों बाद, यादव ने पिछले हफ्ते एक निर्देश जारी कर धार्मिक स्थलों पर अनुमेय डेसिबल स्तर से अधिक लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। दिन का सूचीबद्ध कामकाज पूरा करने के बाद, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

## किरण सिंह देव को भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए किरण देव सिंह को पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है।पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक सिंह की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। सिंह, हाल ही में राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाए गए अरुण साव की जगह लेंगे।जगदलपुर बस्तर संभाग की एकमात्र ऐसी सीट है, जो अनारक्षित है। किरण सिंह देव जगदलपुर नगर निगम के महापौर रह चुके हैं।भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले सिंह पार्टी की बस्तर जिला इकाई के अध्यक्ष भी रहे हैं। वह 2009 में 2014 तक जगदलपुर नगर निगम के महापौर रहे।वह भाजपा संगठन में और भी कुछ दायित्वों को संभाल चुके हैं।

## बीजापुर में नक्सलियों ने दो बसों को आग के हवाले किया

भाषा। बीजापुर

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बृहस्पतिवार को दो यात्री बसों में आग लगा दी। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि जिले बासागुड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिम्मापुर गांव के करीब नक्सलियों ने एक यात्री बस को तथा दुईगुड़ा गांव के करीब एक अन्य यात्री बस में आग लगा दी है। वार्ष्णेय ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि आज शाम लगभग सात बजे नक्सलियों के एक समूह ने जगदलपुर से बीजापुर जिला जा रही बस को बासागुड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिम्मापुर गांव के करीब रोका और यात्रियों को नीचे उतरने के लिए कहा। बाद में नक्सलियों ने बस में आग लगा दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसी तरह की एक अन्य घटना में बासागुड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ही दुईगुड़ा गांव के करीब नक्सलियों ने एक अन्य बस में आग लगा दी। यह बस बीजापुर जिले से रायपुर जा रही थी।

## क्विक न्यूज

### सरकार ने कीमतों पर नियंत्रण के लिए खुले बाजार में 3.46 लाख टन गेहूं, 13,164 टन चावल बेचा

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू आपूर्ति को बढ़ाने और खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के अपने प्रयासों के तहत थोक उपभोक्ताओं को ई-नीलामी के माध्यम से 3.46 लाख टन गेहूं और 13,164 टन चावल बेचा है।सरकार खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए अपने बफर स्टॉक से गेहूं और चावल बेच रही है। खाद्यान्न खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ई-नीलामी कर रही है। केंद्र ने मार्च, 2024 तक ओएमएसएस के लिए 101.5 लाख टन गेहूं आवंटित किया है। एक सरकारी बयान में कहा गया है, 26वीं ई-नीलामी 20 दिसंबर को आयोजित की गई थी, जिसमें चार लाख टन गेहूं और 1.93 लाख टन चावल की पेशकश की गई थी। ई-नीलामी में, 3.46 लाख टन गेहूं और 13,164 टन चावल - क्रमशः 2,178.24 रुपए प्रति क्विंटल और 2905.40 रुपए प्रति क्विंटल के भारित औसत पर बेचा गया था। चावल, गेहूं और आटे की खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार गेहूं और चावल दोनों की साप्ताहिक ई-नीलामी आयोजित कर रही है। एक बोलीदाता द्वारा बोली लगाने वाले चावल की न्यूनतम और अधिकतम मात्रा क्रमशः एक टन और 2,000 टन तय की गई है। बोलीदाता ओएमएसएस (घरेलू) के तहत चावल के संबंध में एक टन के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। यह उपाय ओएमएसएस (घरेलू) के तहत चावल की बिक्री बढ़ाने के लिए किया गया है और वर्तमान ई-नीलामी में चावल की बिक्री पिछली ई-नीलामी में बेचे गए 3,300 टन से बढ़कर 13,164 टन हो गई है। इस महीने की शुरुआत में खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा था कि सरकार घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए ओएमएसएस के तहत जनवरी-मार्च, 2024 के दौरान थोक उपभोक्ताओं को अतिरिक्त 25 लाख टन एफसीआई का गेहूं उतारने के लिए तैयार है।

### कनाडा से भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की उम्मीदः विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली। भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि कनाडा को लेकर उसका प्रमुख मुद्दा उस देश में सक्रिय भारत विरोधी तत्वो को दी गई जगह को लेकर है और साथ ही उसने उम्मीद जताई कि वह भारत विरोधी तत्वो के खिलाफ कार्रवाई करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओ से बातचीत में कहा कि भारत को उम्मीद है कि कनाडा अलगाववादियो और भारत विरोधी तत्वो के खिलाफ कार्वाई करेगा। बागची ने कहा, अब भी मुख्य मुद्दा अलगाववादियो और भारत विरोधी तत्वो को दी जा रही जगह है। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की जून में की गई हत्या से भारतीय एजेंटों को जोड़ने के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद से भारत और कनाडा के संबंधो मे गंभीर तनाव रहा है। ट्रूडो की ओर से सितंबर मे लगाए गए इस आरोप को भारत ने सख्ती से खारिज कर दिया था।

### एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान देगा आईडीएस

**नई दिल्ली।** प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग सतही स्तर पर सामाजिक आर्थिक विकास के साथ स्वरोजगार और कौशल विकास के अवसर पैदा करने की अपनी निहित क्षमताओं के आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार के निर्धारित रोडमैप के अनुरूप राज्य को वर्ष 2027 तक एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान करने के लिये तैयार है। देश् में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग क्षेत्र की कम्पनियों की शीर्ष संस्था इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन ने यह घोषणा की। एसोसिएशन ने कहा कि यह उद्योग विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, व्यक्तियो, स्थानीय कारीगरों और छोटे कारोबारियों को बिना बिचौलियों के उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है जो राज्य सरकार के उक्त लक्ष्य की रूपरेखा के अनुरूप है। आईडीएस के अनुसार वर्ष 2021-22 के आंकड़ों में आधार पर प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग 1926 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार के साथ उत्तरी राज्यों में लगातार शीर्ष स्थान पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के बाद तीसरे सबसे बड़े बाजार के पायदान पर है। उद्योग ने राज्य में 17०1 लाख से अधिक लोगों को स्वरोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान किये हैं जिनमें 7.5 लाख से अधिक महिलाएं हैं।आईडीएसए ने कहा कि राज्य में प्रत्यक्ष बिकी कारोबार आठ प्रतिशत से अधिक की सालाना विकास दर से बढ़ रहा है तथा इस आधार पर चालू वित्त वर्ष में इसके 2300 करोड़ रुपये को पार करने जाने के प्रबल आसार हैं। उद्योग जहां करों के माध्यम से राज्य के खजाने में लगभग 290 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान करता है वहीं जबकि 19,030 करोड़ रूपये के कुल राष्ट्रीय प्रत्यक्ष बिक्री में इसकी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से अधिक है। समारोह में उपस्थित उत्तर प्रदेश के उपभोक्ता मामलों के विभाग के मंत्री आशीष पटेल ने अपने सम्बोधन में देश और राज्य के विकास में उद्योग के सतत योगदान की सराहना की। आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने देश में प्रत्यक्ष बिक्री परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुये कहा श्उत्तर प्रदेश प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग के लिये प्रमुख और प्राथमिकता वाले बाजारों में से एक है। आठ प्रतिशत से अधिक की विकास दर स्पष्ट रूप से यह दर्शाती है कि राज्य में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग नये आयाम छूने के लिये तेयार है और इसमें प्रत्यक्ष विक्रेताओं की अथक मेहनत की पुष्टि भी होती है।

### रिएलटी शो बिग बॉस सीजन सात का विजेता तेलंगाना में गिरफ्तार

**हैदराबाद।** रियलिटी शो बिग बॉस सीजन सात के विजेता और उनके भाई को यहां एक स्टूडियो के बाहर हुई हिंसा के संबंध मे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, 17 दिसंबर की रात शो के फिनाले के बाद उस समय हिंसा भड़क गई थी, जब इस सीजन के विजेता और उपविजेता के समर्थको के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद उपद्रवी भीड़ ने गाड़ियों, आरटीसी बसो और पुलिस वाहनो पर पत्थर बरसाकर कथित रूप से क्षतिग्रस्त किया और पुलिस अधिकारियो को उनका काम करने से रोका। पी. प्रशांत को बिग बॉस सीजन सात का विजेता घोषित किया गया था। पुलिस ने बताया कि वाहनो को नुकसान पहुंचाने के लिए अलग-अलग मामले दर्ज किए गए है।

## तृणमूल विधायक के घर से 70 लाख नकद बरामद किए

**कोलकाता।** आयकर विभाग ने कथित कर चोरी के मामले में तृणमूल कांग्रेस के विधायक बायरन बिस्वास के आवास पर तलाशी के दौरान करीब 70 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज स्थित विधायक के आवास पर बुधवार को सुबह शुरू हुई तलाशी करीब 19 घंटे बाद देर रात खत्म हुई। अधिकारी ने कहा, हमने बायरन बिस्वास के आवास पर छापेमारी के दौरान 70 लाख रुपए नकद बरामद किए है। इस बात पर कोई स्पष्टता नही है कि इतनी बड़ी रकम वहां क्यों रखी गई थी। पीटीआई-भाषा ने जब विधायक से इस मामले पर संपर्क किया तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस आयोध्या से संचालन शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने घोषणा की है कि वह आयोध्या अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से सेवाएं शुरू कर रही है, जो एयरलाइन का 45वां गंतव्य है और उत्तर प्रदेश राज्य में तीसरा संचालन क्षेत्र है। 30 दिसम्बर से शुरू होने वाले इस सेवा में एयरलाइन दिल्ली के लिए सीधी उड़ानें चलाएगी और भारत और इसके परे कई स्थानों के लिए सुविधाजनक वन.स्टॉप योजनाएँ प्रदान करेगी। 30 दिसम्बर 2023 को होने वाली प्रारंभिक उड़ान2789 11:00 बजे दिल्ली से उड़ेगी और 12. 20 बजेआयोध्या में लैंड करेगी। आयोध्या से 1769 12:50 बजे दिल्ली के लिए उड़ेगी और 14: 10 बजे पहुंचेगी। प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा कि इंडिया एक्सप्रेस आयोध्या से उड़ानों का संचालन शुरू करने के लिए उत्सुक है।

## पूनावाला अब गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड बना

**नई दिल्ली।** कंपनी के स्वामित्व में परिवर्तन के बादपूनावाला हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड को गृहम हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड जीएचएफएलके रूप में पुनः ब्रांडित किया गया है। ग्लोबल प्राइवेट इक्विटी फर्म टीपीजी ने इस साल पूनावाला फिनकॉर्प से कंपनी में 99.02 प्रतिशत इक्विटी हिस्सा अधिग्रहण कर लिया है। नाम परिवर्तन के लिए सभी आवश्यक नियामक स्वीकृतियाँ प्राप्त कर ली हैं। ग्रीहम हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और प्रमुख कार्यकारी अधिकारीए मनीष जयसवालने पुनर्ब्रांडिंग पर बोलते हुए कहा कि गृहम गृहश् घर और हम एकता का मिश्रण है, जो हमारी कंपनी की मौलिकता को दर्शाता है। हम अपने ग्राहकों के लिए ,ड्रीम होम, का पसंदीदा स्थान बनाने में सहयोग और एकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं।

## पीपीएल को मिली जीत

**मुंबई।** फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड - पीपीएल इंडिया अपने 70 लाख गीतों की व्यापक कैटलॉग को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कॉपीराईट उल्लंघन के खिलाफ़ फैसला सुनाया है, जिसके तहत संस्थाएं आवश्यक लाइसेंस के बिना पीपीएल द्वारा नियन्त्रित कॉपीराईट गीतों को नहीं बजा सकतीं। सार्वजनिक अधिकारों की देखरेख करने वाले 80 साल पुराने पावरहाउस के रूप में पीपीएल इंडिया 400 से अधिक म्युज़िक लेबल्स की ओर से गीतों की व्यापक रेंज का प्रबन्धन करती है। इसमें उद्योग जगत के दिग्गजों जैसे टी.सीरीज़, सारेगामाए सोनी म्युज़िकए युनिवर्सल म्युजिक, वार्नर म्युज़िक, टाइम्स म्युज़िक, स्पीड रिकॉर्ड्स आदि के गीत शामिल हैं। ऐसे ही एक लीगल विकास के तहत दिल्ली उच्च न्यायालय ने डीजे एसोसिएशन चंडीगढ़ जैसे संगठनों द्वारा शुरू किए गए गुमराह करने वाले कैंपेन्स का संज्ञान गंभीरता से लिया। ये कैंपेन संगीत बजाने के लिए पीपीएल से लाइसेंस लेने के मामले में भ्रमित करते हैं।

# जाति जनगणना का उपयोग समाज के समग्र विकास के लिए हो : आरएसएस



भाषा। नागपुर

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ** (आरएसएस) ने अपने एक पदाधिकारी द्वारा जाति आधारित जनगणना का विरोध किए जाने के कुछ दिन बाद बृहस्पतिवार को कहा कि इस तरह की कवायद का इस्तेमाल समाज के समग्र विकास के लिए किया जाना चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सामाजिक सद्भाव और एकता को कोई नुकसान न हो। आरएसएस के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किसी भी प्रकार के भेदभाव एवं विषमता से मुक्त समरसता एवं सामाजिक न्याय पर आधारित हिंदू समाज के लक्ष्य को लेकर सतत कार्यरत है। यह सत्य है कि विभिन्न ऐतिहासिक कारणों से समाज के अनेक घटक आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़ गए। उनके विकास, उत्थान एवं सशक्तिकरण की दृष्टि से विभिन्न सरकारें समय-समय पर अनेक योजनाएं एवं प्रावधान करती हैं, जिनका संघ पूर्ण समर्थन करता है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ समय से जाति आधारित जनगणना की चर्चा पुनः प्रारंभ हुई है। हमारा यह मत है कि इसका उपयोग समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए हो और यह करते समय सभी पक्ष यह सुनिश्चित करें कि किसी भी कारण से सामाजिक समरसता एवं एकात्मकता खंडित ना हो। विशेष रूप से, कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल जाति आधारित जनगणना की मांग कर रहे है।

## आरएसएस प्रमुख तीन दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे

***पटना।*** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार को पटना पहुंचे। पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचे सर संघचालक भागलपुर के लिए रवाना हो गए। वह 22 दिसंबर को भागलपुर के कुप्पा घाट स्थित महर्षि मेही आश्रम में संतों से संवाद करेंगे। बाद में भागवत संत समागम को भी संबोधित करेंगे। वह 23 दिसंबर को पटना से प्रस्थान करेंगे। महर्षि मेंही आश्रम भागलपुर के बरारी इलाके में कुप्पा घाट नामक प्राचीन गुफा क्षेत्र के पास स्थित है। कुप्पाघाट में एक गुफा है जहां संतमत महर्षि मेही ने कई महीनों तक योग और ध्यान किया था।भागवत ने महर्षि मेही आश्रम का दौरा आखिरी बार इस साल फरवरी में किया था। उस समय उन्होने वहां सद्गुरु निवास के उद्घाटन समारोह में भाग लिया था। यहां प्रतएक वर्ष देश-विदेश से बड़ी संख्या में अनुयाई आया करते है। भागवत के दौरे को देखते हुए भागलपुर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## जद (एस) और भाजपा सीट-बंटवारे पर जनवरी तक बातचीत पूरी कर लेंगे : कुमारस्वामी



**नई दिल्ली।** जनता दल (सेक्युलर) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी और भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत जनवरी के अंत तक पूरी कर लेंगे। जद (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.डी. देवेगौड़ा के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने वाले कुमारस्वामी ने कहा कि बैठक के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा हुई। इस साल की शुरुआत में राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद भाजपा और जद (एस) ने कर्नाटक में हाथ मिला लिया। कुमारस्वामी ने यहां संवाददाताओं से कहा, दोनों दलों के बीच सीटों का बंटवारा (बातचीत) जनवरी के अंत तक पूरा हो जाएगा। इसमें कोई बाधा नहीं होगी। यह पूछे जाने पर कि जद (एस) कितनी सीटें मांगेगी, पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, सीटों की संख्या मायने नहीं रखती, हम जीतने योग्य सीटों पर दावा करेंगे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के साथ गठबंधन कांग्रेस को करारा जवाब देने के लिए किया गया है, जो कर्नाटक में जद(एस) को खत्म करना चाहती है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जद (एस) ने एक लोकसभा सीट जीती थी। सूत्रों ने कहा कि पार्टी 2024 के लेकसभा चुनाव के लिए कम से कम चार-पांच सीटें मांग सकती है। कांग्रेस के इस आरोप पर कि भाजपा कर्नाटक में उसकी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है, कुमारस्वामी ने कहा, कुछ भी संभव है। कर्नाटक में भी अजित पवार और (एकनाथ) शिंदे हैं।

## देश के 15 हवाईअड्डों पर 164 विमान निष्क्रिय अवस्था में खड़े हैं : सरकार

**नई दिल्ली।** देश के 15 हवाई अड्डों पर 164 विमान बेकार खड़े हैं। सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा को यह जानकारी दी। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा एक प्रश्न के लिखित उत्तर में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार इनमें से सर्वाधिक विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर निष्क्रिय अवस्था में खड़े हैं जिनकी संख्या 64 है। बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 27, मुंबई हवाई अड्डे पर 24 और चेन्नई हवाई अड्डे पर 20 ऐसे विमान खड़े हैं। इनके अलावा अहमदाबाद, भुवनेश्वर, कोचीन, गोवा (मोपा), हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, कन्नूर, नागपुर और रायपुर हवाई अड्डों पर भी बेकार विमान खड़े हैं। सिंधिया ने अपने उत्तर में बताया कि इन विमानों में इंडिगो, स्पाइसजेट, गोफर्स्ट, एअर इंडिया, जूम एयर और अलायंस एयर के विमान शामिल हैं। सिंधिया ने सदन में कहा कि समस्या यह है कि आज निष्क्रिय अवस्था में खड़े 95 प्रतिशत विमान इंजन आपूर्तिकर्ता प्रैट एंड व्हाइटनी (पीएंडडब्ल्यू) की वजह से इस हालत में हैं ।

# उपराष्ट्रपति की मिमिक्री पर विवादों में घिरे कल्याण बनर्जी

## पहले भी दे चुके है कई विवादित बयान

भाषा। कोलकाता



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ की नकल (मिमिक्री) करने को लेकर विवादों में घिरे टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का विवादों से नाता नया नहीं है। बनर्जी का राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर निशाना साधने के लिए विवादास्पद टिप्पणियां करने का पुराना इतिहास रहा है। राजनीतिक विवाद की शुरुआत तब हुई जब बनर्जी ने विपक्षी दलों के विरोध के दौरान संसद की सीढ़ियों पर मंगलवार को धनखड़ की मिमिक्री की और सांसदों के निलंबन की निंदा की। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बनर्जी के इस कृत्य और राहुल गांधी की ओर से इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग किए जाने की कड़ी आलोचना की है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा धनखड़ की नकल करने को लेकर विवाद बुधवार को केंद्र में रहा, जिसकी गूंज संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह सुनाई दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस घटना पर क्षोभ व्यक्त किया।संसद के उच्च सदन राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने सदन में कहा कि वह संसद या उपराष्ट्रपति के संवैधानिक पद का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके जवाब में बनर्जी ने स्पष्ट किया कि मंगलवार को संसद परिसर में अपने कृत्य से उनका किसी को नुकसान पहुंचाने का इरादा नहीं था। वकील से नेता बने 66 वर्षीय कल्याण बनर्जी पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पश्चिम बंगाल के तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ (अब उपउपराष्ट्रपति)के खिलाफ टिप्पणी करते रहे हैं। बनर्जी के इस पुराने रिकॉर्ड के कारण राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों ने उन्हें लूज कैनन उपनाम दिया है। लूज कैनन से आशय एक ऐसे व्यक्ति से है जिसका खुद के व्यवहार पर नियंत्रण नहीं रहता और वह अपने कृत्य से दूसरों के लिए मुश्किलें खड़ी कर देता है। छात्र राजनीति में सक्रिय रहे बनर्जी ने विधि में स्नातक किया है और वह ममता बनर्जी के कट्टर समर्थक रहे हैं। वह पहली बार 2001 में पश्चिम बंगाल विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए।

## सीबीआई ने ढाई लाख रुपए की रिश्वत लेते डाक विभाग के अधिकारी को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक कर्मचारी का निलंबन रद्द करने के लिए उससे ढाई लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में आंध्र प्रदेश में डाकघर के एक वरिष्ठ अधीक्षक को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पश्चिम गोदावरी जिले में भीमावरम मंडल के वरिष्ठ अधीक्षक पी. बालासुब्रमण्यम ने आपराधिक मामले का सामना कर रहे कर्मचारी को 30 नवंबर को निलंबित किया था। सीबीआई के प्रवक्ता ने यहां कहा, आरोप लगाया गया कि आरोपी (बालासुब्रमण्यम) ने शिकायतकर्ता का निलंबन रद्द करने के एवज़ में शुरू में 10 लाख रुपए मांगे थे। बातचीत के बाद आरोपी ने रिश्वत की राशि कथित रूप से कम कर ढाई लाख रुपए कर दी। आरोप के सत्यापन के बाद, सीबीआई की टीम ने जाल बिछाया और बालासुब्रमण्यम को ढाई लाख रुपए की रिश्वत लेते पकड़ लिया।

## ग्रीन एनर्जी पार्क से 20 लाख के घर जगमग होंगे

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में रिन्यूबल एनर्जी को प्राथमिकता देने के मामले में एशिया सबसे तेज़ी से उभर रहा है। इसमें भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हाल ही में उद्योगपति गौतम अदाणी ने दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन एनर्जी पार्क बनाने की घोषणा की है। यह पार्क रेगिस्तान में 726 वर्ग किमी में फैला होगा।इस ग्रीन एनर्जी पार्क से 20 लाख लोगों के घर बिजली पहुंचेगी और इसके लिए इस पार्क में 30 गीगावॉट अक्षय उर्जा का उत्पादन होगा। ये प्रोजेक्ट दुनिया के सबसे बड़े बंदरगाहों में शुमार मुंद्रा से सिर्फ150 किमी दूरी पर बन रहा है। रणनीतिक और भौगोलिक स्थितिए समुद्र तट के होने से हवा और सोलर एनर्जी के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाती है इस लिहाज से रिन्यूबल एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए ये एक शानदार जगह है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा खपत वाला देश है। भारत की रिन्यूबल एनर्जी स्थापित क्षमता ;बड़े हाइड्रो सहितद्ध में विश्व में चौथे स्थान पर है। भारत की स्थापित गैर.जीवाश्म ईंधन क्षमता पिछले 8०5 वर्षों में 396: बढ़ी है और 176०49 गीगावॉट ;बड़े हाइड्रो और परमाणु सहितद्ध से अधिक हैए जो देश की कुल क्षमता का लगभग 43: है ;जुलाई 2023 तकद्ध। भारत ने 2022 में रिन्यूबल एनर्जी में 9०83: की वृद्धि हासिल की है। ये दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूबल एनर्जी पार्क बनते ही भारत रिन्यूबल एनर्जी के उत्पादन और इस्तेमाल में पहले पायदान की दौड़ में शामिल हो जाएगा।

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) PIAGGIO_GR APE_E_XT REG.NO.DL51GD1601-YOM-2022
2) TATAMOTORS TATAACE REG.NO.DL1LAG6151-YOM-2022
3) EICHR_VECV ECHPRO2110 REG.NO.HR38AE9452-YOM-2023
4) EICHR_VECV EICHER5016. REG.NO.HR38X2450-YOM- 2018
5) EICHR_VECV VE1110FB REG.NO.MH40CD1242-YOM-2018
6) EICHR_VECV EICHER5016 REG.NO.HR38X5982-YOM -2018
7) TATAMOTORS TATA_1512 REG.NO.BR01GM1022-YOM-2022
8) TATAMOTORS TATAACE REG.NO.DL1LAJ0757-YOM- 2022
9) TATAMOTORS TACEGOLD REG.NO.DL1LAH5443-YOM-2022
10) MAH BLAZO37GCB REG.NO.UP13AT0659-YOM-2015
11) TATAMOTORS T_LPT2518G REG.NO.UP17AT2731-YOM-2017
12) TATAMOTORS TATAACE REG.NO.DL1LAH5243-YOM-2022
13) MAH BOLERO_MAX REG.NO.DL1LAG1016 -YOM-2021
14) SWRJ_MAZDA SM_SAMRAT REG.NO.UP14LT2644-YOM-2022
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL-raman.ahuja@kotak.com

# शराब, दूसरों का अपमान करने की प्रवृत्ति इंडिया के घटक दलों को जोड़ती है: भाजपा

भाषा। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भ्रष्टाचार और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के कथित अपमान के मुद्दों को लेकर बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधा और कहा कि शराब और दूसरों का अपमान करने की प्रवृत्ति इसके घटक दलों को एकजुट रखने के लिए फेविकोल का काम करती है। संसद से अपने 143 सदस्यों के निलंबन के विरोध में विपक्षी दलों के मार्च निकालने के तुरंत बाद भाजपा ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया पर पलटवार किया।भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधने के लिए यहां पार्टी मुख्यालय में कथित आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कथित संलिप्तता और कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़ी कंपनियों से 350 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी बरामद होने का जिक्र किया और साथ ही आम आदमी पार्टी के संयोजक पर पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के समन को नजरअंदाज कर जांच से भागने का आरोप भी लगाया।उन्होंने कहा, कोई शराब घोटाला करके भाग रहा है। कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने उपराष्ट्रपति धनखड़ का मजाक उड़ाया है। वे मार्च कर रहे हैं। इन पार्टियों को एक साथ रखने के लिए ए दो चीजें फेविकोल का काम कर रही हैं। पात्रा ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर अतीत में भारत की परंपराओं और सनातन धर्म का अपमान करने का आरोप लगाया।केजरीवाल द्वारा अपनी सरकार की अब खत्म की जा चुकी आबकारी नीति में कथित घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय के समन में दूसरी बार शामिल नहीं होने पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि वह लंबे समय तक कानून के लंबे हाथों से नहीं बच सकते।पात्रा ने कहा, आपने घोटाला किया है और आप पकड़े जाएंगे। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि वैसे भी आतिशी और सौरभ भारद्वाज जैसे आप के नेताओं ने भरोसे के साथ दावा किया है कि उनके नेता को गिरफ्तार किया जाएगा।पात्रा ने कहा, अरविंद और जवाबदेही एक साथ नहीं चल सकते।

# मुर्मू ने पर्यटन आकर्षण केंद्रों का उद्घाटन किया


भाषा। हैदराबाद



**राष्ट्रपति द्रोपदी** मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति निलयम में पर्यटन के विभिन्न आकर्षण केंद्रों का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया। राष्ट्रपति मुर्मू अपने वार्षिक दक्षिण प्रवास के तहत सोमवार को हैदराबाद पहुंची थीं। वह सिकंदराबाद के बोल्लाराम में स्थित राष्ट्रपति निलयम में ठहरी हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, राष्ट्रपति ने एक ऐतिहासिक ध्वज स्तंभ की प्रतिकृति, भूलभुलैया उद्यान और बच्चों का पार्क, नवीनीकृत की गई बावड़ियों और पारंपरिक सिंचाई प्रणाली, चट्टान पर झरने के पास शिव और नंदी की मूर्तियां और ज्ञान कलादीर्घा में नए एन्क्लेव का उद्घाटन किया। सागौन की लकड़ी से बने 36 मीटर (120 फीट) लंबे ध्वज स्तंभ ने 1948 में भारतीय संघ में हैदराबाद राज्य के एकीकरण को चिह्नित किया था। मुख्य इमारत के पास स्थित भूलभुलैया उद्यान में मुख्य आकर्षण के रूप में मरेया एक्जोटिका है, जबकि बच्चों के लिए बाल पार्क स्थापित किया गया है। तीन-सीढ़ी वाली बावड़ियों के जीर्णोद्धार से उनमें प्रतिवर्ष अच्छी खासी मात्रा में वर्षाजल एकत्रित होगा। यह जल सुरक्षा और स्थानीय संसाधन स्थिरता को बढ़ाएगा, जबकि पारंपरिक सिंचाई प्रणाली आगंतुकों को विरासत के बारे में जागरूक करेगी। बरगद के पेड़ के नीचे दक्षिण की ओर मुख करके बैठे दक्षिणामूर्ति शिव और एक चट्टान पर बैठे नंदी आगंतुकों के लिए एक और आकर्षण होंगे।

# हमने क्वाड के माध्यम से भारत के साथ साझेदारी प्रगाढ़ की

## वाशिंगटन में पत्रकारों से बातचीत में बोले अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन



**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि अमेरिका ने 2023 में भारत के साथ अपनी साझेदारी प्रगाढ़ की है तथा क्वाड के माध्यम से जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ ही भारत से सहयोग बढ़ाया है। चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत शामिल हैं।

ब्लिंकन ने बुधवार को वाशिंगटन में विदेश मंत्रालय में प्रेस वार्ता के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हमने भारत के साथ अपनी साझेदारी को गहरा किया है। हमने क्वाड के माध्यम से भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग बढ़ाया है। अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया ने 2017 में संसाधन-संपन्न हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख का मुकाबला करने के लिए क्वाड समूह की स्थापना के लंबित प्रस्ताव को आकार दिया था।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस साल जून में वाशिंगटन में राजकीय यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेजबानी की थी। बाइडन ने भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली की यात्रा की थी।

ब्लिंकन ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में वाशिंगटन की साझेदारियां बेहद मजबूत स्थिति में हैं और अमेरिका चीन के साथ जुड़ना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि 2023 में बाइडन ने जापान और दक्षिण कोरिया के साथ कैंप डेविड में अपना ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन आयोजित किया, जिससे त्रिपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ किया गया।

उन्होंने कहा कि अमेरिका परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों के उत्पादन के लिए ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ काम कर रहा है। ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका ने वियतनाम और इंडोनेशिया के साथ नई व्यापक रणनीतिक साझेदारी, फिलीपीन के साथ एक नया रक्षा सहयोग समझौता, फिलीपीन और जापान के साथ नई त्रिपक्षीय पहल तथा सोलोमन द्वीप और टोंगा में नए दूतावास शुरू किए।

विदेश मंत्री ने कहा, चीन द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों पर अमेरिका जी7 के साथ, यूरोपीय संघ के साथ, अन्य सहयोगियों और भागीदारों के साथ पहले से कहीं अधिक निकटता से जुड़ा हुआ है...और हम चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका नाटो और उसके हिंद-प्रशांत सहयोगियों के बीच सहयोग और समन्वय को गहरा कर रहा है। ब्लिंकन ने कहा कि जुलाई में बीजिंग के उनके दौरे के साथ दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में प्रयास शुरू हुए।



अल्बानिया में एक संसद बैठक के दौरान डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद फ्लेमुर नोका ने एक अंगरक्षक के चेहरे पर धुआं फेंक दिया। अल्बानिया की संसद ने पूर्व प्रधान मंत्री साली बेरीशा की कानूनी प्रतिरक्षा को हटाने के लिए मतदान किया है। ये जो विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी का नेतृत्व करते हैं और उन पर भ्रष्टाचार का आरोप है

# अमेरिका, वेनेजुएला के बीच कैदियों की अदला-बदली

**एपी।** मियामी

**अमेरिका** ने वेनेजुएला में कैद 10 अमेरिकी नागरिकों की रिहाई और फैट लि योनार्ड नाम के भगोड़े की वापसी के बदले में दक्षिणी अमेरिकी देश के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के एक करीबी सहयोगी एलेक्स साब को रिहा कर दिया। योनार्ड पेंटागन में हुए रिश्वत घोटाले में प्रमुख आरोपी था। बाइडन प्रशासन ने बुधवार को यह घोषणा की। अमेरिकी कैदी बुधवार देर रात टेक्सास के सैन एंटोनियो में केली एयरफील्ड एनेक्स पहुंचे। यह समझौता प्रमुख तेल उत्पादक राष्ट्र के साथ संबंधों को सुधारने और स्व-घोषित समाजवादी नेता से रियायतें हासिल करने के लिए बाइडन प्रशासन के अब तक के सबसे साहसिक कदम को दर्शाता है। वेनेजुएला के इतिहास में अमेरिकी कैदियों की सबसे बड़ी रिहाई वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष परिस्थितियों की दिशा में काम करने की मादुरो की प्रतिबद्धता के बाद व्हाइट हाउस द्वारा कुछ प्रतिबंधों को निलंबित करने पर सहमति जताने के कुछ हफ्तों बाद हुई है। मादुरो ने एलेक्स साब की वापसी को अमेरिका के झूठ, धमकियों और यातना के अभियान पर सच्चाई की जीत के रूप में देखा जिसकी वेनेजुएला के राजनयिक के रूप में अमेरिका में गिरफ्तारी को वह अवैध मानते थे।

# पाकिस्तान में नौ आत्मघाती हमलावर आतंकवादी गिरफ्तार

**भाषा।** पेशावर

**पाकिस्तान** के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में 12 दिसंबर को सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर किए गए घातक हमले में शामिल नौ आतंकवादियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया जिनमें मास्टरमाइंड (मुख्य सूत्रधार) भी शामिल है। यह हमला हाल के सालों में किए गए सर्वाधिक घातक हमलो में से एक था जिसमें 23 सैनिकों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े एक नवगठित आतंकी समूह तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) से संबंधित छह आतंकवादियों ने नवगठित आतंकवादी समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबद्ध तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) से जुड़े छह आतंकवादियों ने 12 दिसंबर को यह हमला किया था। आतंकवादियों ने खैबर-पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान आदिवासी जिले के डेरा इस्माइल खान में विस्फोटक से भरे ट्रक से सुरक्षा चौकी को टक्कर मार दी थी जिससे 23 सैनिकों की मौत हो गई। नौ आतंकवादियों को केपीके पुलिस की एक शाखा, आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकी हमले में शामिल मास्टरमाइंड डेरा इस्माइल खान के दरबान इलाके का है, जबकि हमले में शामिल छह अन्य आतंकवादी अफगानिस्तान के रहने वाले हैं। आत्मघाती हमले को अंजाम देने वाला आतंकी हसन उर्फ शाकिर अफगानिस्तान का रहने वाला था और उसने हमले से पहले एक वीडियो जारी किया था।

अधिकारियों ने कहा कि हमले में मारे गए दूसरे आत्मघाती हमलावर सिफत उल्लाह मारवत के राष्ट्रीय पहचान पत्र और निवास स्थान से भी यह स्थापित हुआ कि हमलावर अफगानिस्तान का था। उन्होंने बताया कि आत्मघाती हमलावर सिफत उल्ला के पिता ने अपने बेटे के इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान (तालिबान के नेतृत्व वाली अफगान सरकार) के साथ संबंध की पुष्टि की है। दस्तावेजों के अनुसार इस हमले में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) गंडापुर समूह के पांच आतंकवादी भी शामिल थे।

# चेक गणराज्य की राजधानी प्राग के विवि में गोलीबारी, 15 की मौत

**एपी।** प्राग

**चेक गणराज्य** की राजधानी प्राग के एक विश्वविद्यालय में हुई गोलीबारी में 15 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हमलावर विश्वविद्यालय का एक छात्र था। इससे पहले पुलिस और चेक गणराज्य के गृह मंत्री ने कहा था कि संदिग्ध मारा गया और उसका नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। अधिकारियों ने जेन पलाच चौराहे को सील कर दिया है और चार्ल्स विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की इमारत को खाली करा लिया है, जहां गोलीबारी हुई थी। अधिकारी विस्फोट की आशंका के चलते इमारत की बालकनी समेत इलाके की तलाशी में जुटे हैं।

पुलिस ने बताया कि जान पलाच स्क्वायर के एक विद्यालय में गोलीबारी के चलते अधिकारियों को तैनात किया गया है। चार्ल्स विश्वविद्यालय के दार्शनिक संकाय और कला, वास्तुकला और डिजाइन अकादमी उस क्षेत्र में स्थित हैं। पुलिस विभाग ने कहा कि चौराहे को सील कर दिया गया है। पुलिस ने लोगों से आसपास की सड़कों से दूर जाने और भीतर ही रहने का आग्रह किया। प्राग की बचाव सेवा की प्रवक्ता जान पोस्तोवा ने पुष्टि की कि कई लोग घायल भी हुए हैं, लेकिन अन्य विवरण नहीं है।

# ट्रंप विद्रोही हैं और अब यह स्पष्ट है: जो बाइडन

**एपी।** मिलवॉकी

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में अपनी हार के बाद नतीजों को पलटने की कोशिश में विद्रोह किया था और यह अब स्पष्ट है।


बाइडन ने हालांकि कोलोराडो के उच्चतम न्यायालय के उस फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं कि जिसमें कहा गया है कि 2021 में अमेरिकी कैपिटल (संसद भवन) पर हुए हमले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका थी और इस कारण वह अगला राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ सकते।

बाइडन ने विस्कोंसिन में संवाददाताओं से कहा, 14वां संशोधन लागू होता है या नहीं, अदालत इस पर निर्णय लेगी। लेकिन उन्होंने (ट्रंप) यकीनन विद्रोह को हवा दी। इसमें शक की कोई गुंजाइश ही नहीं है...।

बाइडन ने ट्रंप की ओर से हाल में की गई उन टिप्पणियों के लिए भी उनकी आलोचना की कि प्रवासी देश के रक्त में जहर घोल रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, मुझे विश्वास नहीं होता कि एक पूर्व राष्ट्रपति ने कल फिर दोहराया कि प्रवासी हमारा रक्त प्रदूषित कर रहे हैं। जब हम देश में काबिल लोगों को आने देते हैं तो हमारी अर्थ व्यवस्था और हमारा देश मजबूत होता है।

बाइडन की यह यात्रा ट्रंप के खिलाफ कोलोराडो के उच्चतम



न्यायालय के निर्णय के एक दिन बाद हुई है।

अमेरिका के कोलोराडो राज्य के उच्चतम न्यायालय ने हैरान कर देने वाले एक फैसले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर राष्ट्रपति पद का अगला चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है।

अदालत ने संसद भवन पर हुए अभूतपूर्व हमले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका का जिक्र करते हुए यह रोक लगाई और साथ ही राज्य में राष्ट्रपति प्राइमरी मतपत्र से ट्रंप का नाम हटाने का आदेश भी दिया।

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप (77) को अयोग्य ठहराए जाने वाला यह फैसला संविधान के 14वें संशोधन से जुड़ा है जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी संविधान को समर्थन देने, उसका पालन करने तथा उसे अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए शपथ लेने वाले अधिकारी यदि विद्रोह में शामिल होते हैं तो उन पर भविष्य में कार्यालय में शामिल होने पर रोक रहेगी।

कोलोराडो उच्चतम न्यायालय की सात सदस्यीय पीठ ने यह निर्णय 4-3 के मत से सुनाया।

ट्रंप अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी से नामांकन प्रक्रिया में सबसे आगे हैं। ट्रंप के प्रचार अभियान दल ने कोलोराडो के उच्चतम न्यायालय के त्रुटिपूर्ण फैसले को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने का संकल्प जताया है।

प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने अदालत के इस फैसले पर टिप्पणी करने से इनकार किया। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति शामिल नहीं हैं, हम इसमें शामिल नहीं हैं। यह कानूनी प्रक्रिया है और हम इसमें शामिल नहीं हैं।

## चीन में कोयले की खदान में दुर्घटना में 12 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के हेईलोंगजिआंग प्रांत में कोयले की खदान में दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि यह दुर्घटना हेंगशान जिले में कुनयुआन कोयला खदान में बुधवार दोपहर को हुई। दुर्घटना में घायल 13 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए जांच दल गठित किया गया है। चीन में खदान दुर्घटनाएं आम हैं लेकिन हाल के वर्षों में इनमें मरने वालों की संख्या में कमी आई है। चीन कोयले का सबसे बड़ा निर्माता और उपयोगकर्ता है।

## सिंगापुर में लापरवाही से वाहन चलाने के कारण बुजुर्ग की मौत के मामले में भारतीय को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक को लापरवाही से वाहन चलाने और इसके कारण एक बुजुर्ग महिला की मौत के आरोप में 10 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया की एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, शिवलिंगम सुरेश को लापरवाही से लॉरी चलाने और इस वर्ष फरवरी में सिंगापुर में जेबरा क्रॉसिंग पार कर रही चीनी मूल की 79 वर्षीय महिला को टक्कर मारने के एक आरोप में बुधवार को दोषी ठहराया गया। अदालत को बताया गया कि सुरेश ने लापरवाही से वाहन चलाया था और महिला को टक्कर मार दी। महिला के सिर में चोट लगी और उसी दिन उसकी मृत्यु हो गई।

सुरेश का गलत ढंग से वाहन चलाने का इतिहास रहा है। सजा पूरी होने के बाद दोषी को उसकी रिहाई के बाद आठ साल तक सभी श्रेणियों के चालक लाइसेंस रखने या उन्हें प्राप्त करने से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

# लापता भारतीय छात्रा के बारे में सूचना देने वाले को 10,000 डॉलर इनाम मिलेगा

**भाषा।** न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**संघीय** जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने चार साल पहले न्यूजर्सी से लापता हुई भारत की 29 वर्षीय छात्रा के बारे में जानकारी देने वाले को 10,000 अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है।

मयूशी भगत को आखिरी बार 29 अप्रैल, 2019 की शाम को जर्सी सिटी में अपने अपार्टमेंट से निकलते हुए देखा गया था। मयूशी के परिवार ने एक मई, 2019 को पुलिस को उसके लापता होने की सूचना दी थी।

एफबीआई नेवार्क फील्ड कार्यालय और जर्सी सिटी पुलिस विभाग भगत के लापता होने की गुत्थी सुलझाने में जनता की मदद मांग रहे हैं। एफबीआई मयूशी का पता या बरामदगी के बारे में जानकारी देने वाले को 10,000 अमेरिकी डॉलर तक का इनाम देगी। पिछले साल जुलाई में एफबीआई ने भगत को लापता व्यक्तियों की सूची में शामिल किया था और जनता से उनके बारे में जानकारी के लिए सहायता मांगी थी।

जुलाई 1994 में भारत में जन्मी भगत छात्र वीजा पर अमेरिका में रह रही थी और न्यूयॉर्क इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पढ़ रही थी।

यहां एफबीआई के एक बयान के अनुसार मयूशी अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू भाषा में पारंगत है और जांच अधिकारियों का कहना है कि न्यूजर्सी के साउथ प्लेनफील्ड में उसके दोस्त रहते हैं। एफबीआई ने कहा कि अगर किसी को भी भगत, उनके ठिकाने या उनके लापता होने के बारे में कोई जानकारी मिले तो वे एफबीआई नेवार्क या जर्सी सिटी पुलिस विभाग को फोन कर इसकी सूचना दें। पिछले सप्ताह जारी बयान में कहा गया, मयूशी का पता या बरामदगी के बारे में जानकारी देने पर सूचना देने वाले को 10,000 अमेरिकी डॉलर तक का इनाम मिल सकता है। एफबीआई ने भगत के गुमशुदा व्यक्ति पोस्टर को अपनी वेबसाइट के मोस्ट वांटेड पृष्ठ पर अपहरणालापता व्यक्तियों की सूची के तहत रखा है।



उत्तर पश्चिम चीन में भूकंप से ध्वस्त मकानों के बाद अस्थायी निवास स्थानों का निर्माण करते कर्मचारी

# सूडान के प्रांत पर अर्धसैनिक बल का कब्जा होने के बाद तीन लाख लोग घर छोड़कर भागे

**एपी।** काहिरा

**सूडान** में सेना और एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह के बीच लड़ाई ने जज़ीरा प्रांत से करीब तीन लाख लोगों को भागने पर मजबूर कर दिया है। यह प्रांत उत्तरपूर्वी अफ्रीकी देश में विनाशकारी संघर्ष से विस्थापित परिवारों के लिए पनाहगाह था।

इस महीने की शुरुआत में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज़ (आरएसएफ) के हमलों के बाद जज़ीरा प्रांत की राजधानी वद मदनी में लड़ाई शुरू हुई थी। आरएसएफ ने कहा कि उसने वद मदनी शहर पर कब्ज़ा कर लिया है और सेना ने कहा है कि उसने शहर से अपने सैनिकों को वापस बुला लिया है और जांच शुरू कर दी है। सेना प्रमुख जनरल अब्देल-फतेह बुरहान और आरएसएफ के कमांडर जनरल मोहम्मद हमदान दकलो के बीच कई महीनों तक तनाव के बाद सूडान में अप्रैल के मध्य में जंग शुरू हुई। दोनों जनरल की अगुवाई में अक्टूबर 2021 में देश में तख्तापलट किया गया था। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी अंतरराष्ट्रीय प्रवासी संगठन ने कहा है कि अल-ज़ारीफ और सिन्नार समेत दूसरे प्रांतों में सुरक्षित स्थानों की तलाश में ढाई से तीन लाख लोग जज़ीरा प्रांत को छोड़ चुके हैं। उसने कहा कि कुछ लोगों ने विस्थापित लोगों के लिए बनाए गए शिविरों में पनाह ली है।

# उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने फिर दी परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी

**सियोल (दक्षिण कोरिया)।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण में शामिल सैनिकों की प्रशंसा की और कहा कि देश की यह नीति है कि दुश्मन देशों द्वारा उकसाए जाने पर परमाणु हमला करने में हिचकिचाया नहीं जाएगा। उत्तर कोरिया में पिछले वर्ष से परमाणु हथियारों के परीक्षण में तेजी आई है और देश के नेता किम जोंग उन कई बार परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की धमकी दे चुके हैं। हालांकि, कई विदेशी विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया को अभी तक सक्षम परमाणु मिसाइलें हासिल नहीं हुई हैं। उत्तर कोरिया ने सोमवार को पांच महीनों में अपना पहला अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में अमेरिका-दक्षिण कोरियाई बैठक का हवाला दिया। उत्तर कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि किम ने बुधवार को जनरल मिसाइल ब्यूरो में सैनिकों से मुलाकात की और उन्हें ठोस ईंधन वाली ह्वासोंग-18 मिसाइल के प्रक्षेपण पर बधाई दी। केसीएनए के मुताबिक, बैठक के दौरान किम ने कहा कि अगर दुश्मन परमाणु हथियारों से उसे उकसाता है तो वह परमाणु हमले से नहीं हिचकिचाएगा।

## पाकिस्तान में राजनीतिक दलों ने नामांकन पत्र दाखिल करने का समय बढ़ाने की मांग की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाले पीएमएल-एन सहित प्रमुख पाकिस्तानी राजनीतिक दलों ने आगामी 8 फरवरी के आम चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का समय बढ़ाने की मांग की है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, संभावित उम्मीदवारों को 20 से 22 दिसंबर तक नामांकन पत्र दाखिल करना है।

आयोग ने बुधवार को संभावित उम्मीदवारों से नामांकन पत्र स्वीकार करना शुरू कर दिया।

जियो न्यूज की खबर के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए समयसीमा बृहस्पतिवार को दो दिन और बढ़ाने की मांग की।

# चीन में भूकंप पीड़ितों के लिए अब ठंड बनी चुनौती

**एपी।** यंग्वा (चीन)

**उत्तर** पश्चिम चीन के सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्र में आए भूकंप से मची तबाही के बाद अब पीड़ितों के लिए ठंड चुनौती बन गई, जो अस्थाई शिविरों में शरण लिए हुए हैं। भूकंप से मची तबाही के मंजर के बीच एक तरफ अपनों को खोने का गम साल रहा है तो दूसरी ओर अपना जीवन फिर से कैसे पटरी पर लाएं, यह भी पीड़ितों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

भूकंप के एक पीड़ित हान झोंगमिन अपनी पत्नी की मदद से मलबे से कुछ बचे हुए सामान निकालते हुए कहते हैं, देखिए इसे। एक रात में ही मेरा घर क्या बन गया। झोंगमिन ने छह साल पहले ही अपना नया आशियाना बनाया था।

सोमवार रात को आए भूकंप में कई मकान मलबे में तब्दील हो गए हैं। भूकंप में कम से कम 135 लोगों की जान गई है तथा 900 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अधिकतर हताहत गांसू प्रांत से हैं जबकि शेष पास के किंघाई प्रांत से हैं।

मा लियानकियांग एक तंबू जैसे अस्थाई आश्रय स्थल में कंबल में लिपटे अपनी मृत पत्नी के शव के बगल में खड़े रहे। उनकी बीमार पत्नी बेहतर देखभाल के लिए अपनी मां के घर गई थी लेकिन भूकंप में चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।

मा और उनके परिवार के अन्य सदस्य यंग्वा में अपने घर को हुई व्यापक क्षति के बावजूद बच गए, जो गांसु प्रांत में है। उनके पिता ने मा के बेटे को मलबे से बाहर निकाला। मा का बेटा घायल हो गया है। उसके चाचा ने कहा कि उन्होंने भूकंप की आवाज सुनी और फिर घर भरभराकर गिरने लगा।

चाचा मा चेंगमिंग ने कहा, हम बेहद डर गए थे और हम सभी रेंग कर बाहर निकले।

प्रांत के अधिकारियों ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गांसू में लगभग 15,000 मकान ढह गए और 87,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित शिविरों में ले जाया गया है। तापमान शून्य से काफी नीचे गिर जाने के कारण कई लोगों ने क्षेत्र में स्थापित आश्रय स्थलों में रात बिताई।

उत्तर में किंघाई में खोजकर्ता उस क्षेत्र में लापता 12 लोगों की तलाश कर रहे हैं, जहां भूस्खलन के कारण दो गांव जमींदोज हो गए।

शुरुआत में लापता लोगों की संख्या 20 से कम थी। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के अनुसार प्रांत में मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है।

गांसू में अधिकारियों ने कहा कि उनका खोज और बचाव प्रयास मंगलवार दोपहर तक पूरा हो गया था। प्रांत में मरने वालों की संख्या 113 पर स्थिर है और घायलों की संख्या बढ़कर 782 और किंघाई में यह संख्या 198 हो गई है। इस प्रकार घायलों की कुल संख्या।,000 के करीब पहुंच गई है।

अस्थाई आश्रय के अंदर रहने वाले लोगों ने कहा, अपर्याप्त भोजन और ठंड अब भी एक समस्या है।

## चीन ने भूकंप में हजारों मकानों के नष्ट होने के बाद अस्थाई आवास इकाइयों का निर्माण शुरू किया

**बीजिंग।** उत्तर पश्चिम चीन के सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्र में आए भूकंप से बचे लोगों के लिए सैकड़ों अस्थाई आवास इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। सरकारी मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। चीन में आए भूकंप से 14 हजार से अधिक मकान नष्ट हो गए और कम से कम 135 लोगों की मौत हो गई है। खबरों के अनुसार भूस्खलन से प्रभावित दो गांवों में बाढ़ आने से 12 लोग लापता हैं। सरकारी मीडिया की खबरों में कहा गया है कि भूकंप से प्रभावित लोगों के रहने के लिए एक कमरे वाली अस्थाई आवास इकाइयों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। सोमवार रात को आए भूकंप में कई मकान मलबे में तब्दील हो गए हैं। भूकंप में 900 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अधिकतर हताहत गांसू प्रांत से हैं जबकि शेष पास के किंघाई प्रांत से हैं। भूकंप से मची तबाही के बाद अब उन पीड़ितों के लिए ठंड चुनौती बन गई, जो अस्थाई शिविरों में शरण लिए हुए हैं। गांसू में अधिकारियों ने कहा कि उनका खोज और बचाव प्रयास मंगलवार दोपहर तक पूरा हो गया था। प्रांत में मरने वालों की संख्या 113 पर स्थिर है। चीन के ज्यादातर भूकंप प्रभावित इलाके देश के पश्चिमी भाग में आते हैं, जिनमें गांसू, किंघई, सिचुआन और युन्नान प्रांत, के साथ ही शिनजियांग क्षेत्र और तिब्बत शामिल हैं। पिछले नौ वर्षों में आया यह सबसे जबरदस्त भूकंप था।

# भारत ने अफगानिस्तान में समावेशी सरकार के गठन का आह्वान किया

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**अफगानिस्तान** की स्थिति को अभी भी चिंता का विषय करार देते हुए भारत ने कहा है कि एक समावेशी और प्रतिनिधि सरकार का गठन, आतंकवाद से मुकाबला और अफगानिस्तान में महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का संरक्षण उसके लिए एक तत्कालिक प्राथमिकता है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने अफगानिस्तान में स्थिति विषय पर बुधवार को सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अफगानिस्तान के निकटवर्ती पड़ोसी होने, इस देश के लोगों के मित्र और शांति सुनिश्चित करने में प्रत्यक्ष हिस्सेदारी वाले देश के रूप में भारत, अफगानिस्तान में स्थिरता को लेकर अभी भी चिंतित है।

कंबोज ने कहा, हमारी साझा और तात्कालिक प्राथमिकताओं में अफगान लोगों के लिए मानवीय सहायता प्रदान करना, एक समावेशी और प्रतिनिधि सरकार का गठन, आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी का मुकाबला करना और महिलाओं, बच्चों व अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करना शामिल है।

भारत ने अभी तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है और काबुल में समावेशी सरकार के गठन की वकालत कर रहा है। इसके अलावा, भारत इस बात पर भी जोर दे रहा है कि अफगान धरती का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

अगस्त 2021 में सत्ता पर नियंत्रण हासिल करने के बाद से, तालिबान सरकार ने महिलाओं को काम करने और शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार देने के अपने पहले के वादे का सम्मान नहीं किया है।

# सैमसन- वर्मा के बल्ले चमके, भारत ने दिखाया दम

## ●संजू का पहले वनडे व शतक, तिलक के अर्धशतक से मजबूत स्कोर

**भाषा।** पार्ल



**संजू सैमसन** के एक दिवसीय क्रिकेट में पहले शतक की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक तीसरे मैच में बृहस्पतिवार को आठ विकेट पर 296 रन बनाए। सैमसन ने 114 गेंद में 108 रन की पारी खेली जबकि तिलक वर्मा ने 77 गेंद में 52 रन बनाए जो उनका पहला वनडे अर्धशतक है। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 116 रन जोड़े। इससे पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई भारतीय टीम ने तीन विकेट 101 रन पर गंवा दिए थे। सैमसन और वर्मा ने हालांकि हालात के अनुरूप खेलते हुए भारत को संकट से निकाला। दोनों ने कोई जोखिम भरा शॉट नहीं खेलकर संयम के साथ रन बनाए। आम तौर पर बड़े शॉट खेलने वाले सैमसन ने शुरूआत में अपार संयम का प्रदर्शन करते हुए एक और दो रन लेकर रनगति को आगे बढाया। एक बार क्रीज पर जमने के बाद वह टी20 अंदाज में खेले और तेज गेंदबाज नांद्रे बरगर को मिडविकेट पर छक्का लगाया। इसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को चौका जड़ा। सैमसन का अर्धशतक 66 गेंद में पूरा हुआ। उन्होंने बूरान हेंड्रिक्स को थर्डमैन पर एक रन लेकर यह आंकड़ा छुआ। दूसरे छोर पर वर्मा ने अपना पहला चौका 39वीं गेंद पर लगाया। वह रन बनाने के लिए जूझते दिखे लेकिन उन्होंने सैमसन का साथ बखूबी निभाया। तेजी से रन बनाने के प्रयास में वर्मा महाराज की गेंद पर डीप में वियान मूल्डर को कैच दे बैठे। उनके जाने के बाद भी सैमसन ने लय नहीं खोई। उन्होंने महाराज को लांग आफ पर एक रन लेकर शतक पूरा किया। इसके तुरंत बाद हालांकि वह तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में रीजा हेंड्रिक्स को कैच दे बैठे। रिंकू सिंह ने अपनी ख्याति के अनुरूप ताबड़तोड़ रन बनाते हुए 27 गेंद में 38 रन जोड़ डाले। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि तीन विकेट तेजी से निकालकर भारत को 300 रन के पार नहीं जाने दिया। इससे पहले चोटिल रूतुराज गायकवाड़ की जगह पारी का आगाज करने उतरे रजत पाटीदार ने 16 गेंद में 22 रन बनाए। बरगर ने उन्हें पवेलियन भेजा। वहीं हेंड्रिक्स ने साइ सुदर्शन को पगबाधा आउट किया। केएल राहुल ने सैमसन के साथ 52 रन की साझेदारी की लेकिन मूल्डर को पुल शॉट खेलने के प्रयास में भारतीय कप्तान विकेट के पीछे हेनरिच क्लासेन को कैच दे बैठे।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** रजत बो बरगर 22, साइ सुदर्शन पगबाधा बो बी हेंड्रिक्स 10, सैमसन का आर हेंड्रिक्स बो विलियम्स 108, राहुल का क्लासेन बो मूल्डर 21,तिलक का मूल्डर बो महाराज 52, रिंकू का आर हेंड्रिक्स बो बरगर 38,पटेल का मूल्डर बो बी हेंड्रिक्स, सुंदर का मार्करम बो बी हेंड्रिक्स 14 अर्शदीप सिंह नाबाद 7, आवेश नाबाद1, **अतिरिक्त :** 22 रन , **कुल योग :** 50 ओवर में आठ विकेट पर 296 रन , **विकेट पतन :** 1-34 , 2-49 , 3-101 , 4-217 , 5-246 , 6-255 , 7-277 , 8-293 , **गेंदबाजी :** बरगर 9-0-64-2, विलियम्स 10-0-71-1,हेंड्रिक्स 9-0-63-3,मूल्डर 7-0-36-1,महाराज 10-2-37-1,मार्करम 5-0-19-0

# लक्ष्य व आकर्षी तीसरे दौर में

## ● सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप

**भाषा।** गुवाहाटी



**राष्ट्रमंडल खेलों** के स्वर्ण पदक विजेता और शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां 85वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में जगह बनाई जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आकर्षी कश्यप भी दूसरे दौर की चुनौती पार करने में सफल रहीं। सेन ने टी सिद्धार्थ को 25 मिनट में आसानी से 21–8, 21–5 से पराजित किया। आकर्षी को हालांकि रितुपर्णा दास से चुनौती मिली लेकिन वह 32 मिनट में 21–18, 21–11 की जीत से तीसरे दौर में पहुंचीं। वीडब्ल्यूएफ 2023 विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी को नीर नेहवाल से मुश्किल का सामना करना पड़ा लेकिन वह 23–25, 21–18, 21–12 से जीत हासिल करने में सफल रहे। अब अगले दौर में उनका सामना सातवें वरीय आलाप मिश्रा से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त अश्मिता चालिहा ने सुजेन बुरहागोहेन को 21–13, 21–10 से शिकस्त दी और अब वह दिल्ली की रिशिका नंदी से भिड़ेंगी। अबुधाबी मास्टर्स 2023 चैम्पियन उन्नति हुड्डा ने झारखंड की मनीषा रानी टिर्की को 21–11, 21–17 से पराजित किया जिससे तीसरे दौर में उनका सामना तन्वी शर्मा से होगा। बैडमिंटन एशिया अंडर–17 और अंडर–15 जूनियर चैम्पियनशिप 2023 की रजत पदक विजेता तन्वी को हालांकि श्रेया लेले को 56 मिनट में 21–18, 22–24, 21–13 से हराने में पसीना बहाना पड़ा। गत चैम्पियन और पूर्व जूनियर नंबर एक अनुपमा उपाध्याय ने तनीषा सिंह को 21–5, 21–12 से शिकस्त दी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने अब्दुल रहमान सैयद और मामाइक्या लंका पर 21–5, 21–14 से जीत हासिल की ।

# बिलियर्ड्स एवं स्नूकर राष्ट्रीय चैंपियनशिपः सेमीफाइनल में आडवाणी की भिड़ंत सितवाला से

**चेन्नई।** स्टार खिलाड़ी पंकज आडवाणी यहां चल रही सीनियर राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के पुरुष बिलियर्ड्स सेमीफाइनल में ध्रुव सितवाला से भिड़ेंगे जबकि सौरव कोठारी का सामना ध्वज हारिया से होगा। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चारों खिलाड़ी पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के हैं। आडवाणी और कोठारी शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और दोनों पिछले महीने दोहा में विश्व बिलियर्ड्स के फाइनल में भी भिड़े थे जहां आडवाणी ने अपना 26वां आईबीएसएफ खिताब जीता। आडवाणी ने प्री क्वार्टरफाइनल के रोमांचक मुकाबले में एस श्रीकृष्णा को 4–3 से हराने के बाद गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में रेयान राजमी को 4–0 से शिकस्त दी। दूसरी तरफ पिछले साल के उप विजेता सितवाला ने कर्नाटक के बी भास्कर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने प्री क्वार्टर फाइनल में गत चैंपियन ब्रिजेश दमानी के 4–3 से हराया।

## गुकेश ने एरिगेसी को हराकर ग्रैंड मास्टर्स खिताब जीता

**चेन्नई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने हमवतन अर्जुन एरिगेसी को टाइब्रेकर में हराकर चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज खिताब जीत लिया। चेन्नई के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने आखिरी दौर मे ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा से ड्रॉ खेला। उनके और एरिगेसी के सात दौर में 4 . 5 अंक रहे। एरिगेसी ने आखिरी दौर में हंगरी के सनन जुगिरोव को हराया। टाइब्रेकर में गुकेश ने बाजी मारी। हरिकृष्णा तीसरे स्थान पर रहे।

## माधेवेरे और मावता डोपिंग में उल्लंघन में निलंबित

**हरारे (जिम्बाब्वे)।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने आल राउंडर वेस्ले माधेवेरे और ब्रैडन मावुता को गुरुवार को डोपिग रोधी नियमों के कथित उल्लघंन के लिए निलंबित कर दिया। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा कि माधेवेरे (23 साल) और मावुता (26 साल) को टूर्नामेंट के इतर की गई जांच मे प्रतिबंधित पदार्थ का पॉजिटिव पाया गया। हालांकि इस जांच की तारीख नही दी गई है। संचालन संस्था ने कहा कि खिलाड़ियो के खिलाफ आरोप तय किए गए है और वे जल्द ही अनुशासनात्मक सुनवाई के लिए प्रस्तुत होंगे। माधेवेरे और मावुता हाल मे आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला मे खेले थे।

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खिताब बचाने उतरेंगी स्वीटी

**ग्रेटर नोएडा।** गत विश्व चैंपियन मुक्केबाज स्वीटी बूरा गुरुवार से यहां शुरू हो रही महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगी जहां वह 81 किग्रा वर्ग मे अपने खिताब की रक्षा करने के इरादे से उतरेंगी। प्रतियोगिता मे 300 से अधिक मुक्केबाज 12 वजन वर्ग मे खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2014 मे लाइट हैवीवेट वर्ग की रजत पदक विजेता हरियाणा की स्वीटी ने एशियाई चैंपियनशिप मे स्वर्ण (2022), रजत (2015) और कांस्य (2021) पदक भी जीते है। एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सातवें सत्र मे तोक्यो ओलंपियन पूजा रानी 75 किग्रा वर्ग जबकि हरियाणा की 2022 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन 60 किग्रा वर्ग मे चुनौती पेश करेंगी।

## वर्ष का गोलकीपर पुरस्कार का मतलब मैं सही दिशा में आगे बढ़ रही हूं: सविता

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया ने गुरुवार को कहा कि लगातार तीसरी बार अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुने जाने का मतलब है कि वह सही दिशा मे आगे बढ़ रही है। सविता को मंगलवार को लगातार तीसरी बार इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सविता ने कहा, यह पुरस्कार मेरे लिए सकारात्मक ऊर्जा का काम करेगा। इससे यह पुष्टि हो गई है कि मै सही दिशा मे आगे बढ़ रही हूं। उन्होने कहा, टीम ने इस साल अच्छी फार्म बरकरार रखी है।

## खुर्म चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर

**कराची।** पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से मेलबर्न में होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज खुर्म शहजाद पसली में फ्रैक्चर और पेट की मांसपेशियो मे खिंचाव के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पुष्टि की खुर्म शहजाद की बाई पसली मे फ्रैक्चर है तथा विशेषज्ञो से सलाह मशविरा करने के बाद यह फैसला किया गया ।

## प्रणवी संयुक्त 13वें स्थान पर रहीं, पूर्ण एलईटी कार्ड हासिल किया

**मराकेश ( मोरक्को )।** भारतीय महिला गोल्फर प्रणवी उर्स ने क्वालीफाइंग स्कूल गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम चरण में संयुक्त 31वें स्थान पर रहकर 2024 के लिए लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) का पूर्ण कार्ड हासिल किया। प्रणवी ने फ्रंट नाइन पर शानदार प्रदर्शन किया और बैक नाइन पर कुछ परेशानियों से जूझते हुए वह अंतिम दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने में सफल रहीं जिससे उनका कुल स्कोर 12 अंडर 351 रहा। प्रणवी इस तरह एलईटी टूर पर हमवतन गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक के साथ शामिल हो गईं जो टूर की पहले ही पूर्ण सदस्य हैं। रूस की नटालिया गुसेवा ने अंतिम दौर में चार अंडर 69 के कार्ड से कुल 23 अंडर पार का स्कोर बनाया और क्यू स्कूल में शीर्ष पर रहीं। शीर्ष 20 और संयुक्त स्थान पर रहने वाली गोल्फरों को 2024 के लिए कैटेगरी 12 की सदस्यता मिली और 22 खिलाड़ियों को यह दर्जा मिला। 30 खिलाड़ी 21वें से 50वें स्थान और संयुक्त स्थान पर रहीं जिन्हें कैटेगरी 16 की सदस्यता मिली। अंतिम चरण में भारत की 12 गोल्फर हिस्सा ले रही थीं लेकिन केवल प्रणवी ही पूर्ण कार्ड हासिल कर सकीं। वाणी कपूर संयुक्त 45वें स्थान पर रहीं जिससे उन्हें कैटेगरी 16 में जगह मिली।

# पूजा-स्नेह की धारदार गेंदबाजी से दिखी ताकत

## ●टेस्ट:ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम 219 रन पर सिमटी

## ●भारत ने एक विकेट पर 98 रन बना लिए

**भाषा।** मुंबई



**तेज गेंदबाज** पूजा वस्त्रकार और ऑफ स्पिनर स्नेह राणा ने गुरुवार को यहां एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन पिच से मिल रही असमान उछाल का पूरा फायदा उठाया जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 219 रन पर ढेर कर दिया। भारत ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना (49 गेंद में नाबाद 43, आठ चौके) और शेफाली वर्मा (59 गेंद में 40 रन, आठ चौके) ने पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़कर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। भारत अब ऑस्ट्रेलिया से 121 रन पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। दिन के खेल के दौरान भारत के दबदबे की शुरुआत पूजा (53 रन पर चार विकेट) ने की जिन्होंने स्नेह (56 रन पर तीन विकेट) और दीप्ति शर्मा (45 रन पर दो विकेट) के साथ मिलकर ताहलिया मैकग्रा (50 रन, 56 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की पारी में 77. 4 ओवर में समेट दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले ओवर में ही सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड (00) का विकेट गंवा दिया जो बेथ मूनी के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हुईं। चार गेंद बाद पूजा की शानदार गेंद पर एलिस पैरी (04) बोल्ड हो गईं जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो ओवर में सात रन पर दो विकेट हो गया। ताहलिया ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर अपनाकर भारत को दबाव में डालने की कोशिश की। उन्होंने अपने पांचवें टेस्ट में आठ चौकों की मदद से तीसरा अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 18 और 45 रन के निजी स्कोर पर दो जीवनदान भी मिले। मूनी के साथ तीसरे विकेट की 80 रन की साझेदारी के दौरान अधिकांश रन ताहलिया के बल्ले से निकले और वह बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रहीं थी। ऑस्ट्रेलिया की उप कप्तान हालांकि अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद स्नेह की गेंद पर मिड विकेट पर राजेश्वरी गायकवाड़ को कैच दे बैठीं। भारत के तेज गेंदबाजी और स्पिन मिश्रित आक्रमण के खिलाफ जूझने के बावजूद मूनी क्रीज पर डटी रहीं। पूजा ने हालांकि उछाल लेती गेंद पर इस सलामी बल्लेबाज को हैरान करते हुए उन्हें पहली स्लिप में स्नेह के हाथों कैच कराया। मूनी के बल्ले का किनारा लेने के बाद गेंद विकेटकीपर यस्तिका भाटिया के ग्लव्स से टकराकर स्नेह के पास पहुंची थी।

### स्कोरबोर्ड

**भारत :** शेफाली पगबाधा बो जोनासेन 40,मंधाना खेल रही है 43,राणा खेल रही है 04,**अतिरिक्त :** (बाई 8, लेग बाई।, नोबॉल 2) 11,**कुल :** 19 ओवर मे एक विकेट पर 98 रन,**विकेट पतन :**।-90,**गेंदबाजी :** चीटल 4-2-12-0,गार्थ 4-0-34-0,पैरी 4-0-31-0, गार्डनर 5-3-8-0,जोनासेन 2-।-4-।

## गिलेस्पी ने स्टार्क के बड़ी राशि में बिकने का समर्थन किया, पर कमिंस की राशि पर सवाल उठाए

**सिडनी।** पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में पैट कमिंस को मिली राशि पर सवाल उठाते हुए कहा कि टी20 क्रिकेट इस तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रारूप नही है लेकिन उन्होंने मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ की बड़ी राशि में बिकने का समर्थन किया। मंगलवार को दुबई में हुई आईपीएल नीलामी मे मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, चेन्नई सुपरकिंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बोली लगाने की होड़ के बाद कमिंस दूसरी सर्वश्रेष्ठ राशि में बिके। सनराइजर्स हैदराबाद ने आस्ट्रेलियाई कप्तान को खरीदने में 20.50 करोड़ रुपए की राशि खर्च की। गिलेस्पी ने सेन रेडियो से कहा, पैट निश्चित रूप से बेहतरीन गेंदबाज है और बेहतरीन कप्तान भी, जो हमने देखा है।

## स्टोक्स और आर्चर के लिए टी-20 विश्व कप टीम में जगह रहेगी: इंग्लैंड के कोच मोट

**तारोबा (त्रिनिदाद एवं टोबैगो),।** इंग्लैंड की सफेद गेंद की प्रारूप की टीम के कोच मैथ्यू मोट ने कहा कि स्टार आल राउंडर बेन स्टोक्स और तेज गेदबाज जोफ्रा आर्चर की मैच जिताने की काबिलियत को देखते हुए उनका 2024 टी20 विश्व कप के लिए टीम मे होना निहायत जरूरी है इसलिए चोट से जूझ रहे इन दोनों खिलाड़ियों के लिए टीम में जगह बनी रहेगी। स्टोक्स के घुटने का नवंबर में ऑपरेशन हुआ था और उनके अगले साल जनवरी से मार्च तक भारत मे होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की कप्तानी के लिए फिट होने की उम्मीद है। वही आर्चर कोहनी की चोट के कारण मार्च से इंग्लैंड के लिए नही खेले है। इन दोनों के फिटनेस हासिल करने के बाद टी20 विश्व कप टीम मे जगह बनाने की उम्मीद है जो जून में शुरू होगा। मोट से जब पूछा गया कि क्या स्टोक्स और आर्चर विश्व कप चयन के लिए उपलब्ध होंगे तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह लाजमी है।

## वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में सात नए चेहरे, ऑस्ट्रेलिया जाएंगे

**सेंट जोन्स (एंटीगा)।** वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अपनी 15 सदस्ईय टीम मे सात नए चेहरे शामिल किए है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बुधवार को कहा कि टीम का नेतृत्व क्रैग ब्रैथवेट करेंगे, जबकि तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को नया उप कप्तान नियुक्त किया गया है। जिन सात नए खिलाड़ियों को टीम में लिया गया है, उनमें बल्लेबाज ज़ाचरी मैक्कासी, विकेटकीपर टेविन इमलाच, ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज और केविन सिंक्लेयर तथा तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन और शमर जोसेफ शामिल हैं। टीम के अधिकारियो ने कहा कि जेडन सील्स कंधे की चोट के कारण जबकि जेसन होल्डर और काइल मेयर्स टी20 लीग मे खेलने के कारण चयन के लिए उपलब्ध नही थे। चयन समिति के अध्यक्ष डेसमंड हेंस ने कहा, कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की उपलब्ध नही होने के कारण टीम प्रभावित हुई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलना चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन हमें अपनी टीम पर पूरा भरोसा है।

## पिछले साल तक माली थे स्पेंसर, आईपीएल नीलामी की राशि से मां के चेहरे पर मुस्कान लाए

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के स्पेंसर जॉनसन पिछले साल तक लैंडस्केप माली का काम कर रहे थे लेकिन दुबई मे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी मे गुजरात टाइटन्स द्वारा 10 करोड़ रुपए की बड़ी राशि मे खरीदे जाने के बाद उनकी मां के चेहरे पर मुस्कान आ गई है। ऐसा भी समय था जब लग रहा था कि जॉनसन का क्रिकेट करियर खत्म हो जाएगा। जॉनसन ने यहां पत्रकारो से कहा, आठ महीने पहले मेरे पास राज्य क्रिकेट का कोई करार या बिग बैश का अनुबंध भी नही था। मै लैंडस्केप पर पौधे लगाने का काम कर रहा था। इसलिए 18 महीने बाद निश्चित रूप से हालात बदल गए हैं। दक्षिण आस्ट्रेलिया के लिए 2017 मे पेशेवर पदार्पण के दौरान उनके पैर मे स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह तीन साल तक क्रिकेट से बाहर रहे और फिर अनुबंध भी उनके हाथों से चला गया।

## द. अफ्रीका टी20 लीग 10 जनवरी से, शास्त्री करेंगे कमेंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच और मशहूर कमेंटेटर रवि शास्त्री को 10 जनवरी से शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग (एसए20) के लिए कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। आयोजको की विज्ञप्ति के अनुसार शास्त्री के अलावा इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड, केविन पीटरसन और मार्क बूचर, दक्षिण अफ्रीका के एबी डी विलियर्स, शॉन पोलाक और क्रिस मॉरिस भी कमेंट्री पैनल का हिस्सा हैं। एसए20 लीग के आयुक्त ग्रीम स्मिथ ने कहा, हम एसए20 के दूसरे सत्र के लिए मौजूद कमेंटेटरो और प्रस्तोताओ की क्षमता से रोमांचित है। लीग हमारी कहानी बयां करने के लिए माइक्रोफोन के पीछे विश्वसनीय आवाजों के महत्व को समझती है। एसए20 लीग का आयोजन 10 जनवरी से 10 फरवरी के बीच किया जाएगा तथा भारत मे इसका प्रसारण जिओ सिनेमा और स्पोर्ट्स18 पर होगा। म्पुमेलेलो पॉमी मबांगवा, माइक हेज़मैन, मार्क निकोलस और मोत्शिदिसी मोहोनो भी कमेंट्री पैनल में शामिल है।

## इनस्विंग गेंदों के खिलाफ आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की परेशानी बढाने की रणनीति थी : वस्त्राकर

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मे पहली पारी मे चार विकेट लेने वाली भारतीय तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय महिला टीम की रणनीति सीम लेकर भीतर की ओर आती गेंदों पर आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठाने की थी। वस्त्राकर ने पहले दिन के खेल के बाद कहा , मेरे पास आउटस्विंग है लेकिन मैने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के वीडियो देखे है जिन्हें इनस्विंगर खेलने में दिक्कत आती है। हमने अभ्यास के दौरान इस पर मेहनत की। सीम लेकर भीतर की ओर आती गेंदों ने उन्हें परेशान किया। उन्होने भारत के गेंदबाजी कोच ट्रॉय कूली के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा , उनसे काफी मदद मिली। वह काफी सकारात्मक व्यक्ति हैं और हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित करते ह

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने आयरलैंड को हराया

**वालेंशिया (स्पेन)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने पांच देशों के टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को आयरलैंड को 2 .। से हराया। भारत के लिए दीपिका ने चौथे और संगीता कुमारी ने 22वें मिनट मे गोल किए जबकि आयरलैंड के लिए कप्तान कैथरीन मुल्लान ने 12वें मिनट में गोल दागा। भारत ने आक्रामक शुरूआत करते हुए चौथे ही मिनट में दीपिका के गोल पर बढत बना ली। आयरलैंड ने हालांकि आठ मिनट बाद बराबरी की। दूसरे क्वार्टर मे आयरलैंड को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नही हो सका। वही भारत को मिले पेनल्टी कॉर्नर पर संगीता ने गोल दाग दिया। आखिरी दोनों क्वार्टर में गोल नही हो सका।

## भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में किसी को आने की अनुमति नहीं, गिल ने जड़ा शतक

**भाषा।** सेंचुरियन



**भारतीय टीम ने** 26 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए अभ्यास शुरू कर दिया लेकिन इस सत्र को देखने की अनुमति मीडिया को भी नहीं थी। शुभमन गिल ने टीम में आपस में खेले गए मैच में शतक जड़कर बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास किया। तीसरे नंबर पर उतरे गिल ने तीन दिवसीय मैच के दूसरे दिन शतक बनाया। प्रिटोरिया के टक्स ओवल मैदान पर मीडिया को भी बाहर रखा गया। पहले टेस्ट के मेजबान सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क से यह जगह 45 मिनट की दूरी पर है। अपनी रणनीति को गोपनीय रखने की कवायद में भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम प्रबंधन ने बाहरी लोगों को मैदान के भीतर आने नहीं दिया। दुनिया भर में फुटबॉल टीमें बंद दरवाजे के भीतर अभ्यास करती है जहां मीडिया को सिर्फ वार्म अप देखने की अनुमति होती है। कोच के आने के बाद असल अभ्यास शुरू होते ही उन्हें बाहर जाना पड़ता है। भारतीय क्रिकेट टीम काफी समय से यदा कदा बंद दरवाजे के भीतर अभ्यास की रणनीति अपनाती आई है। गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल ने भी अर्धशतक जमाया। वह दूसरों को मौका देने के लिए रिटायर्ड आउट हो गए।

## एमबाप्पे ने अपने 25वें जन्मदिन पर दागे दो गोल, छोटे भाई का पदार्पण

**पेरिस।** काइलियन एमबाप्पे के लिए उनका 25वां जन्मदिन यादगार बन गया। फ्रांस के इस स्टार फुटबॉलर ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की तरफ से फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में दो गोल करके अपनी टीम को मेट्ज पर 3–। से जीत दिलाई। यही नहीं उनके छोटे भाई 16 वर्षीय एथन एमबाप्पे ने इस मैच से लीग वन में पदार्पण किया। वह बुधवार को खेले गए मैच में इंजरी टाइम में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे, जो काइलियन एमबाप्पे के लिए जन्मदिन पर बोनस जैसा था। काइलियन एमबाप्पे के लीग में अब 18 गोल हो गए हैं और वह गोल करने वाले खिलाड़ियों में शीर्ष पर काबिज हैं। उन्होंने इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर 21 गोल किए हैं।

## डब्ल्यूएफआई की नवनिर्वाचित इकाई ने तदर्थ समिति के सभी फैसलों को रद्द किया

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की नवनिर्वाचित इकाई ने भूपेंद्र सिंह बाजवा के नेतृत्व वाली तदर्थ समिति द्वारा लिए गए सभी फैसलों को गुरुवार को रद्द कर दिया। तदर्थ समिति ने हाल ही में ओलंपिक चयन मानदंडों को बदल दिया था और जयपुर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी की घोषणा की थी। डब्ल्यूएफआई चुनाव जीतने के कुछ घंटों बाद 15 निर्वाचित सदस्यों में से 13 ने यहां शहर के एक होटल में मुलाकात की और आगे की रणनीति पर चर्चा की। नए महासचिव प्रेम चंद लोचब और वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह कादियान बैठक में शामिल नहीं हुए। दोनों अनिता श्योराण के गुट से हैं जो 15 में से दो पद पर ही विजई रहा। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, तदर्थ पैनल ने घोषणा की थी कि सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप जनवरी में जयपुर में आयोजित की जाएगी लेकिन इस फैसले को रद्द कर दिया गया है। वास्तव में तदर्थ समिति द्वारा लिए गए सभी फैसले रद्द कर दिए गए हैं। सूत्र ने कहा, तदर्थ समिति ने जिस ओलंपिक चयन ट्रायल मापदंड की घोषणा की थी वह खरा नहीं उतरता। हम 28 से 30 दिसंबर तक गोंडा में अंडर–15 और जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे। नवनिर्वाचित महासंघ की पहली आम सभा (जीबीएम) 11 या 12 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में होगी। बाजवा के नेतृत्व वाली तदर्थ समिति ने हाल ही में घोषणा की थी कि पहलवानों द्वारा जीता गया ओलंपिक कोटा उस विशेष पहलवान का नहीं बल्कि देश का होगा और कोटा जीतने वाले पहलवान को भी 2024 पेरिस खेलों की भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए चयन ट्रायल से गुजरना होगा।

## इंटर मियामी की तरफ से कम से कम छह मैचों में नहीं खेल पाएंगे मेसी

**न्यूयॉर्क।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ व्यस्त होने के कारण मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी की तरफ से कम से कम छह मैचों में नहीं खेल पाएंगे। मेसी का यह इंटर मियामी में पहला पूर्ण सत्र होगा। मियामी अमेरिका की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता मेजर लीग सॉकर में अपने अभियान की शुरूआत 21 फरवरी को रियल साल्ट लेक के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर करेगा। मेजर लीग सॉकर ने बुधवार को अगले सत्र के लिए कार्यक्रम घोषित किया। इसके अनुसार प्रत्एक टीम 34 मैच खेलेगी। विश्व की अधिकतर फुटबॉल लीग फीफा के कार्यक्रम के दौरान अपने मैचों का आयोजन नहीं करती हैं लेकिन मेजर लीग सॉकर ने अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान भी लीग को जारी रखने का फैसला किया है।

# उत्तराखंड सेमीफाइनल में

## ● शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट टूर्नामेंट

## ● दिल्ली चैलेंजर्स को दी शिकस्त




**कुशीनगर।** गिरीश रतूड़ी 51 रन दो विकेट के आलराउंड प्रदर्शन और भानू पीं सिंह–76 के अर्धशतक से क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड ने 17वीं ऑल इंडिया शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे क्वार्टर फ इनल में दिल्ली चैलेंजर्स को 14 रन से हराया। राजमालती स्टेडियम फाजिलनगर में खेले गए मुकाबले में क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 28.1 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 256 रन का स्कोर बनाया। टीम के सलामी बल्लेबाज विशाल कश्यप खाता पहली ही गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। वहीं उनके जोड़ीदार नीरज सिंह राठौर ने 24 रन बनाए। इसके बाद भानु पीसिंह ने 76 रन और गिरीश रतूड़ी ने 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेल टीम को मजबूती दी। विकास दीक्षित और विजन पांचाल ने तीन तीन विकेट हासिल किए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए पिछले संस्करण की विजेता दिल्ली चैलेंजर्स की टीम 29०4 ओवर में 242 रन पर आल आउट हो गयी। शिवम शर्मा ने 50 रन, तरुण ने 53 रन बनाए। वहीं मैन ऑफ द मैच क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड के गिरीश रतूड़ी को 5 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में 22 दिसंबर को क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड व स्पोर्ट्स मंत्रा के बीच दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा।

## 1500 किमी साइकिल चलाएंगे सैन्य युगल

**लखनऊ।** फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने हेतु साइकिलिंग अपनाने का संदेश देने के लिए सैनिक ट्रिब्यूनल के जज लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी रिटायर्ड और कर्नल डा.सोनिया पुरी रिटायर्ड भुवनेश्वर से पांडिचेरी तक का 1500 किमी तक की दूरी साइकिल से तय करेंगे जिसकी शुरुआत 23 दिसंबर 2023 से शुरू होगी। इन साइकिलिस्टों की रवानगी से पूर्व एक विदाई समारोह का आयोजन पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन पीसीए के तत्वावधान में गुरुवार को 1090 चौराह गोमतीनगर पर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू आईएएस ने लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी रिटायर्ड और कर्नल डा सोनिया पुरी ;रिटायर्डद्ध को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप दोनों इस यात्रा से पूरे देश को फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश देने में कामयाब होंगे ऐसी मेरी कामना है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन के महासचिव डॉआनन्द किशोर पाण्डेय ने साइकिल चलाने से होने वाले फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि नियमित दिनचर्या में साइकिलिंग को जगह देने से गंभीर बीमारियों के खिलाफ आपकी प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होगी और आपकी फिटनेस भी बेहतर होगी।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।